kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-48 | मंगलवार, 18 मार्च 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



सरकार रेलवे में चौतरफा सुधार में पूरी ताकत और संकल्प से लगी हुई है और आने वाले समय में इसे विश्वस्तर का नेटवर्क बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी।

अश्विनी वैष्णव

भारत का कृषि अनुसंधान श्रेष्ठः शिवराज सिंह 11

समीक्षा बैठक में अनुपस्थिति पर डीएम ने रोका वेतन 12

## संक्षेप

### हंदवाड़ा मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा उप जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच आज सुबह क्रुम्हूरा जचलदारा वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद संयुक्त बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान दोनों पक्षों की गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया। उन्होंने बताया कि हथियार और गोला-बारूद के साथ एक आतंकवादी का शव बरामद कर लिया गया है तथा अभियान समाप्त हो गया है।

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने गौतम अडानी, राजेश अडानी को एसएफआईओ मामले में किया बरी

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने सोमवार को अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के चेयरमैन गौतम अडानी और प्रबंध निदेशक राजेश अडानी को गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा दायर एक मामले में बरी कर दिया, जिसमें कथित तौर पर 388 करोड़ रुपये के बाजार विनिमय का उल्लंघन किया गया था। अदालत ने कहा कि ''धोखाधड़ी या आपराधिक साजिश का कोई मामला नहीं बनता है। गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) ने अडानी पर शेयर हेरफ़ेर और वित्तीय कदाचार का आरोप लगाया था। यह मामला ट्रायम्फ सिक्योरिटी लिमिटेड की सरकारी जांच के हिस्से के रूप में शुरू हुआ, जिस पर बाजार हेरफ़ेर का आरोप है। न्यायमूर्ति राजेश एन लड्ढा की एकल पीठ ने सत्र न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया और अलग रखा, जिसमें अडानी और एईएल को मामले से बरी करने से इनकार कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने सत्र न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली अडानी और एईएल की अपील पर आज फैसला सुनाया। वर्ष 2019 में उच्च न्यायालय ने सत्र न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी, मामला लंबित रहने तक रोक जारी रही।

### सीएजी की नियुक्ति विवाद पर केंद्र सरकार को नोटिस

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की नियुक्ति केवल कार्यपालिका और प्रधानमंत्री द्वारा करने की मौजूदा प्रथा को संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करने का दावा करने वाली जनहित याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार को जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने गैर सरकारी संगठन सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। साथ ही पीठ ने इसे इसी मुद्दे पर लंबित अन्य मामले के साथ जोड़ने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने यह आदेश पारित किया।

# हिन्द प्रशांत क्षेत्र में अब न्यूज़ीलैंड भी बनेगा भारत का सशक्त साझीदार

## भारत, न्यूज़ीलैंड ने रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत एवं न्यूज़ीलैंड ने रक्षा साझीदारी को सशक्त बनाने के एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर करने के साथ ही न्यूज़ीलैंड के हिन्द प्रशांत महासागरीय पहल में शामिल होने, दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने तथा पेशेवरों एवं कुशल कामगारों के लिए आसान आवाजाही की व्यवस्था बनाने का आज ऐलान किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच यहां हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये फैसले लिये गये। श्री लक्सन भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर रविवार को यहां पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच लंबी बैठक के बाद दोनों देशों ने चार घोषणाएं की और संयुक्त वक्तव्य पर सहमति प्रदान करने के साथ छह दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर करके आदान प्रदान किया। दोनों देशों ने भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) तथा भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच पेशेवरों और कुशल श्रमिकों की गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने वाली व्यवस्था पर बातचीत की शुरूआत के साथ न्यूज़ीलैंड के हिंद प्रशांत महासागरीय पहल (आईपीओआई) तथा में शामिल होने तथा आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) का सदस्य बनने की चार उद्घोषणाएं कीं। भारत एवं न्यूज़ीलैंड के बीच छह दस्तावेज़ों पर



हस्ताक्षर करके आदान प्रदान किया गया जिनमें भारत के रक्षा मंत्रालय और न्यूजीलैंड के रक्षा मंत्रालय के बीच रक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन, भारत के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) और न्यूजीलैंड सीमा शुल्क सेवा के बीच अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर - पारस्परिक मान्यता समझौता (एईओ-एमआरए), भारत के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय और न्यूजीलैंड के प्राथमिक उद्योग मंत्रालय के बीच बागवानी पर सहयोग ज्ञापन, भारत के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवं न्यूजीलैंड के प्राथमिक उद्योग मंत्रालय के बीच वानिकी पर आशय पत्र, भारत गणराज्य के शिक्षा मंत्रालय और न्यूजीलैंड के शिक्षा मंत्रालय के बीच शिक्षा सहयोग समझौता और भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय और न्यूजीलैंड सरकार के खेल न्यूजीलैंड के बीच खेल में सहयोग ज्ञापन शामिल हैं। श्री मोदी ने प्रेस के समक्ष अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री लक्सन और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए कहा, ल्लप्रधानमंत्री श्री लक्सन भारत से लंबे समय से जुड़े हुए हैं। कुछ दिन पहले, ऑकलैंड में, होली के रंगों में रंगकर उन्होंने जिस तरह उत्सव का माहौल बनाया, वह हम सबने देखा! प्रधानमंत्री श्री लक्सन के न्यूज़ीलैंड में बसने वाले भारतीय मूल के लोगों के प्रति लगाव को इस बात से भी देखा जा सकता है, कि उनके साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। उन जैसे युवा, ऊर्जावान और प्रतिभाशाली लीडर का इस वर्ष रायसीना संवाद का मुख्य अतिथि होना हमारे लिए ख़ुशी की बात है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। हमने अपनी रक्षा और सुरक्षा साझीदारी को मजबूत और संस्थागत रूप देने का निर्णय लिया है। संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण, बंदरगाह यात्राओं के साथ साथ रक्षा उद्योग जगत में भी आपसी सहयोग के लिए रोडमैप बनाया जायेगा। हिन्द महासागर में मेरीटाइम सुरक्षा के लिए, संयुक्त कार्यबल-150 में हमारी नौसेनाएं मिल कर काम कर रही हैं। और, हमें प्रसन्नता है कि न्यूजीलैंड की नौसेना का जहाज दो दिन में मुंबई में पोर्ट कॉल कर रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच एक परस्पर लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इससे आपसी व्यापार और निवेश की क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग और निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा और बहुमूल्य खनिज क्षेत्रों में ● शेष पेज 11 पर

# प्रोफ़ेसर पर छात्राओं के यौन-शोषण का आरोप

एजेंसी

हाथरस। यूपी के हाथरस में बागला डिग्री कॉलेज के प्रोफ़ेसर पर 30 से ज्यादा छात्राओं के यौन शोषण का आरोप है। उसके मोबाइल से 65 अश्लील वीडियो मिले हैं। ज्यादातर वीडियो कॉलेज की छात्राओं के हैं।

प्रोफ़ेसर ने छात्राओं के कई वीडियो पोर्न साइट पर भी अपलोड किए हैं। एक छात्रा के महिला आयोग को लिखे गए लेटर से मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी प्रोफ़ेसर फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें बनाई गई हैं। डीएम ने जांच के लिए 4 सदस्यीय कमेटी बनाई। कॉलेज मैनेजमेंट ने उसे सस्पेंड कर दिया है। आरोपी प्रोफ़ेसर डॉ. रजनीश 54 साल का है। वह भूगोल पढ़ाता है।

दरअसल, 6 मार्च को एक छात्रा ने महिला आयोग को लेटर लिखा, साथ ही फोटो-वीडियो भी भेजे। शिकायत सामने आने के बाद पुलिस ने इंटरनल जांच शुरू की थी। छात्रा के पत्र का महिला आयोग ने संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए। इसके बाद हाथरस गेट कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की और प्रोफ़ेसर को पूछताछ के लिए बुलाया। उसके मोबाइल को कब्जे में ले लिया, लेकिन उसने पहले ही वीडियो-फोटो डिलीट कर दिए थे। पुलिस ने मोबाइल का डेटा रिकवर कराया, तो 65 अश्लील वीडियो मिले। इसके बाद 13 मार्च को दरोगा सुनील कुमार ने थाने में खुद शिकायत दर्ज कराई। लेकिन जब तक पुलिस आरोपी को पकड़ती, वह फरार हो गया। 18 महीने में 5 शिकायतें, कार्रवाई

**शर्मनाक**

- 65 अश्लील वीडियो मिले, इन्हें पोर्न साइट पर अपलोड किया
- छात्रा की शिकायत से खुलासा



आरोपी प्रोफेसर डॉ. रजनीश

कोई नहीं पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ छात्राओं ने कॉलेज मैनेजमेंट से 18 महीने में 5 बार शिकायतें कीं, लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया। कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी के सचिव प्रदीप बागला ने बताया कि मामले की शिकायत मिलते ही प्रोफ़ेसर महावीर सिंह के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए थे। रिपोर्ट के आधार पर प्रोफ़ेसर को सस्पेंड कर दिया गया है।

डीएम ने कहा कि जांच के बाद कार्रवाई होगी डीएम राहुल पांडेय ने एसडीएम सदर की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच टीम बनाई है। इसमें सीओ सिटी, तहसीलदार सादाबाद और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भी शामिल हैं। डीएम ने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं, एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि हाथरस गेट कोतवाली में 4 दिन पहले मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी प्रोफ़ेसर फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें लगाई गई हैं। कॉलेज के स्टाफ और छात्राओं से पूछताछ की जा रही है।

# अपराधी बड़ी वारदात के बाद धार्मिक कार्यक्रमों का इस्तेमाल शरण लेने में कर रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। दूसरे प्रदेशों में बड़ी वारदात कर यूपी आने वाले बदमाश यहां हो रहे धार्मिक कार्यक्रमों का इस्तेमाल शरण लेने में कर रहे है। ऐसा ही यूपी में अपराध करने वाले बदमाश दूसरे प्रदेशों में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर खुद को बचा रहे हैं। एसटीएफ ने कुछ ऐसी ही रिपोर्ट डीजीपी को दी है। इस रिपोर्ट पर ही डीजीपी ने यूपी के सभी कप्तानों, पुलिस कमिश्नरों व अन्य अफसरों को निर्देश दिए है कि ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होने वाले लोगों का पूरा ब्योरा रखा जाए। इससे जरूरत पड़ने पर शिरकत करने वाले लोगों का ब्योरा निकाला जा सके।

डीजीपी प्रशांत कुमार के मुताबिक, एसटीएफ ने पहले के मामलों में गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की तो यह तथ्य सामने आए। इसके बाद ही धार्मिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा और सतर्कता बढ़ाना जरूरी है। शामली में एसटीएफ व स्थानीय पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ में इंस्पेक्टर सुनील कुमार शहीद हो गए थे। इस घटना की पड़ताल के दौरान पता चला था कि फायरिंग में शामिल बदमाशों ने वहां चल रहे एक धार्मिक आयोजन में ही शरण ली थी। डीजीपी ने प्रदेश के सभी कमिश्नर व अन्य जिलों को निर्देश दिए हैं कि धार्मिक आयोजनों में शामिल होने वाले बाहरी व संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जाए। एलआईयू व सोशल मीडिया सेल को सर्तक कर दिया जाए। उन्होंने बाहरी ● शेष पेज 11 पर

- एसटीएफ ने गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के बाद किया दावा ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होने वाले लोगों का दर्ज होगा ब्योरा, आयोजक की होगी जिम्मेदारी
- एसटीएफ की रिपोर्ट पर डीजीपी ने गाइडलाइन जारी की



# यूपी के कई जिलों में हुई बारिश, गिरे ओले, किसान चिंतित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में दक्षिणी-पूर्वी और तराई इलाकों में रविवार की देर रात से सोमवार की सुबह के बीच रुक-रुककर बारिश होती रही। गोरखपुर और बस्ती समेत अवध क्षेत्र के कई जिलों में बारिश के साथ ओले भी बरसे।

सोमवार सुबह से प्रदेश भर में 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही पछुआ हवाओं के असर से तपिश भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम सुहाना हो गया है। रविवार रात से सोमवार सुबह के बीच हुई बूंदाबांदी और कई जिलों में ओले गिरने से किसानों की चिंता बढ़ गई। खेतों में सरसों, मटर और गेहूं की फसल को ओले गिरने से नुकसान की आशंका है। वहीं, तेज पछुआ चलने से गेहूं आदि की फसल प्रभावित हो सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि रविवार को प्रदेश के विभिन्न इलाकों में हुई बूंदाबांदी और बादलों की मौजूदगी से अगले दो दिन तक पारे में गिरावट आने के आसार हैं। वहीं 17 से 20 मार्च तक मौसम शुष्क रहने ● शेष पेज 11 पर

# जेल से बंदी के मोबाइल पर बात करने में गाजीपुर जेलर, डिप्टी जेलर निलम्बित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। गाजीपुर जेल से बंदी विनोद गुप्ता द्वारा मोबाइल पर कॉल कर गवाह को धमकाने के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। डीजी जेल पीवी रामाशास्त्री ने डीआईजी जेल की जांच रिपोर्ट में दोषी मिलने पर जेलर राकेश कुमार वर्मा और डिप्टी जेल सुखवती देवी को निलम्बित कर दिया गया है। जेल अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन से संस्तुति की गई है। बंदी विनोद ने गवाह को धमकाने के साथ ही पैरवी न करने के लिए रुपये देने की बात भी कही थी।

चार मार्च को बंदी विनोद ने गवाह को फोन किया था। गवाह की शिकायत के बाद ही इस मामले ने तूल पकड़ लिया था। गवाह ने बताया था कि कोचिंग संचालक विनोद गुप्ता ने कई युवकों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये वसूले है। इस मामले में ही एफआईआर दर्ज होने पर उसे गिरफ्तार किया गया था। वह जेल के अंदर से ही शिकायतकर्ताओं को धमका रहा है। इस मामले में शासन के हस्तक्षेप पर डीजी जेल पीवी रामाशास्त्री ने डीआईजी जेल को जांच सौंपी थी।

डीआईजी जेल ने मोबाइल की कॉल डिटेल, बंदी रक्षकों के बयान के आधार पर अपनी जांच रिपोर्ट तैयार की थी। जांच रिपोर्ट में जेलर, डिप्टी जेलर और जेल अधीक्षक को दोषी बताया गया था। इसके अलावा भी कुछ लोगों की भूमिका को संदिग्ध माना गया था। डीआईजी की रिपोर्ट के आधार पर ही डीजी ने जेलर व डिप्टी जेलर को निलम्बित कर दिया। जेल अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को लिख दिया गया है। माना जा रहा है कि इस पर भी जल्दी ही निर्णय ले लिया जाएगा।

शिकायत के दौरान ही आरोप लगा था कि गाजीपुर जेल के अंदर से बंदियों को उनके घर वालों व अन्य से मोबाइल पर बात कराई जाती है। इसके लिए बंदियों से वसूली की जाती है। हालांकि जांच में इस बिन्दु पर क्या रिपोर्ट दी गई है, इस बारे में कोई अधिकारी नहीं बोल रहा है।

**सख्ती**

- जेल अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह पर कार्रवाई की संस्तुति डीआईजी की जांच रिपोर्ट पर डीजी जेल ने की कार्रवाई
- चार मार्च को बंदी विनोद ने जेल के अंदर से कॉल की थी, गवाह को धमकाया था




# पार्टी हित में नाते-रिश्तों को आड़ें नहीं आने दूंगी: मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विरोधी दलों पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को कमजोर करने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुये पार्टी सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को कहा कि उनके जीते जी पार्टी हित में नाते रिश्ते आड़े नहीं आयेंगे।

सुश्री मायावती ने कहा मैं अपने जीते-जी अपने व्यक्तिगत तथा भाई-बहिन व रिश्ते-नातों आदि के स्वार्थ में कभी भी पार्टी को कमजोर नहीं पड़ने दूँगी। वैसे भी मेरे भाई-बहिन व अन्य रिश्ते-नाते आदि मेरे लिए केवल बहुजन समाज का ही एक अंग है उसके सिवाय कुछ भी नहीं है। इसके इलावा, पार्टी व मूवमेन्ट के हित में बहुजन समाज के जो भी लोग अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करते हैं तो उन्हें पार्टी में जरूर आगे बढ़ने का मौका दिया जायेगा और इस मामले में मेरे रिश्ते-नाते आड़े नहीं आयेंगे। उन्होने कहा मैं यह भी बताना चाहूँगी कि पिछले कुछ वर्षों से



सत्ता व विपक्ष में बैठी सभी जातिवादी, साम्प्रदायिक व पूँजीवादी पार्टियाँ बसपा के विरुद्ध अन्दर-अन्दर आपस में मिलकर इसे कमजोर करने की पूरी-पूरी कोशिश में लगी हैं, क्योंकि यहाँ जातिवादी पार्टियों को 2007 में यूपी में बसपा का अकेले ही पूर्ण बहुमत के आधार पर सत्ता में आना अभी तक भी उनके गले के नीचे से कतई भी नहीं उतर पा रहा है और तभी से सभी जातिवादी व खासकर दलित-विरोधी पार्टियाँ किस्म-किस्म के हथकण्डे इस्तेमाल करके बसपा को कमजोर व खत्म करने में लगी हैं। बसपा ● शेष पेज 11 पर

## सीएम योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कार्यक्रम में हुए शामिल

# यूपी का सर्वांगीण विकास सरकार का लक्ष्य

एजेंसी

सहारनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य के एजेंडे के साथ काम कर रही है।

योगी ने प्रयागराज महाकुम्भ को अपनी सरकार की अभूतपूर्व उपलब्धि बताते हुए कहा कि करोडों लोगों ने संगम में आस्था की डुबकी लगायी, साथ ही कारोबार दृष्टि से भी यह आयोजन दुनिया भर के आकर्षण के केंद्र बना। इस आयोजन ने राजस्व में न सिर्फ उल्लेखनीय इजाफा हुआ बल्कि चाय बेचने वाले, दातुन बेचने वाले और फोटोग्राफी जैसे छोटे-छोटे काम धंधों वालों ने लाखों करोड़ों रुपयों की आय अर्जित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार एक जिला एक उत्पाद को प्रोत्साहित कर रही है जबकि पिछली सरकार में एक जिला एक माफिया को बढावा मिलता था। सूबे का मुखिया 12 बजे सोकर उठता था और तैयार होने में भी वक्त लगाता था फिर संगी साथियों से मिलता था उसके पास शासन



करने का वक्त ही नहीं था।

योगी आदित्यनाथ सुबह 11 बजे माँ शाकुम्बरी यूनिवर्सिटी गये जहां उन्होंने नवीन भवन का निरीक्षण किया और शिक्षा व्यवस्था का हाल जाना। उन्होने कहा कि सहारनपुर आने वाले समय में हकीकत में स्मार्ट सिटी में रूपान्तरित हो जायेगा। सहारनपुर नगर की अर्न्तजनपदीय बस अड्डे की समस्या भी दूर करा दी है। नगर में जल भराव की समस्या भी दूर करा दी जायेगी। उन्होंने राजकीय मेडिकल कालेज में ट्रामा सेन्टर बनाने का भरोसा भी दिया और कहा कि वह अधिकारियों के साथ होने वाली बैठक में उनकी योजनाओं पर विचार करेंगे जो सहारनपुर जिले के हित में होगी।

योगी ने जनमंच में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एवं अन्य ऋण योजनायें के तहत युवा उद्यमियों को ऋण प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 जनवरी से यह योजना युवाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए शुरू की है। इसमें उनको पांच लाख रुपये तक का ऋण बिना बयाज और बिना गारन्टी के दिया जायेगा, हर साल एक लाख युवाओं को ऋण दिया जायेगा। इस सम्बन्ध में वह मेरठ,गोरखपुर, झांसी, आगरा में चेक वितरित कर चुके है। आज सहारनपुर में और इसके बाद दूसरे जिलों को रूख करेंगे। वह इस योजना की सफलता पर कर्ज की राशि बढ़ा कर दस लाख रुपये करने पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में साठ हजार से ऊपर पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती की गयी है उसमें बारह हजार से ज्यादा महिलायें हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही सरसावा हवाई अड्डे से हवाई यात्रायें शुरू हो जायेगी। सरकार नयें जहाज खरीद रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली, देहरादून की दूरी हाईवे बनाकर कम कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि सहारनपुर का काष्ठ कला उद्योग को उनकी सरकार बढावा दे रही है। यहां से बड़े स्तर पर लकड़ी की नक्काशी, कलाकृतियों का निर्यात किया जा रहा है। इसी तरह से सहारनपुर में बड़े पैमाने पर कई प्रजातियों का उम्दा आम निर्यात होता है इससे किसानों को पांच-छह सौ रुपये की दर से आय प्राप्त होती है इसको बढावा दिया जायेगा। इस अवसर पर कमिश्नर अटल कुमार राय ने और जिलाधिकारी मनीष बंसल ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र ओढ़ाकर किया। प्रदेश के एमएसएमई विभाग के मंत्री राकेश सचान और इसी विभाग के राज्यमंत्री जसवन्त सैनी ने विभाग की कारगुजारियों का उल्लेख किया और कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। भर्तियों /नियुक्तियों में ईमानदारी व पारदर्शिता बरती जा रही है। सीएम ने कहा कि अच्छा कार्य करने के लिए अच्छी नियत, सकारात्मक पहल और टीमवर्क चाहिए। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में कोई उद्योग लगाना नहीं ● शेष पेज 11 पर

# अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य जून तक पूरा होने के आसार

एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर बन रहे दिव्य और भव्य राम मंदिर निर्माण का निर्माण कार्य जून 2025 तक पूर्ण हो जाने की संभावना है।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने सोमवार को बताया कि श्रीरामजन्मभूमि पर बन रहे दिव्य और भव्य राम मंदिर निर्माण का कार्य 96 प्रतिशत पूरा हो चुका है, साथ ही परकोटा का कार्य 70 प्रतिशत किया गया है। अब आगे यह कार्य सितम्बर 2025 तक पूरा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राम मंदिर परिसर में शबरी, निषादराज और अन्य ऋषियों के मंदिर का कार्य मई तक पूरा कर लिया जायेगा। परिसर में भगवान शेषावतार मंदिर का कार्य भी चल रहा है, जो अगस्त तक पूरा होने की उम्मीद है। राम मंदिर परिसर स्थित यात्री सुविधा केन्द्र में तुलसीदास की प्रतिमा को स्थापित किया गया है। आगामी रामनवमी पर मानस जयंती के दिन मूर्ति का अनावरण किया जायेगा।

श्री राय ने बताया कि रामजन्मभूमि परिसर में रामनवमी पर्व अर्थात रामजन्मोत्सव पर नौ दिवसीय श्रीरामकथा का आयोजन श्रीरामजन्मभूमि परिसर में किया गया है, जिसमें आठ दिवसीय अनुष्ठान भी सम्पन्न किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि नवमी तिथि रामलला के गर्भगृह में फूल बंगले की भव्य झांकी भी सजेगी, जहां भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर बधाई गायन सहित विभिन्न कार्यक्रम भी सम्पन्न किये जायेंगे। ट्रस्ट के महासचिव ने बताया कि रामनवमी उत्सव के दौरान परिसर स्थित अंगद टीले पर 29 मार्च से छह अप्रैल तक श्रीरामकथा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें अतुलकृष्ण भारद्वाज कथाव्यास होंगे। श्रीरामजन्मभूमि परिसर में वाल्मीकि रामायण, रामचरित मानस और अध्यात्म रामायण का परायण होगा। इसके साथ-साथ दुर्गा सप्तशती अनुष्ठान भी सम्पन्न किया जायेगा, जिसमें एक लाख से अधिक आहुतियां डाली जायेंगी। इसके लिए दक्षिण के वैदिक आचार्य इस पूरे अनुष्ठान को सम्पन्न कराने के लिये अयोध्या पहुंचेगे। उन्होंने बताया कि नवमी तिथि पर श्रीराम जन्मोत्सव का लाइव टेलीकास्ट भी दूरदर्शन के माध्यम से किया जायेगा। अयोध्या के लगभग पचास से अधिक स्थानों पर एलईडी के माध्यम से श्रीरामजन्मोत्सव का प्रसारण कराया जायेगा।

### अयोध्या में श्रीरामजन्मोत्सव की तैयारी चरम पर

अयोध्या। अयोध्या में भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला का जन्मोत्सव मनाने की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने सोमवार को यहां बताया कि श्रीरामजन्मोत्सव मनाने के लिये श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। चैत्र शुक्ल नवमी संवत 2081 यानी छह अप्रैल को रामलला का अभिषेक प्रातः साढ़े नौ बजे शुरु होकर साढ़े दस बजे तक चलेगा। प्रातः 1030 बजे से दस मिनट तक रामलला पर पर्दा रहेगा जबकि 1040 से 1145 बजे तक रामलला का श्रृंगार होगा जिसमें पर्दा खुला रहेगा। प्रातः 1145 बजे रामलला का भोग लगेगा। ट्रस्ट के महामंत्री ने बताया कि रामलला का जन्मोत्सव अपरान्ह 12 बजे मनाया जायेगा। आरती व सूर्यतिलक भुवन भास्कर सूर्य की किरणें रामलला के ललाट को प्रकाशित करेंगी, अर्थात सूर्यनारायण अपने कुल में जन्म ले रहे रामलला को तिलक लगायेंगे। जन्मोत्सव कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जायेगा।

# अंत्योदय कार्ड धारक से कोटेदार दो महीने से लगवा रहा अंगूठा, नहीं दिया राशन

- मामला कोरांव के मैलहा गांव का
- कार्ड धारक ने सीएम हेल्पलाइन, जन सुनवाई पर दर्ज कराई शिकायत जांच कार्रवाही की माँग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जमुनापार, प्रयागराज। कोरांव तहसील क्षेत्र के ग्राम मैलहा के कोटेदार कुसुम कली पत्नी पवन पाल के विरुद्ध अंत्योदय कार्ड धारक कोनिया देवी पत्नी मुन्नी लाल केशरी निवासी मैहला द्वारा मुख्यमंत्री सीएम हेल्फलाईन पर आरोप लगाते हुये शिकायत दर्ज कराई है की कोटेदार द्वारा 02 माह का फिंगर लगवाकर राशन नही दिया गया मांगने पर टाल मटोल बहाना करके वापस लौटा देते है इसी प्रकार पात्र गृहस्थी कार्ड धारक रुबीना बीबी पत्नी ईशा मोहम्मद निवासी मैहला ने भी आरोप लगाते हुये जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है की पात्र गृहस्थी कार्ड धारक हु फिंगर लगवाकर राशन नही दिया जा रहा वही दूसरी तरफ गांव के कई कार्ड धारको का आरोप है की कोटेदार के पति द्वारा फिंगर लगवाकर अब दुकान पर जाने पर नही मिलता कोटेदार पत्नी राशन देने सें टाल मटोल करती है अंत्योदय व पात्र गृहस्थी कार्ड धारक कोटेदार की मनमानी सें आजीज आ चुके है शिकायत करने पर भी जिम्मेदार अधिकारी जांच कार्रवाही नही करते जिससे कोटेदार का और मनोबल मनमानी करने पर बढ़ा हुआ है जिसका खामियाजा गरीब तपके के लोगो कों भुगतना पड़ रहा है फिलहाल कार्ड धारको ने उच्चाधिकारियो का ध्यान आकृस्ट कराते हुये जांच कार्रवाही की माँग की है।

शिकायत मिलने पर त्वरित संज्ञान लेकर जांच कार्रवाही होगी।

आकांक्षा सिंह
उपजिलाधिकारी कोरांव प्रयागराज

अभी तक मेरे जानकारी में इस तरह की शिकायत नही मिली है यदि कोटेदार द्वारा इस तरह सें कार्ड धारको के साथ किया जा रहा तो सही नही है मै संज्ञान लेकर जांच कार्रवाही करुँगा

सुनील कुमार सिंह
आपूर्ति निरीक्षक कोरांव प्रयागराज

### शराब के नशे में चाचा और भतीजे में हुई मारपीट, भतीजा रेफर



**कोरांव**, कैनविज टाइम्स संवाददाता।। कोरांव थाना क्षेत्र के बड़ोखर चौकी अंतर्गत भरथीपुर गांव में रविवार को देर रात्रि 11 बजे के आसपास शराब के नशे में चाचा और भतीजे में मारपीट हो गई। मार पीट के दौरान दोनों लहूलुहान हो गए। जानकारी के मुताबिक चाचा राम बहादुर देर रात 11 बजे के आसपास शराब के नशे में अपने भतीजे शारदा प्रसाद के घर पहुंचा तो उसका दरवाजा पीटने लगे। जब वह दरवाजा खोला तो चाचा राम बहादुर हाथ में डंडा लिए थे और कई बार उसके सिर पर वार कर दिए जिससे वह घायल हो गया। उधर भतीजे शारदा प्रसाद ने भी चाचा को मार दिया जिससे दोनों घायल हो गए हैं। रात में पास के ही किसी निजी अस्पताल में उपचार कराने के बाद दोनों अपने-अपने घर हो गए। सोमवार को दोपहर बाद 2 बजे के करीब घायल भतीजे शारदा प्रसाद की हालत नाजुक हो गई। जहां से परिजन लेकर सीएचसी कोरांव आए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मामले को लेकर चाचा और भतीजे दोनों ने पुलिस को तहरीर दी है।

### मारपीट में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल, एक की तलाश जारी

**कोरांव, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोरांव थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव में स्थित पेट्रोल पंप के पास होली पर्व के दूसरे दिन शनिवार को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। उसे बनारस के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने सोमवार को मारपीट में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल भेजे गए लोगों में जितेंद्र यादव, राहुल वर्मा व राहुल गौड़ शामिल हैं। होली पर्व के दूसरे दिन कोरांव बाजार व पड़रिया गांव के युवकों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई थी। जिसमें कई लोग घायल हुए थे। घायलों में अजय शाह पुत्र शिवदास गुप्ता की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस मामले में वांछित एक आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तलाश कर रही है। थाना प्रभारी नितेंद्र कुमार शुक्ल ने बताया कि शीघ्र ही शेष आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जहाँ है एक दिन सबको जाना उसे गए सब भूल



**जमुनापार प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड कोरांव के सबसे बड़ी ग्राम पंचायत बड़ोखर विष्णु तालाब शंकर जी के मंदिर के पूरब दिशा मे कुछ वर्ष पहले बना लाखो रूपये की लागत सें श्मशान घाट अपने भाग्य पर आसु बहा रहा है यहाँ पर देखने के लिए हैण्डपम्प लगा है लेकीन पानी नही निकलता इसी प्रकार शौचालय क्रियाशील नही है दरवाजा गायब है, बाउंड्रीवाल पूरब दिशा की तरफ का जमीन पर गिरा पडा है बाकी सब जर्जर हालत मे है रगाई पोताई तो बनने के बाद हुआ ही नही चारो तरफ गंदगी का अम्बार लगा है जिससे अब यहाँ श्मशान स्थल पर कोई जाना नही चाहता स्थानीय लोगो ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृस्ट कराते समुचित ब्यवस्था कराये जाने की माँग की है।

### नकारात्मक राजनीति से भाजपा समाज में पैदा कर रही है संकटः अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की नकारात्मक राजनीति समाज में संकट और दूरियाँ पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपाइयों ने ऐंग्लों-इंडियन्स का आरक्षण समाप्त किया। किसानों को परेशान करने के लिए काले क़ानून लाए, नोटबंदी से हर नागरिक को परेशान किया। जीएसटी से छोटे दुकानदारों, व्यापारियों और कारोबारियों को परेशान किया, धर्म-जात की विभेदकारी नफ़रत की राजनीति की ?और अब वक़्फ़ की सियासत कर रहे है। श्री यादव ने कहा कि दरअसल भाजपा को ये डर है कि उनका जो भी 5-10 प्रतिशत कट्टर समर्थक है उसे कैसे ख़ुश करके बचाया-बनाया जा सके नहीं तो भाजपा के लिए 1-2 सीट के भी लाले पड़ जाएंगे। भाजपा का सफाया होना तय हैं। उन्होने कहा कि भाजपा नफरत, बांटने और झूठ की राजनीति करती है। भाजपा किसान, नौजवान, पीडीए विरोधी है। जनता को धोखा दे रही है। लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। संविधान और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रही है। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए को एकजुट कर भाजपा की नकारात्मक राजनीति को परास्त करेगी। पीडीए 90 प्रतिशत जनता की एकता का नाम है। पीडीए संविधान और आरक्षण की ढाल है। भाजपा पीडीए के खिलाफ लगातार षड्यंत्र कर रही है।

# मेजा बालिका पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्राओं को विधायक ने बांटे टैबलेट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। मेजा बालिका पॉलिटेक्निक कॉलेज में कोरांव विधायक राजमणि कोल के द्वारा फाइनल ईयर की सभी छात्राओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु टेबलेट वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा को सुगम तरीके से प्राप्त कराने के लिए टेबलेट का वितरण करा रही है। जिसके क्रम में मेजा बालिका पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया। टेबलेट वितरण कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य शैलेंद्र विक्रम सिंह ने विधायक राजमणि कोल ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला मोर्चा की जिला महामंत्री संतरा देवी बिंद, मंडल अध्यक्ष बबुआन द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि रामाश्रय शुक्ला, कॉलेज की एचओडी विनोद कुमार तिवारी, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं में कविता कमल, बबीता, अनामिका, श्रद्धा, डीके सिंह, पीयूष, योग्य पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची में पिछड़े हुए उपेक्षित : सोमदत्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। हाल में ही उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में भाजपा द्वारा जारी की गई जिलाध्यक्षों की सूची को लेकर समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष कोरांव व जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल ने भाजपा पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जारी की गई सूची में अगड़ों को जहां तरजीह दी गई है वहीं पिछड़े और दलितों की उपेक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा उत्तर प्रदेश के 70 जनपदों में जारी की गई जिलाध्यक्षों की सूची में 39 जिलाध्यक्ष अकेले सामान्य वर्ग से हैं तो 25 अन्य पिछड़ा वर्ग 6 अनुसूचित जाति जिसमें 6 महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने कहा भाजपा की सूची से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारतीय जनता पार्टी जो पिछड़ों और दलितों की अपने आप को हितैषी होने का दावा करती है, वह खोखला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े और दलितों की उपेक्षा हो रही है। समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल ने कहा सब का साथ सबका विकास और सब का विश्वास का नारा देने वाली सरकार लोगों को बरगलाकर अपनी सरकार बनाने का काम करती है और जब उनके सम्मान की बात आती है पल्ला झाड़ लेती है।

# हेमवती नंदन बहुगुणा ने संघर्षों से प्रशस्त किया था अपना मार्गः मुख्यमंत्री योगी

- पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर योजना भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए सीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर योजना भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के साथ-साथ देश के वरिष्ठ राजनेता थे। उन्होंने अपना मार्ग संघर्षों से प्रशस्त किया था। अपने लंबे राजनीतिक कॅरियर के दौरान सार्वजनिक जीवन की शुचिता व पारदर्शिता के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी अगाध निष्ठा थी। योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उत्तर प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए बहुगुणा जी ने जो संकल्प और जो कार्ययोजना 1973 से 1975 के बीच तय की थी, वह आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शक का कार्य करती है। केंद्रीय मंत्री के रूप में भी उन्हें अलग-अलग दायित्वों के निर्वहन का अवसर प्राप्त हुआ था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज उनकी कर्मसाधना की स्थली के साथ-साथ देश की स्वाधीनता आंदोलन की लौ को प्रखरता के साथ आगे बढ़ाने के लिए उनकी संघर्षस्थली के रूप में भी जानी जाती है। 17 मार्च 1989 को अपने नश्वर देह को विसर्जित करते हुए वे हमारे बीच में नहीं रहे। उनकी स्मृतियां आज भी समाज जीवन से जुड़े अलग-अलग पक्षों को नई दिशा प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पावन पुण्यतिथि पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए प्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश वासियों की तरफ से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। श्रद्धांजलि सभा में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, लालजी प्रसाद निर्मल, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गोतौना विकास खण्ड हैदरगढ़, बाराबंकी।

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गोतौना विकास खण्ड हैदरगढ़ ,बाराबंकी के अन्तर्गत मनरेगा योजना अन्तर्गत वर्ष 2024–25 में इच्छुक फर्मधारक से उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फर्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रकाशन की तिथि दिनांक 18.03.2025 से 24.03.2025 तक निर्धारित धनराशि जमा कर प्राप्त किये जायेंगे तथा प्राप्त मोहरबन्द निविदायें सम्बन्धी फर्म धारक द्वारा दिनांक 25.03.2025 को अपराह्न 2.00 बजे सम्बन्धित निविदादाता फर्म धारक के समक्ष खोली जाएगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | बबुरिहा लिंक रोड से पुल तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | इंटरलाकिंग ईट,बालू,प्रथम श्रेणी ईट,गिट्टी,सीमेन्ट, इत्यादि। | 606008.00 |

**नियम व शर्तों का विवरण निम्नवत है।**

1– निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नही होगा।
2– निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एवं शब्दों में करना आवश्यक होगा।
3– बिना कारण बताये किसी की या सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का ग्रा0वि0अ0 / प्रा0प0अ0 / ग्राम पंचायत गोतौना विकास खण्ड हैदरगढ़ बाराबंकी को होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गोतौना
विकास खण्ड हैदरगढ़
बाराबंकी।

सचिव
ग्राम पंचायत गोतौना
विकास खण्ड हैदरगढ़
बाराबंकी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत भेतमुआ विकास खण्ड हैदरगढ़, बाराबंकी।

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भेतमुआ विकास खण्ड हैदरगढ़ ,बाराबंकी के अन्तर्गत मनरेगा योजना अन्तर्गत वर्ष 2024–25 में इच्छुक फर्मधारक से उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फर्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रकाशन की तिथि दिनांक 18.03.2025 से 24.03.2025 तक निर्धारित धनराशि जमा कर प्राप्त किये जायेंगे तथा प्राप्त मोहरबन्द निविदायें सम्बन्धी फर्म धारक द्वारा दिनांक 25.03.2025 को अपराह्न 2.00 बजे सम्बन्धित निविदादाता फर्म धारक के समक्ष खोली जाएगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | खुन खुन के घर से गयादीन के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | इंटरलाकिंग ईट,बालू,प्रथम श्रेणी ईट,गिट्टी,सीमेन्ट, इत्यादि। | 398944.01 |

**नियम व शर्तों का विवरण निम्नवत है।**

1– निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नही होगा।
2– निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एवं शब्दों में करना आवश्यक होगा।
3– बिना कारण बताये किसी की या सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का ग्रा0वि0अ0 / प्रा0प0अ0 / ग्राम पंचायत भेतमुआ विकास खण्ड हैदरगढ़ बाराबंकी को होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भेतमुआ
विकास खण्ड हैदरगढ़
बाराबंकी।

सचिव
ग्राम पंचायत भेतमुआ
विकास खण्ड हैदरगढ़
बाराबंकी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत रनापुर विकास खण्ड हैदरगढ़, बाराबंकी।

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रनापुर विकास खण्ड हैदरगढ़ ,बाराबंकी के अन्तर्गत मनरेगा योजना अन्तर्गत वर्ष 2024–25 में इच्छुक फर्मधारक से उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फर्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रकाशन की तिथि दिनांक 18.03.2025 से 24.03.2025 तक निर्धारित धनराशि जमा कर प्राप्त किये जायेंगे तथा प्राप्त मोहरबन्द निविदायें सम्बन्धी फर्म धारक द्वारा दिनांक 25.03.2025 को अपराह्न 2.00 बजे सम्बन्धित निविदादाता फर्म धारक के समक्ष खोली जाएगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | पीताम्बर के दरवाजे से सी0सी0रोड तक इंटर लाकिंग निर्माण कार्य। | प्रथम श्रेणी ईट, सीमेन्ट, मौरंग,बालू पत्थर गिट्टी सरिया, इंटरलाकिंग ईट,इत्यादि। | 398450.00 |
| 2. | मिश्रनपुरवा में शत्रोहन के घर से रामबरन के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | प्रथम श्रेणी ईट, सीमेन्ट, मौरंग,बालू पत्थर गिट्टी सरिया, इंटरलाकिंग ईट,इत्यादि। | 262500.00 |

**नियम व शर्तों का विवरण निम्नवत है।**

1– निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नही होगा।
2– निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एवं शब्दों में करना आवश्यक होगा।
3– बिना कारण बताये किसी की या सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का ग्रा0वि0अ0 / प्रा0प0अ0 / ग्राम पंचायत रनापुर विकास खण्ड हैदरगढ़ बाराबंकी को होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रनापुर
विकास खण्ड हैदरगढ़
बाराबंकी।

सचिव
ग्राम पंचायत रनापुर
विकास खण्ड हैदरगढ़
बाराबंकी।

# पूर्वांचल जनशक्ति फाउंडेशन ने हर्षोल्लास के साथ मनाया भव्य होली मिलन समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पूर्वांचल जनशक्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में इंदिरा नगर स्थित एक निजी स्कूल में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, समाजसेवा, कला, प्रशासन और व्यापार जगत से जुड़ी कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रही। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद प्रकाश राय ने सभी का गुलाल लगाकर व फूल मालाओं से आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर संस्था की महासचिव रीना राय ने कहा कि भारत त्योहारों का देश है, जहां आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की परंपरा हमें एक सूत्र में बांधती है। होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि समाज में स्नेह और समरसता का संदेश देने का अवसर भी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवोदय विद्यालय समिति के पूर्व उपायुक्त ए.के. शुक्ला ने होली के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व हमें भेदभाव भुलाकर आपसी प्रेम और एकता को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। समारोह में बॉलीवुड अभिनेता सुनील वर्मा (गुलाबो सिताबो, बाला, इंस्पेक्टर अविनाश, पटना शुक्ला आदि फिल्मों एवं वेब सीरीज में अभिनय कर चुके), एलआईसी के वरिष्ठ अधिकारी रामविलास सिंह यादव, एचएएल स्कूल के वाइस प्रिंसिपल एवं गणित विभागाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जे.एस. चौहान, शिक्षाविद एवं समाजसेवी सी.के प्रसाद, पेप्सीको इंडिया उत्तर प्रदेश के मार्केटिंग हेड रविंद्र देव शुक्ला, न्यू एबीसी मोंटेसरी स्कूल की संचालिका नमिता सिंह, प्रबंध निदेशक राजेश सिंह, सशस्त्र सीमा बल, लखनऊ के डिप्टी कमांडेंट अवनीश चौबे, शिक्षाविद एवं समाजसेवी प्रज्ञा पांडे, लखनऊ हाई कोर्ट बेंच के वरिष्ठ अधिवक्ता रत्नेश तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी एवं मार्गदर्शक आर.के. सिंह, वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र मिश्रा, सेंट्रल एकेडमी, इंदिरा नगर के वरिष्ठ शिक्षक अमरेंद्र प्रताप सिंह, संदीप यूनिवर्सिटी, पुणे के वरिष्ठ प्रबंधक एस.पी. तिवारी, शिक्षाविद एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े रिंकू जोशी, अनअकैडमी लखनऊ के वरिष्ठ शिक्षक अखिलेश राय, लखनऊ के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर प्रिय मनीष, कमल ड्राइव क्लीन के मुखिया कमल कनौजिया एवं वरिष्ठ चिकित्सक शिवेंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## निगोहां: बेखौफ चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना, नगदी व जेवरात किया पार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ। दयालपुर गांव में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर लगभग ढाई लाख के आभूषण सहित 8 हजार की नगदी चोरी कर ले गये। घटना की जानकारी घर के सदस्यों के उठने के बाद हुई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच परख कर वापस लौट आईं। निगोहां थाना क्षेत्र के दयाल पुर गांव में रविवार की रात दो घरों में बेखौफ होकर अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया गांव निवासी दीपू बाजपेई रविवार को वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने परिवार संग रिस्तेदारी गये थे यहां अज्ञात चोरों ने घर के मेन दरवाजे पर लगा ताला समेत कुंडी तोड़ दिया और घर में घुसकर अलमारी , बक्से का ताला तोड़ दिया और इत्मीनान से घटना को अंजाम दिया। घर के मेन दरवाजे को खुला देख परिजनों ने घटना की जानकारी दीपू को दी, यहां आकर देखा तो सब अस्त व्यस्त पड़ा था। पीड़ित दीपू ने बताया कि चोरों ने लगभग डेढ़ लाख रुपए की जेवरात चोर चोरी कर ले गये । उसके बाद चोरों ने कुछ दूरी पर सुनील कुमार के घर में घुसकर कमरे की कुंडी काट कर बेड , अलमारी व बक्से का ताला तोड़ कर सब खंगाला यहां भी नगदी समेत लाखों के जेवरात पार कर दिया। सुनील के मुताबिक वह परिवार संग बगल में लेटे हुए थे , उन्हें भनक तक नहीं लगी। पीड़ित सुनील ने बताया कि अलमारी में रखी लगभग एक लाख के आभूषण सहित आठ हजार की नगदी चोरों ने पार किया है। सूचना पर पहुंची पुलिसकर्मी जांच पड़ताल कर वापस लौट आईं।



### नाला कूड़े से पटे होने से जनता हो रहीं परेशान

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक ओर नगर निगम तमाम नालों के साफ़ सफाई के लिए लगातार टेंडर कर लाखों रुपया खर्च करके नालों की सफाई करवाता है वहीं दूसरी ओर साफ सफाई के नाम पर सफाई का ठेका लेने वाली संस्थाओं द्वारा महेज़ खाना पूर्ति कर नगर निगम अधिकारियों को रिपोर्ट सौंप दी जाती है जिससे कि बारिश के दिनों में आम जनता को जल भराव का सामना करना पड़ता है। नगर निगम जोन 6 के शीतला देवी वार्ड के अंतर्गत आने वाले गिरधारा सिंह मैदान के निकट से गुजरने वाला नाला भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाता नज़र आ रहा है। यहाँ जगह-जगह नाला कूड़े व सिल्ट से पटा हुआ नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उनकी शिकायत पर 10 दिन पूर्व नाले की सफाई करने कर्मचारी आए थे किंतु साफ सफाई के नाम पर खाना पूर्ति कर वह चलते बने और आज भी नाले में कूड़ा व सिल्ट भरा हुआ है। विभाग द्वारा इस नाले को ढाका भी नहीं गया जिस कारण यहां आस पास रहने वाले लोग इसमें कूड़ा डाल देते हैं जिससे कि यहां पर हमेशा समस्या बनी रहती है। लोगों का कहना था कि भरे हुए नाले से भयानक दुर्गंध उठती है और बीमारियां फैलने का खतरा लगातार बना रहता है।

### मोहनलालगंज हाईवे पर सड़क दुर्घटना में दर्जनों घायल

मोहनलालगंज लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज हाईवे पर कनकहा के पास सोमवार की दोपहर मजदूरों से सड़क पर मरम्मत करवाने के लिए सड़क सुरक्षा उपकरण लगाकर खड़ी पिकअप यू पी 32पी एन 1767 रायबरेली से लखनऊ जा रही तेज रफ्तार सवारियों से भरी दूसरी पिकअप डाला यू पी 32 एक्स एन 1412 ने पीछे से टक्कर मार दी इसी बीच दुर्घटना करने वाली पिकअप के पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार यू पी 70 एफ आर 0242 आकर घुस गई। खड़ी पिकअप में टक्कर लगने से कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया । इस भीषण दुर्घटना में पिकअप व कार में सवार लगभग दर्जन भर लोग बुरी तरह घायल हो गए जिनमें लगभग आधा दर्जन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर हुई इस दुर्घटना में घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास से दौड़ कर आए लोगों ने घायलों को बाहर निकाला और उपचार के लिए दुर्घटना स्थल के बगल खुले निजी अस्पताल पहुंचाया । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे से हटवाकर। यातायात सामान्य कराया और घायलों को एनएचएआई व 108 एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया जहां पर डॉक्टर ने कुछ घायलों की स्थिति गंभीर देखकर उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। मोहनलालगंज एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि गक्क्षक्रकी तरफ से सेफ्टी उपकरण लगाकर सड़क पर मरम्मत का कार्य करवाने के लिए खड़ी पिकअप के पिछले हिस्से में रायबरेली की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही टक्कर मारने वाली पिकअप व कार में बैठे अपने परिजनों को रमजान की खरीदारी कराने ले जा रहे जनपद रायबरेली थाना बछरावां शेखपुरा समोदा निवासी मोहम्मद सलीम पुत्र पीर मोहम्मद व सना ,आयत बानो, इरफान अरशद, फूलबानो, तथा निजी संस्थान में इंटरव्यू देने जा रहे महाराजगंज रायबरेली निवासी विकास, वैभव और आलोक अंकुर सिंह निवासी नैनी प्रयागराज प्रभात व शुभम निवासी गुढ़ा शिवगढ़ घायल हो गए जिन्हें दुर्घटना स्थल के पास हाईवे के बगल खुले एक निजी अस्पताल में राहगीरों ने उपचार के लिए पहुंचाया था जिसके बाद उन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भिजवाया गया जहां पर डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल लोगों को उपचार के लिए ट्रामा टू सेंटर रेफर कर दिया गया।

## मंदबुद्धि युवती से गैंग रेप का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में हुआ लंगड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ । मोहनलालगंज पुलिस ने गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में 2 दिन पहले मंदबुद्धि युवती से गैंगरेप करने वाले मुख्य आरोपी व उसके साथी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया । एसीपी रजनीश वर्मा में बताया कि बीते शनिवार को गोसाईगंज पुलिस को सूचना देते हुए मंदबुद्धि युवती के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था कि मेरी मंदबुद्धि बेटी घर का सामान लेने के लिए पड़ोस की दुकान पर जा रही थी तभी रास्ते में संदीप यादव व उसके साथी में उसे पकड़ कर सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था इस सूचना पर गोसाईगंज पुलिस में मुकदमा पंजीकृत किया था और इसकी विवेचना पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के आदेश पर एसीपी मोहनलालगंज को सौंपी गई थी घटना के बाद से ही नामजद आरोपी फरार हो गए थे जिनकी गिरफ्तारी के लिए मोहनलालगंज पुलिस की 6 टीमों का गठन किया गया था। वहीं रविवार की देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि गैंग रेप के आरोपी संदीप यादव व मायाराम शहर से बाहर भागने की फिराक में कुबहरा जंगल की तरफ मोटरसाइकिल से जा रहे हैं। इस सूचना पर मोहनलालगंज इंस्पेक्टर अमर सिंह के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज हुलासखेड़ा अनूप सिंह व पुलिस टीम ने घेराबंदी कर बाइक से जा रहे अभियुक्तों का पीछा कर ललकारा तो अभियुक्त संदीप यादव ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया जिससे पुलिस टीम बाल बाल बच गई वही जवाबी फायरिंग में अभियुक्त संदीप के पैर में गोली लगी और वह बाइक समेत गिर गया वहीं मौके से भाग रहे उसके दूसरे साथी मायाराम को पुलिस टीम ने दौडाकर पकड़ लिया अभियुक्त संदीप यादव के पास से पुलिस ने एक 315 बोर का अवैध तमंचा एक खाली एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है जिसके बाद घायल संदीप यादव को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेज दिया गया।

## प्रभावशाली लोगों के अवैध निर्माणों पर क्यों नहीं होती कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन ज़ोन 7 में होने वाला एक निर्माण लखनऊ विकास प्राधिकरण के लिए चुनौती बना हुआ है। यहां बाजार खाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाज़ार खाला कोतवाली से चंद क़दमो की दूरी पर लखनऊ विकास प्राधिकरण के मानकों को ताख़ पर रखकर एक निर्माण किया जा रहा है। मानकों के विपरीत होने वाले इस निर्माण की शिकायत स्थानीय निवासी मोहम्मद अय्यूब द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव तथा मंडला आयुक्त और जिलाधिकारी से लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण के जिम्मेदार अधिकारियों से की गई है, शिकायतकर्ता मोहम्मद अय्यूब ने अपने पत्र में इस जमीन को नजूल की भूमि बताया है किंतु तमाम आला अधिकारियों की जानकारी में होने के बावजूद भी ये निर्माण लगातार युद्ध स्तर पर जारी है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के संबंधित सहायक अभियंता व अवर अभियंता भी इस निर्माण के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने के बजाय खामोश बैठे हुए हैं। प्राधिकरण के संबंधित सहायक अभियंता व अवर अभियंता की यह ख़ामोशी निर्माण के प्रति उनकी सहमति दर्शाती हैं। ऐसे में अब सवाल यह उठता है की लखनऊ विकास प्राधिकरण के कानून क्या कुछ खास लोगों के लिए ही बनाए गए हैं जिनके अवैध रूप से किये गए निर्माण सील कर दिए जाते हैं या फिर ध्वस्त कर दिए जाते हैं या फिर लखनऊ विकास प्राधिकरण के कानून के दायरे में हर आम और ख़ास इंसान आता है। अब देखना यह होगा की अवैध रूप से होने वाले इस निर्माण पर लखनऊ विकास प्राधिकरण क्या कार्यवाही करता है।

## नगराम: संदिग्ध परिस्थितियों में लापता चचेरी बहनें सकुशल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**मन मुताबिक विवाह न होने से प्रेमी संग दोनों बहनें हुई थी फरार**

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के एक गांव से बीते सप्ताह शुक्रवार को दो चचेरी बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी , मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश में जुट गई थी सोमवार को दोनों गुमशुदा को सकुशल बरामद किया है। परिजनों के मुताबिक लक्ष्मी का विवाह सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत सेवई निवासी प्रिंस राज से हुआ था वहीं दूसरी बहन पूजा का विवाह गोसाईगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद निवासी मोहित के साथ कुछ दिन पूर्व हुआ था। बताया कि बीते सप्ताह दोनों चचेरी बहनें नेवाज खेड़ा माजरा तमोरिया मायके आई थी जो बीते सप्ताह शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी । नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर दोनों युवतियों के गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही थी वहीं शुक्रवार को भट्टी बरकत नगर के सम समीप दोनों बहने सकुशल बरामद हो गई पूछताछ में बताया कि उनका विवाह उनके मन मुताबिक नहीं होने से वह अपने प्रेमी के साथ चली गई थी । जिसमें विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन की लखनऊ महानगर इकाई ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। वैश्य समाज के एकीकृत संगठन इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन की लखनऊ महानगर इकाई द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में समाज के प्रतिनिधियों ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। सोमवार को डालीगंज के उमराव सिंह धर्मशाला में संगठन के संस्थापक रामदास अग्रवाल की जयंती वैश्य दिवस के रूप में मनाई गई और इस अवसर पर 40 से अधिक विभूतियों को उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल, इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन यूपी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक डा. नीरज बोरा ने कुलदेवी महालक्ष्मी एवं रामदास अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्य सरकार के मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि होली का अवसर समाज को एकजुट करने, भेदभाव मिटाकर सबको गले लगाने का विशिष्ट त्योहार है। विधायक डा. नीरज बोरा ने संगठन के संस्थापक अध्यक्ष रहे रामदास अग्रवाल को समाज का पुरोधा बताते हुए विभिन्न उपवर्गों में बंटे वैश्य समाज को एकजुट करने में उनके योगदान का उल्लेख किया।

**इन्हे मिला सम्मान**

अमरनाथ अग्रवाल, महेश प्रसाद साहू, नीरज गुप्ता, के. पी. गुप्ता, डा. अनिल गुप्ता, भोलानाथ गुप्ता, सुनील गुप्ता, श्याममूर्ति गुप्ता, हरशरन लाल गुप्ता, शिवशंकर अग्रहरि, कर्नल एम.सी.जायसवाल, रवि गुप्ता, रमेश चन्द्र वर्मा, के.के.वर्मा, डा. शिवाजी गुप्ता, अरविन्द वार्ष्णेय, मुन्नालाल माथुर, मदालसा गुप्ता, पुष्कर केसरवानी, डा. रश्मि विश्नोई, दिनेश चौरसिया, अमित कुमार पटवा, वी.सी.जैन, हरिकृष्ण माहेश्वरी, विनोद माहेश्वरी, के.सी.गुप्ता, दिवाकर गुप्त, कमलेश गुप्ता, धर्मेन्द्र गुलहरे व दीनदयाल गुप्ता को सम्मान मिला।

# महोना में 97वां उर्स व मेला रशीदिया का चादरपोशी के साथ आगाज़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ । बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत महोंना में हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक उर्स व मेला रशीदिया का 97वां उर्स मुबारक 17 मार्च 2025 सोमवार को हज़रत दादा मियां क़िब्ला की मजार पर चादर चढ़ाने के बाद विधिवत शुभारंभ होगा तथा समापन 25 मार्च 2025 को जवाबी कव्वाली के साथ होगा। उर्स व मेला कमेटी रशीदिया के कैशियर सैय्यद निहाल रशीदी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महोना मेंले में क्षेत्र के सभी समुदाय के लोग तथा अन्य कई जिलों के जायरीन मियां साहब की मजार पर चादर चढ़ाकर मन्नते मांगते है और उनको लाभ भी होता है।इस नौ दिवसीय मेला में 17,18,19,20मार्च को चादरपोशी तथा 20मार्च को रात्रि दस बजे से नातिया मुशायरा,21मार्च को रात्रि दस बजे से कठ पुतली शो व जादूगर शाशा आर के इवेंट का शो,22मार्च को बच्चों की कव्वाली,23मार्च को आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मलेन तथा 24मार्च को सलमान एंड माईकल म्यूजिकल ग्रुप का प्रोग्राम,25मार्च को समापन दिवस पर रात्रि दस बजे से जवाबी कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित होगा। ऑल इंडिया मुशायरा कवि सम्मेलन के कन्वीनर मोहम्मद अकील ख़ान व जनरल सेक्रेटरी रियाज़ बाबा ने इस मजार की खासियत बारे में बताते हुए कहा कि दादा मियां की मजार पर दिमागी रूप से परेशान जो भी व्यक्ति आता है, मजार पर चादर चढ़ाते और दर्शन करते ही अपने आप सही हो जाता है,जोकि किसी चमत्कार से कम नहीं है।वही दरगाह के सज्जादानशीन सैय्यद अनवार अहमद रशीदी,कमाल रशीदी,आसिफ रशीदी,अध्यक्ष कलीम अहमद कुरैशी, उपाध्यक्ष मोहम्मद असलम नेता,फूलचंद्र रावत उर्फ़ पच्चू सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी इस मौक़े पर मौजूद रहें।

## पिछड़ा वर्ग आयोग राज्य मंत्री सोहनलाल श्रीमाली पहुंचे अनौरा कला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष अमित राज यादव ने किया जोरदार स्वागत

लखनऊ। सोमवार को राजधानी के बीबीडी थाना क्षेत्र अंतर्गत अनौरा कला गांव में अचानक पहुंचे पिछड़ा वर्ग आयोग के दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सोहनलाल श्रीमाली का प्रधान संगठन लखनऊ के जिला अध्यक्ष अमित राज यादव के कार्यालय पर जोरदार स्वागत हुआ। कार्यक्रम के विषय में जानकारी करने पर उन्होंने बताया कि प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष अमित राज यादव तथा क्षेत्र वासियों से शिष्टाचार भेंट तथा क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। जिला अध्यक्ष प्रधान संगठन लखनऊ अमित राज यादव ने बताया की क्षेत्र के विकास तथा जिला अध्यक्ष होने के नाते लखनऊ की विभिन्न ग्राम सभाओं के विकास के निहित विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। घंटे चली चर्चा में राजधानी के गांवों के विकास से लेकर पिछड़ा वर्ग की मजबूती के विषय में चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में शिष्टाचार भेंट कर जिला अध्यक्ष प्रधान संगठन द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया तथा अंग वस्त्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आर एन त्रिपाठी प्रेसिडेंट देवस्थान, जुग्गौर प्रधान मनोहर यादव, मेहौरा प्रधान प्रतिनिधि अर्जुन यादव, प्रधान पपनामऊ राजेश कुमार, प्रधान नरेंदी सुरेश गौतम, बीडीसी राकेश राका, लवकुश यादव प्रधान प्रतिनिधि, मानसिंह यादव प्रधान प्रतिनिधि, मोहित, चिंटू सिंह, रामराज नेता, गोपाल, राजेंद्र नट, राजाराम, राजेश यादव, लालजी, लवकुश, सुरेश यादव एल आई सी, विक्रम सिंह, आशीष, बिनोद, शर्मा जी, बादल, पुजारी यादव, मुन्ना, तथा मुनेश्वर समेत स्थानीय गणमान्य व्यक्ति तथा सैकड़ो पिछड़ा वर्ग कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शुकुलपुरवा गांव में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग दो घर जलकर राख ,मां-बेटे गंभीर रूप से झुलसे



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमहमूदाबाद सीतापुर । थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र के शुकुलपुरवा गांव में सोमवार दोपहर करीब 3 बजे अज्ञात कारणों से एक घर में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पास ही स्थित दूसरे घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। घर के अंदर रखा गैस सिलेंडर भी धमाके के साथ फट गया, जिससे आग की लपटें और तेज हो गईं।

आग की चपेट में आए रामगोपाल की पत्नी आरती यादव (25 वर्ष) और उनका पुत्र आनंद कुमार (4 वर्ष) गंभीर रूप से झुलस गए। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त मां-बेटा घर के अंदर ही मौजूद थे। आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई, लेकिन जब तक ग्रामीण कुछ कर पाते, तब तक दोनों घरों का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। गंभीर रूप से झुलसे मां-बेटे को इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

प्रशासन और फायर ब्रिगेड की लापरवाही उजागर घटना के काफी देर बाद भी फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंच पाई, जिससे लोगों में आक्रोश है। पीड़ित परिवार के पास सिर छुपाने तक की जगह नहीं बची है। ग्रामीणों और पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे प्रिन्सिपल जीआईसी सांडा



**नहीं दे रहे बच्चों को मिड डे मील,बच्चों के भ्रमण के नाम पर हुआ लाखों का खेल**

**शिक्षा विभाग भी भ्रष्टाचार से नहीं रहा अछूता,जिम्मेदारों ने बगैर प्रस्ताव कटवा डाले हरे भरे पेड़,हजम कर ली पूरी रकम, शैक्षिक भ्रमण में भी हुआ लाखों के खेल के साथ अपनी ड्यूटी से मिल रहे नदारद**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सकरन (सीतापुर):अबोध व मासूम बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ के साथ शिक्षा विभाग के लाखों रुपयों में हेर फ़ेर की आहट से बच्चों के भविष्य को लेकर अभिभावकों में बनी ऊहापोह की स्थिति । मामला जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर गांजर क्षेत्र मे माध्यमिक शिक्षा का मात्र एक चिराग राजकीय इंटर कॉलेज सांडा में कक्षा 6 -8 के बच्चों को मिलने वाले मिड डे मील को ही नहीं बनवाया जा रहा और बगैर किसी कारण 10 बजे के पूर्व ही बच्चों को घर वापस कर दिया जा रहा । भारत के भविष्य के खिलवाड़ मामले को लेकर जब जिला विद्यालय अधिकारी से फोन के माध्यम से संपर्क किया गया तो उन्होंने पूरे मामले से अनभिज्ञता प्रकट करते हुए प्रधानाचार्य का बचाव करने की कोशिश की । सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉलेज में तैनात प्रिनसिपल अपने आप को प्रमुख सचिव का रिश्तेदार बताते हुए मनमानी करते हुए भारत के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने मे नहीं छोड़ रहे कोई कोर कसर, सत्र 2023-24 में क्षेत्रीय भ्रमण के लिए हुए टेंडर के माध्यम से 1700 बच्चों के भ्रमण का पैसा मात्र 70 बच्चों का भ्रमण करवा कर हजम कर लिया गया यही नहीं सत्र 2024-25 में 1500 बच्चों की रकम हजम करते हुए मात्र 150 बच्चों को लखनऊ का भ्रमण कराया गया,जिसके साक्ष्य के तौर पर भ्रमण करने गए बच्चे व उनके अभिभावक सहित बसों के फोटो हैं । मामला तो तब और ही गंभीर हो जाता है जब मासूमों के पेट पर लात मारते हुए एम डी एम मे बड़ा फर्जीवाड़ा करते हुए बगैर किसी प्रस्ताव इत्यादि के कॉलेज परिसर में लगे हरे भरे पेड़ों पर आरा चला समूची रकम किसी मद में खर्च न कर हजम कर ली गई । अब विचारणीय तो यह हो जाता है कि सूत्रों से मिली जानकारियां यदि सत्य हैं तो फिर भारत के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ जांच उपरांत कठोरतम कार्यवाही कब?या शासन पर हावी रहेगा प्रशासन जिसके चलते सरकार को लगता रहेगा लाखों रुपयों का चूना और जिम्मेदार काटते रहेंगे मलाई ।

# खलिहान की जमीन बताकर राजस्व विभाग ने मकान का छज्जा व बाथरूम ढहाया

**बीमारी से जूझ रहे पीड़ित ने मुख्यमंत्री से की शिकायत**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील प्रशासन बेहतरीन कार्य दिखाने के लिए आए दिन चर्चा में रहता है तहसील क्षेत्र में दर्जनों गांव में खलिहान तालाब आदि सरकारी जमीन पर दबंग का अवैध कब्जा बरकरार है लेकिन राजस्व विभाग उन कब्जो पर गौर नहीं कर रहा है। . लेकिन प्रशासन गरीबों के मकान व उनकी अधिकृत जमीन पर बुलडोजर चलाने में कोई कोर कसर नही छोड रहा है। ऐसा ही एक मामला तहसील क्षेत्र बल्दीराय का प्रकाश में आया है तहसील क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर मजरे चंदौर निवासी राजेश मिश्रा ने मुख्यमंत्री को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 1999 में चकबंदी के बाद जमीन बैनामें के रूप में ली थी लेखपाल और कानूनगो के जरिए उक्त जमीन की पैमाइश करवा कर मकान का निर्माण करवा कर बगल में शौचालय का निर्माण भी करवा दिया था। राजेश मिश्रा ने बताया कि लगभग 26 वर्ष से वह अपने मकान में रहकर जीवन यापन कर रहा है वर्तमान में गांव में सड़क निर्माण के लिए जमीन चिन्हित की गई थी जमीन जिस स्थान पर चिन्हित की गई थी गांव के ही कुछ सरहंग किस्म के लोगों द्वारा जमीन की पैमाईश चिन्हित जमीन में ना करवाते हुए मेरी जमीन में करवा कर पैमाइश करवा दिया पीड़ित ने बताया कि बगैर किसी सूचना के ही अचानक राजस्व विभाग के अधिकारी नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम द्वारा जबरन उसके मकान के छज्जे तथा अपनी जमीन में बनवाए गए शौचालय को बुलडोजर से धराशाही कर दिया। प्रार्थना पत्र में पीडित ने आरोप लगाया है कि वह हार्ट का पेशेंट है उसका पैर भी टूटा हुआ है गंभीर बीमारी से ग्रसित पीड़ित व्यक्ति चारपाई पर पड़ा हुआ है पीड़ित ने जब इसका कारण पूछा तो राजस्व की टीम ने बिना कुछ बताए ही उसके मकान के हिस्से को धराशाही कर दिया। चलने फिरने में असमर्थ पीड़ित राजस्व टीम के समक्ष रोता रहा गिडगिडाता रहा लेकिन टीम ने उसकी पीड़ा को नहीं सुना। पीड़ित राजेश मिश्रा ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से करते हुए न्याय की गुहार की है।

इस संबंध में नायब तहसीलदार ने कहा कि सरकारी जमीन में बाथरूम शौचालय का निर्माण करवाया गया था जिसे गिराया गया है। फिलहाल तहसील क्षेत्र में प्रत्येक गांव में नाली घर गड्ढा तालाब खलिहान की सरकारी जमीनों पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है लेकिन राजस्व की टीम इस कब्जे को हटवा पाने में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। एक तरफ मुख्यमंत्री ने साफ आदेश दिया है कि किसी गरीब का आशियाना ना गिराया जाए लेकिन यहां राजस्व की टीम ने दबंगो के अवैध कब्जे को ना गिराकर सिर्फ गरीबों के मकान को ही धराशाही कर रही है। देखना है पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिलता है या नहीं।

# महाराणा प्रताप के 19वें वंशज श्रीजी अरविंद सिंह मेवाड़ का निधन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



महमूदाबाद, सीतापुर । उदयपुर, मेवाड़ के महाराणा प्रताप के 19वें वंशज और उदयपुर राजघराने के प्रमुख श्रीजी अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन से न केवल उदयपुर बल्कि महमूदाबाद सहित अनेक राजपरिवारों में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन पर महमूदाबाद के राजा प्रो. अली खान ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए मेवाड़ परिवार और उदयपुर की जनता के प्रति अपनी संवेदनाएँ प्रकट की हैं। राजा महमूदाबाद प्रो. अली खान ने कहा, ''मेवाड़ के श्रीजी अरविंद सिंह के निधन की खबर सुनकर अत्यंत दुःख हुआ। वे न केवल मेवाड़ के गौरव थे बल्कि भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक भी थे। इस कठिन समय में महाराजकुमार मेवाड़ और पूरे परिवार के प्रति महमूदाबाद और हम सभी की ओर से हार्दिक संवेदनाएँ। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और मेवाड़ परिवार को इस आघात को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।''

प्रो. साहब ने श्रीजी के मानवीय और धार्मिक मूल्यों की भी विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने एक पुरानी घटना का उल्लेख करते हुए कहा, ''कुछ वर्ष पूर्व महमूदाबाद की आज़ादारी के दौरान हमारे 'जुलजनाह' (इमाम हुसैन की याद में निकाले जाने वाले प्रतीक घोड़े) का इंतक़ाल हो गया था। हमारे लिए यह बहुत बड़ी कठिनाई थी क्योंकि मुहर्रम का जुलूस जुलजनाह के बिना संभव नहीं था। जब श्रीजी अरविंद सिंह को यह बात पता चली तो उन्होंने अपने अस्तबल से एक विशेष घोड़ा दान किया, जो उनके निजी पूजास्थल से जुड़ा था। जब मेरे स्वर्गीय पिता ने नज़राने की पेशकश की, तो श्रीजी ने स्पष्ट कहा, 'यह घोड़ा मेरे घर की पूजा का हिस्सा था, अब यह इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में मेरा सच्चा दान है।' ''

राजा महमूदाबाद ने कहा, ''श्रीजी अरविंद सिंह सच्चे भारतीय संस्कृति के प्रतीक थे, जिन्होंने हमेशा प्रेम, भाईचारे और सद्भाव की मिसाल कायम की। वे उन दुर्लभ व्यक्तित्वों में थे, जिन्होंने धर्म और जाति से ऊपर उठकर मानवीय मूल्यों को सबसे ऊपर रखा। श्रीजी अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन से देश ने एक ऐसे व्यक्तित्व को खो दिया है, जिन्होंने अपनी परंपराओं के साथ-साथ आपसी मेल-मिलाप की संस्कृति को भी जीवित रखा।

# कठपुतली नृत्य कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी द्वारा कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर।रविवार रात सिविल लाइन में कठपुतली नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरीश श्रीवास्तव ने की।मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी द्वारा कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और कलाकारों की प्रशंसा की।कार्यक्रम में शामिल जिला मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा भाजपा जूही जायसवाल को भी सम्मानित किया।नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने कहा कि मेरे साथ आकर सीतापुर के सपने सजाने का कार्य पूर्ण करने में भागीदारी करें।जिससे सीतापुर नगर पालिका का चहुमुखी विकास किया सके।कार्यक्रम में संतोष बाजपेई,संतोष पाल,शिव कुमार पाल,कमलेश पाण्डेय,राजू,दिनेश आदि लोग मौजूद रहे।

# होल सेल्स मार्ट का हुआ उद्घाटन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। बल्दीराय ब्लॉक के पारा चौराहे से हलियापुर रोड पर पुलिस चौकी के सामने विशाल होलसेल मार्ट का शुभारंभ आज भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं समाजसेवी मनीषा पांडेय ने फीता काटकर किया और उपस्थित लोगों से कहा कि इस प्रकार की दुकान होलसेल खुल जाने से लोगों को कम दामों में किराना जनरल स्टोर संबंधित अनेकों सामान बहुत कम ही मूल्य पर आसानी से उपलब्ध हो पाएंगे। उद्घाटन के इस मौके पर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष पारा बाजार के पूर्व प्रधान महेश जायसवाल भाजपा नेता विशाल जायसवाल पंकज शुक्ला प्रदीप मौर्या एसडी कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक संदीप दुबे आदि लोग मौजूद रहे दुकान के प्रोपराइटर पवन मौर्य ने मनीषा पांडेय को रामचरितमानस की पुस्तक व अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। साथ ही प्रोपराइटर पवन मौर्य आए हुए आगंतुकों का स्वागत सामान करते हुए आभार व्यक्त किया और लोगों से निवेदन किया कि एक बार सेवा का मौका दें। सारी दैनिक उपयोगी वस्तुएं लोगों को उचित मूल्य में दी जाएगी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना जीवन जीने की कला है :डाक्टर सुधाकर प्रकाश वर्मा

बिसवां, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील क्षेत्र के बृजमोहन लाल शकुंतला देवी इंटर कॉलेज, मझिगंवा, बन्नी-खरेला, में राष्ट्रीय सेवा योजना (गट्टट्ट) के अंतर्गत विशेष सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने चयनित गांव के विद्यालय परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया। इसके साथ ही, ग्रामीणों को सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाया गया। दोपहर भोजन के उपरांत कार्यक्रम अधिकारी सतीश चंद वर्मा एवं पुष्पेंद्र के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता रैली निकाली, जिसमें गांव के बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। सायंकाल चाय-बिस्कुट के उपरांत शिविर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. बिंद्रा प्रसाद धूरिया, अध्यक्ष, बी.एल.एस.डी. इंटर कॉलेज, मझिगंवा, ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (गट्टट्ट) न केवल युवा वर्ग में सेवा और सहयोग की भावना विकसित करती है, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण एवं सामाजिक समरसता को भी प्रोत्साहित करती है। गट्टट्ट का दर्शन ''मैं नहीं, तू'' इस विचारधारा को प्रोत्साहित करता है कि व्यक्ति का कल्याण अंततः पूरे समाज के कल्याण पर निर्भर करता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दिवाकर प्रकाश ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि एन.एस.एस. के माध्यम से छात्र शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा को अपनाकर अपने व्यक्तित्व को निखार सकते हैं। वहीं, विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सुधाकर वर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की उपयोगिता और सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण अंचल के युवाओं को न केवल समाज सेवा के लिए प्रेरित करती है, बल्कि उनमें जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता का विकास भी करती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर प्रकाश, उप प्रधानाचार्य सतीश चंद्र वर्मा, शिक्षकगण जितेंद्र कुमार, सुमन वर्मा, राकेश वर्मा, कमलेश कुमार, पुष्पेंद्र, विवेक अवस्थी, राहुल वर्मा, अदीप त्रिपाठी, देवेंद्र मिश्रा , लवकुश वर्मा, शशिकांत गुप्ता, विकास कुमार तथा शिक्षिकाएं मोहिनी वर्मा, रोली वर्मा, रूही बानो, मीनाक्षी, गुंजन, शिखा वर्मा एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जनपद की सभी सात तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील सदर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 21 शिकायतों में से 05 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लहरपुर में प्राप्त 10 प्रार्थना पत्रों में से 01, तहसील सिधौली में प्राप्त 24 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील बिसवां में प्राप्त 13 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 21 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 07 प्रार्थना पत्रों में से 01, तहसील महोली में प्राप्त 25 प्रार्थना-पत्रों में से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# दर्शन करने आ रहे थे श्रद्धालुओं की पिकअप पलटी, एक दर्जन घायल



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। अयोध्या दर्शन करने के लिए निकले करीब एक दर्जन श्रद्धालु पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर घायल हो गए। बिहार राज्य से पिकअप गाड़ी से अयोध्या धाम दर्शन करने जा रहे थे की पॉइंट 149.1 (थाना जयसिंहपुर) के पास वाहन पलट गया। जिससे करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। राहत और बचाव दल ने सभी को अस्पताल भर्ती कराया है। पता चला है कि गाड़ी का एक्सेल अचानक टूट गया था। जिससे श्रद्धलुओं से भरा वाहन पलट गया। जिसमें करीब 12 लोग एवं एक तीन वर्ष का बच्चा घायल हुआ है।

# पत्रकार संघर्ष समिति का गठन, गुरुवार को होगा पहला प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की गोली मारकर हत्या व जिले में पत्रकारों के ऊपर दर्ज किये जा रहे फर्जी मुकदमों को लेकर जिले के पत्रकारों मे खासी नाराजगी है। प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने पत्रकारों को स्वतंत्र रूप से अपना कार्य किए जाने पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाए जाने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई समेत कई मांगों को लेकर जिले के पत्रकारों ने प्रेस क्लब में एक बैठक कर पत्रकार संघर्ष समिति का गठन किया है। वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडे के संयोजन में कार्यक्रम में दर्जनों पत्रकार शामिल हुए।

बैठक में पत्रकारों की समस्याओं से संबंधित कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई अंत में सभी अध्यक्षों को समाहित करते हुए पत्रकार संघर्ष समिति का गठन किया गया। । आगामी गुरुवार को नगर के राजीव गांधी पार्क में एक धरना प्रदर्शन का ऐलान किया गया है जिसमें जिले के पत्रकारों की समस्याओं को जोर-जोर से उठाया जाएगा। यहाँ जिले के साथी पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर अपनी आवाज मुखर करेंगे। वक्त आ गया है कि सभी पत्रकार साथी अपने भविष्य की सुरक्षा को लेकर संघर्ष के लिए साथ खड़े हो जिससे पत्रकारिता के भविष्य को बचाया जा सके। सभी के साथ आने से पत्रकारों की छोटी-छोटी समस्याओं का तो हल होगा ही बड़ी परेशानियों को भी संघे शक्ति के बदौलत दूर किया जा सकता है। पत्रकारों के हितों की लड़ाई लड़ना अब जरूरी हो गया है पत्रकारों का हित सुरक्षित रहे उनका भविष्य सुरक्षित रहे उनके दवा इलाज की उचित व्यवस्था हो इस पर काम करना जरूरी है। राघवेंद्र वाजपेई के हत्यारों को कठोर सजा दिलाने के लिए सभी का एकजुट होना जरूरी है। पत्रकारों का भविष्य सुरक्षित हो उनके बच्चों की अच्छी शिक्षा दीक्षा हो सके इसके लिए पत्रकार सुरक्षा कानून का आना बहुत जरूरी है। संघर्ष समिति ने दर्जनों पत्रकारों की मौजूदगी में गुरुवार को पत्रकारों के धरना प्रदर्शन के ऐलान किया है। वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडे ने बताया गुरुवार को 2 घंटे का धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें पत्रकारों की सुरक्षा के लिए एक कानून की मांग की जाएगी राघवेंद्र वाजपेई की हत्यारों की गिरफ्तारी की आवाज बुलंद होगी उनके परिवारों की सुरक्षा उचित मुआवजे की मांग करेंगे जिले में पत्रकारों के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष करेंगे अधिकारियों की मनमानी के खिलाफ भी पत्रकारों की आवाज मुखर रहेगी। मेडिकल कॉलेज थाने व ब्लॉक स्तर पर सही न्याय को लेकर पत्रकारों की टीम गठित होगी जो विभागों की कार्य शैली की समीक्षा करेगी और जिले व प्रदेश के आला अधिकारियों को जमीनी हकीकत से रूबरू कराएगी। यहाँ कार्यक्रम में दर्जनों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# साहब! गले से नहीं उतर रहा उत्तर पुस्तिका गुम होने का मामला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कुशीनगर। बीते दिनों बोर्ड परीक्षा के दौरान जिस तरह से फाजिलनगर विकास खण्ड क्षेत्र के नकटहा मिश्र स्थित अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज मे रिजर्व पेपर से परीक्षा कराये जाने के मामले को डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्त झुठला रहे थे और आम लोगो को डीआईओएस की बात गले से नही उतर रही थी ठीक उसी तरह से सोहसा मठिया स्थित जनता इंटरमीडिएट कालेज का उत्तर पुस्तिका बाइक से गिरकर गुम होने की बात लोगो को हजम नही हो रही है। शिक्षा विभाग से जुडे लोग हो या फिर आम जनमानस सबके जेहन में बस एक ही सवाल है क्या सचमुच उत्तर पुस्तिका रास्ते मे गिरकर गुम हो गयी या फिर उसे गायब किया गया है? क्योंकि प्रधानाचार्य कपिलदेव प्रसाद का यह तर्क किसी के गले नही उतर रहा है कि उत्तर पुस्तिका का बण्डल उस समय रास्ते मे गिरकर कही गुम हो गया जब वह संकलन केन्द्र पर जमा करने जा रहे थे।

बता दे कि 7मार्च को जनपद के कसया थाना क्षेत्र के सोहसा मठिया स्थित बोर्ड परीक्षा केन्द्र बने जनता इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में हाईस्कूल के तकरीबन 283 छात्रो ने अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी थी। प्रधानाचार्य व विभाग द्वारा तैयार किये गये स्क्रीप्ट के मुताबिक केन्द्र व्यवस्थापक /प्रधानाचार्य कपिलदेव प्रसाद परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तरपुस्तिका का बण्डल बाइक पर पीछे बाधकर अकेले बुद्ध इंटरमीडिएट कालेज कुशीनगर के संकलन केंद्र पर जा रहे थे कि रास्ते मे उत्तरपुस्तिका का बण्डल कही गिर गया। मजे की बात है कि 283 उत्तर पुस्तिकाओ का बंडल (वजन लगभग बीस किलोग्राम) बाइक से कही गिर गया और चालक रुपी प्रधानाचार्य को इसकी भनक तक नही लगी, जबकि ऐसी परिस्थिति मे बाइक का लहराना व सडक पर कोई सामान गिरने पर राहगीरों द्वारा चिल्लाना आम बात है। ऐसे मे प्रधानाचार्य के बाइक से रास्ते मे उत्तर पुस्तिका का सडक पर गिरना और फिर सडक पर से उत्तर पुस्तिका का अदृश्य हो जाना आम लोगो के गले नही उतर रहा है। यही वजह है कि आज भी यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है कि उत्तर पुस्तिका गुम हुआ है या फिर गायब किया गया है?

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से जुडे जानकारों का कहना है कि बोर्ड का पेपर अथवा उत्तर पुस्तिका पल भर के लिए भी गुम हो जाती है तो डीआईओएस को तत्काल केन्द्र व्यवस्थापक /प्रधानाचार्य पर मुकदमा दर्ज कराकर बार्ड से अनुमति लेकर परीक्षा निरस्त की घोषणा करनी चाहिए थी। यह सारी प्रक्रिया अपरान्ह तीन बजे तक हो जानी चाहिए थी। इसके बाद प्रधानाचार्य का निलंबन के साथ कंट्रोल रूम प्रभारी के खिलाफ भी यह यही कार्रवाई होनी चाहिए थी। किन्तु ऐसा नही हुआ। देर रात को आधा-अधूरा कार्रवाई कर डीआईओएस ने पुरे मामले का पटाक्षेप ऐसे कर दिया जैसे कोई सामान्य घटना हो। सूत्र बताते है कि डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्त व जनता इंटरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य कपिलदेव प्रसाद मिलकर इस मामले को पचाने के लिए पुनः कापी लिखवाकर संकलन केन्द्र पर जमा कराने के फिराक में थे किन्तु संकलन केन्द्र प्रभारी इनके कुकृत्य का राजदार बनने से साफ इंकार कर दिया। यही वजह है कि संकलन केन्द्र प्रभारी से खार खाये डीआईओएस ने जनता इंटरमीडिएट कालेज के केन्द्र व्यवस्थापक /प्रधानाचार्य कपिलदेव प्रसाद के साथ साथ संकलन केन्द्र प्रभारी /बुद्ध इंटरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा दिया। सूत्रो के इस दावे में कितनी सच्चाई है यह जांच का विषय है। सूत्रो का यह भी दावा है कि जब मामला मीडिया के संज्ञान में आया और मीडिया लगातार डीआईओएस व प्रधानाचार्य सहित उच्चाधिकारियों से संपर्क कर मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया तो डीआईओएस ने खुद को और कंट्रोल रूम प्रभारी को बचाते हुए दोषी के खिलाफ आधा-अधूरा कार्रवाई करते हुए बेकसूर संकलन केन्द्र प्रभारी के लपेटते हुए मामले का इतिश्री कर दिया।

जानकारों की माने तो सार्वजनिक परीक्षा की शुचिता व गोपनीयता भंग करने व पेपर लीक करने या गलत जानकारी देने पर अनुचित साधन निवारण अधिनियम के तहत दस साल की जेल और दस लाख रुपये का जुर्माना है। इतना ही नही पेपर लीक और नकल समेत परीक्षा से जुडी गड़बडियों में परीक्षा संस्थान या परीक्षा कराने वाली एजेंसी शामिल पाई जाती है तो उससे उस परीक्षा का पुरा खर्च वसूला जायेगा। साथ ही उसकी संपत्ति भी कुर्क और जब्त की जा सकती है। जो जनता इंटरमीडिएट कालेज के केन्द्र व्यवस्थापक /प्रधानाचार्य पर लागू हो रहा है।

**उत्तर पुस्तिका गिरकर गुम हुई या गायब कराया गया, बना है अबूझ पहेली**

**सोहसा मठिया स्थित जनता इंटरमीडिएट कालेज का उत्तर पुस्तिका गायब होने का मामला**




## पुलिस मुठभेड़ में ईनामी पशु तस्कर के पैर में लगी गोली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कुशीनगर। जिले की कुबेरस्थान, जटहाँ बाजार, विशुनपुरा व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम के मुठभेड़ में एक इनामिया पशु तस्कर के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर अवैध तमंचा, बाइक व अन्य बरामद किया।

पुलिसिया कहानी के अनुसार बीते रविवार को कुबेरस्थान क्षेत्रान्तर्गत एक पशु तस्कर की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस टीमों का गठन किया गया। जिसमें कुबेरस्थान, जटहाँ बाजार, विशुनपुरा व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना कुबेस्थान क्षेत्र के कर्मा बाबा मन्दिर नहर पुलिया सड़क के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक बाइक आते दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, तो बाइक सवार व्यक्ति द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी, जिसमें अभियुक्त घायल हो गया। जिसकी पहचान नूर बसर पुत्र अजहर अली उर्फ अजहरूद्दीन निवासी ग्राम बसहिया थाना को0 पडरौना के रुप में हुई। जिसको गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से उसके कब्जे से एक अवैध तमन्चा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक बाइक, एक लकड़ी का ठीहा, एक बाँका, एक चाकू, एक रस्सी बरामद किया गया है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को इलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना कुबेरस्थान पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार नूर बसर 25 हजार रुपये का इनामिया वांछित अभियुक्त है।

## एबीपीएसएस कसया तहसील के अध्यक्ष बने कामख्या नरायण मिश्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कसया,कुशीनगर। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति (एबीपीएसएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिग्नेश कलावाडिया व प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह के निर्देश पर कुशीनगर जिलाध्यक्ष हृदयानंद शर्माने वरिष्ठ पत्रकार कामाख्या नारायण मिश्रा को कसया तहसील का अध्यक्ष मनोनीत किया है।

बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित बिड़ला धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में श्री मिश्रा का स्वागत माल्यार्पण कर किया गया। नवागत तहसील अध्यक्ष कसया श्री मिश्रा ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे संगठन ने दिया है। पत्रकार हित, सम्मान के लिए संघर्ष को सदैव तत्पर रहूंगा। नवागत तहसील अध्यक्ष को प्रदेश सचिव विनय कुमार उपाध्याय, प्रदेश सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक आरके भट्ट,

जिलाउपाध्यक्ष सतीश पाण्डेय, मोहन राव, प्रमोद कुमार गोंड, विजय कुमार यादव, जिला महासचिव विनोद तिवारी, सजीद अंसारी, तहसील अध्यक्ष पडरौना आदित्य दीक्षित, जिलासचिव सुधाकर उपाध्याय, सलाउद्दीन अंसारी, रवि त्रिपाठी, संजीव सिंह, आफताब आलम, मुन्ना कुमार राय, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, जिला संगठन मंत्री आशुतोष श्रीवास्तव, ज्ञानचंद गोंड़, जिला सूचना मंत्री, एहतेशाम जाफर मिंटू लारी, ज्ञानेश्वर बरनवाल, कार्यालय प्रभारी मस्तराज शर्मा, मसरूर रिजवी, संदीप कुमार सिंह, हनुमान वर्मा, सरफराज आलम, पप्पू राजभर, मोहन वर्मा, सुहेल, मेराज अली, आकाश शर्मा सहित भारी संख्या में पत्रकारों ने बधाई दी।



### अमित बने केंद्रीय सचिवालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर



**कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कसया विकास खण्ड ग्राम कुण्डवा उर्फ दिलीपनगर पंडित टोला निवासी पुनीत राय पुत्र शैलेन्द्र कुमार एसएससी (सीजीएल) परीक्षा 2024 में सफल होकर केंद्रीय सचिवालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर चयनित हुए हैं। पुनीत के पिता श्री राय होमगार्ड में रनर हैं और माता श्रीमती किरन राय गृहणी हैं। पढ़ने में शुरू से मेधावी पुनीत ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई नवजीवन मिशन कसया से और वर्ष 2022 में अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग गाजियाबाद से बीटेक किया है। पुनीत की बड़ी बहन लवली राय ने दरभंगा बिहार से एमबीबीएस और इसी वर्ष जनवरी में एमडी में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। पुनीत की सफलता पर प्रदीप मिश्रा, रजनीश त्रिपाठी, कमलेश दूबे, विजय तिवारी, विनोद प्रताप सिंह, संतोष कुमार शर्मा, डा. आरके राय, रमेश शर्मा, राणाप्रताप सिंह सहित क्षेत्रवासियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### एसपी ने किया हेलीपैड स्थल का निरीक्षण



**पडरौना,कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** माननीय राज्यपाल महोदया श्रीमती आनन्दीबेन पटेल का जनपद में प्रस्तावित आगमन,भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में स्थित हैलीपैड, पार्किंग स्थल आदि के तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को समय से तैयारी पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन,खड्डा उमेश चन्द भट्ट, प्रतिसार निरीक्षक, पीआरओ सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### फतेहपुर में पुलिस के साथ बदसलूकी, वर्दी फाड़ी

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के गाजीपुर क्षेत्र में सोमवार को एक जमीनी विवाद को सुलझाने गये पीआरबी पुलिस के जवानों के साथ भीड़ ने बदसलूकी की। पुलिस कर्मी ने 10 लोगों के खिलाफ गाजीपुर थाने में एफ़आइआर दर्ज कराई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम देवलान में एक जमीनी विवाद को लेकर मौके पर पीआरबी के दो जवान देवलान गये थे। मौके पर विवाद हल के लिए थाने चलने को कहा। इस पर वहां मौजूद लोग आक्रोशित हो गये और पीआरबी के जवानों पर टूट पड़े। दबंगों ने जवानो की वर्दी फाड़ दी, गालियां दी और पिटाई की, जिससे सिपाहियों के हाथ और कूल्हे में चोटें आयी हैं। पीआरबी के हेड कास्टेबिल घनश्याम सिंह ने 10 लोगों के खिलाफ गाजीपुर थाने में एफआइआर दर्ज कराई है। पुलिस की टीप छापेमारी कर रही है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### जौनपुर में पेड़ पर लटकता मिला युवती का शव

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के खुटहन क्षेत्र में एक ईंट भट्टा पर काम करने वाली युवती का शव सोमवार को भट्ठा के बगल में एक बाग में एक पेड़ से लटकता मिला। पुलिस के अनुसार सीतापुर जिले के एक गांव निवासी राम मिलन अपनी पत्नी व बच्चों के साथ ईंट भट्टा पर काम करते हैं। उनकी 19 वर्षीय पुत्री शिवानी भी ईंट पथाई करती थी। सोमवार भोर किसी बात को लेकर शिवानी और उसकी मां के बीच कहासुनी होने लगी। मां ने उसे जमकर फटकार लगाई,जिससे नाराज होकर शिवानी ने भट्ठे के बगल बाग में एक पेड़ की डाल से ओढ़नी का फंदा बनाकर लटक गई। सुबह कुछ ग्रामीण उधर शौच को गये थे। फंदे पर लटकता शव देख शोर मचाने लगे। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर आई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कौशांबी में हिंसक झड़प में एक की मौत, आरोपी गिरफ्तार

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र में सोमवार को सरकारी हैंडपंप में मोटर लगाने को लेकर दो पक्षों हुए खूनी संघर्ष में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पश्चिमी टोला महंगाव निवासी राम नरेश मौर्य सरकारी हैंड पंप में विद्युत मोटर डालकर पीने का पानी निकालते हैं। आज पड़ोसी अनिल पानी भरना चाहते थे। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। शोर सुन कर अनिल का साथी सैफी (35) मौके पर आ गया और अनिल की तरफदारी करने लगा। देखते ही देखते रामनरेश और उसके परिजन लाठी डंडा लेकर मारपीट करने लगे। इस बीच रामनरेश ने सैफी के सिर पर डंडा से प्रहार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

## बांसी घाट पर चला स्वच्छता अभियान लोगों को दिलाया गया गंगा संकल्प

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




राजापाकड़/कुशीनगर। नमामि गंगे योजना के तहत गंगा घाटों की साफ सफाई के लिए वन विभाग व एसएमसीजी द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाए जा रहा हैं। जिसके तहत सोमवार को बांसी नदी के विभिन्न घाटों पर जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे नम्रता भट्ट के नेतृत्व में वन विभाग के कर्मचारी व समाजसेवियों ने मिलकर साफ-सफाई , श्रमदान व गंगा संकल्प शपथ लिया । गंगा को निर्मल व स्वच्छ बनाने के लिए एसएमसीजी व वन विभाग द्वारा 16 मार्च से 31 मार्च तक स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है।

लोगों को गंगा संकल्प शपथ दिलाने के बाद जिला परियोजना अधिकारी ने कहा कि गंगा नदी करोड़ों लोगों के साथ ही कई वन्य जीवों का भरण-पोषण करती है। लेकिन, बीते कुछ सालों से फैल रहे कूड़े के कारण इसके अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में यह सबकी जिम्मेदारी है कि कूड़े का निस्तारण कर मां गंगा को स्वच्छ और निर्मल रखें। इस दौरान वनरक्षक आकाश त्रिपाठी, सर्पमित्र सुशील मिश्रा, ग्राम प्रधान भीम सिंह, दिनेश गिरी ,वागीश प्रसाद, मैनेजर पटेल, संदीप पटेल आदि मौजूद रहे।

## छात्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



राजापाकड़/कुशीनगर। सोमवार को क्षेत्र में ग्रामसभा घोरठ शंकरपुर के लखीबाग में संचालित किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुदही के चिकित्सक डा0 सुबाष यादव व डा0 पूनम यादव की टीम द्वारा कुल एक सौ तेरह बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवायें वितरित किया गया । स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने उम्र के अनुसार लम्बाई में वृद्धि नहीं होना,जन्मजात हृदय रोग, जन्मजात बहरापन, शरीर में खून की कमी,विटामिनों की कमी से होने वाले रोगों, चर्मरोग के अलावा दाँतो में कैविटी से होने वाले रोगों की विधिवत परीक्षण किया।चिकित्सकों ने बच्चों में होने वाले विभिन्न संक्रामक रोगों से बचने व स्वस्थ रहने के लिये संतुलित आहार-विहार के बारे में जानकारी देते हुए सजग रहने का सुझाव दिया।चिकित्सकों ने छात्रों को सलाह देते हुए कहा कि यदि बुखार व खाँसी जल्दी ठीक नहीं हो रहा हो तो तुरन्त चिकित्सकों से मिलें आनावश्यक दवाएं खाने से बचें।अपने घर के अगल-बगल साफ सफाई रखते हुए उबला पानी पीने की आदत डालें।इस दौरान प्रधानाचार्य अजयकृष्ण सिंह,चन्द्रशेखर प्रसाद,सुनील गुप्ता, विनोद कुमार पाण्डेय, सिराजुद्दीन अंसारी, ओमप्रकाश शर्मा,अमरनाथ पाण्डेय,राजेन्द्र वर्मा,रणवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पुन:भाजपा जिला अध्यक्ष बनने पर दुर्गेश राय को दी बधाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कुशीनगर। भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा एक बार पुनः वर्तमान जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय को कुशीनगर भाजपा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए कहा है कि दुर्गेश राय की पुनर्नियुक्ति यह प्रमाणित करती है कि उनके नेतृत्व में भाजपा ने जिले में मजबूती से कार्य किया है और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि दुर्गेश राय एक कर्मठ, जुझारू और संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ता हैं। जिनकी नेतृत्व क्षमता के कारण भाजपा को जिले में अपार सफलता मिली है। उनके नेतृत्व में पार्टी और अधिक सशक्त होगी तथा आगामी चुनावों में भाजपा और मजबूत स्थिति में रहेगी।

पूर्व मंडल महामंत्री राणा प्रताप मिश्र ने आशा व्यक्त की है कि दुर्गेश राय अपने पिछले कार्यकाल की भांति इस बार भी संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सफल रहेंगे। गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्र नेता रहे भाजपा नेता मनोज चौबे ने कहा कि उनके नेतृत्व में कुशीनगर जिले में भाजपा का जनाधार और व्यापक होगा। जिससे पार्टी को और मजबूती मिलेगी। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में भी इस निर्णय को लेकर जबरदस्त उत्साह है। सभी ने उनके नेतृत्व में संगठन के और अधिक सशक्त होने की उम्मीद जताई।

## समय रहते मोटापे पर नियंत्रण नहीं, तो जान भी जा सकती है : डॉ. विनोद

**एजेंसी**

गाजियाबाद। मोटापा बेहद खतरनाक है यदि समय से इस पर नियंत्रण नहीं किया जाए तो मधुमेह, हृदय रोग और त्वचा रोग हो सकते हैं। यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। यह बात प्रसिद्ध आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. विनोद शर्मा ने राजनगर स्थित आईएमए भवन में आयोजित सेमिनार में व्याख्यान दे रहे थे। सेमिनार का आयोजन आयुर्वेद एशना के तत्वावधान में किया गया। सेमिनार में देश के जाने माने 47 आयुर्वेद चिकित्सकों ने भाग लिया। सेमिनार में आयुर्वेद के क्षेत्र में विभिन्न रोगों की चिकित्सा में नये आयाम बताये और सिखाये गए।

डॉ. विनोद ने बताया कि मोटापा कितना ख़तरनाक है और इससे मधुमेह, हृदय रोग और त्वचा रोग हो सकते हैं। यदि समय रहते इसकी चिकित्सा नहीं की गयी तो यह जानलेवा भी हो सकता है। दिल्ली से आयी डॉ चंचल शर्मा ने महिलाओं की गंभीर बीमारी टुबल ब्लॉकेज पर बहुत सारगर्भित व्याख्यान दिया । उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा से ये बिलकुल ठीक हो सकता है और महिलाएं संतान सुख पा सकती है।

कार्यक्रम के संयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ आनंद वशिष्ठ ने आये सभी चिकित्सकों का आभार प्रकट किया और भविष्य में और रोगों के आयुर्वेदिक उपचार के लिए ऐसे ही कार्यक्रम करने की घोषणा भी की ॰ कार्यक्रम का मंच संचालन सर्वोदय हॉस्पिटल के मेडिकल अफसर डॉ नीरज गर्ग ने किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता नीमा के अध्यक्ष डॉ अनुज त्यागी ने की । मुख्य अतिथि दिल्ली भारतीय चिकित्सा परिषद के रजिस्ट्रार डॉ रघुराम अय्यागरी थे ॰ कार्यक्रम में डॉ हरीश कपूर, शिल्पी जैन, रश्मि गुप्ता, ज्योति गुप्ता, पूजा गोयल, रश्मि चतुर्वेदी, लालीमा, नीतू अग्रवाल, संगीता गेरा, समीक्षा अग्रवाल, प्रीती सारस्वत, प्रशांत शांडिल्य, किशोर गोयल समेत अनेक चिकित्सकों ने भाग लिया।




## शताब्दी एक्सप्रेस में होली खेलने वाले 8 कर्मचारियों पर कार्रवाई, दो बर्खास्त

कानपुर। कानपुर शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के एसी चेयरकार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में सफाईकर्मी और पैंट्रीकार स्टाफ के होली खेलने पर राजधानी दिल्ली से कानपुर तक हुड़दंग करते हुए होली खेल रहे हैं। कर्मचारियों ने ट्रेन की बोगी के अंदर ही जमकर अबीर-गुलाल उड़ाए जिससे कि ट्रेन की सीटें भी गंदी हो गईं। मामले में आरपीएफ ने आरोपितों पर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सीटों को गंदा करने पर कार्रवाई करते हुए आठ कर्मियों को हिरासत में ले लिया। वहीं टीएस समेत दो को बर्खास्त कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ यह वीडियो 14 मार्च का है। जब राजधानी दिल्ली से कानपुर आ रही शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के एसी चेयरकार में रेलवे पेंट्री, सफाई कर्मियों और दो अन्य कर्मचारियों ने होली के गानों पर ठुमके लगाते हुए बोगी के अंदर ही जमकर होली खेली। यही नहीं, इस इस वीडियो को सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम यूजर धीरज सिंह की आईडी से लाइव किया गया।

# जिले की ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त, सड़क पर पार्किंग से शहर में चौतरफा जाम में फ़सी एम्बुलेंस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । शहर में बनीं बहुमंजिली इमारतों के बेसमेंट में दुका नों व शो-रूम खुल गए।कागजों पर बेसमेंट को पार्किंग दर्ज कराया गया है,लेकिन गोंडा नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की मिलीभगत से बेसमेंट की जगह सड़कों पर पार्किंग बनाई गई है।यही वजह है कि शहर में जाम की समस्या दूर नहीं हो पा रही है और नासूर बनती जा रही है।

सोमवार को शहर में चौतरफा जाम रहा।वाहन रेंगते हुए दिखे तो गर्मी के मौसम में भी जाम में फंसे लोगों के माथे पर पसीना टपकता दिखा।जाम से निपटने के लिए प्रशा सन और पुलिस कठोर कदम उठाने में नाकाम है।जाम की समस्या लगातार विकराल हो रही है,लेकिन अधिकारी ध्या न नहीं दे रहे हैं।

गोंडा - बलरामपुर जाने वाले मार्ग पर जाम से जूझे लोग

जय नारायण चौराहे से गुरु नानक पुलिस चौकी तक बहु मंजिली इमारतें और कॉम्प्लेक्स खड़े हो गए हैं।जाम की सबसे बड़ी समस्या इसी मार्ग पर है।वजह,इसी मार्ग से लोगों का रेलवे स्टेशन,बलरामपुर आना-जाना होता है। बसों का संचालन भी इसी मार्ग पर होता है।पार्किंग न होने के कारण वाहन सड़क पर खड़े होते हैं।इस मार्ग पर सोम वार को जाम लगा रहा।एंबुलेंस संचालक कहते हैं कि

बड़गांव पुलिस चौकी से जिला अस्पताल पहुंचने तक आधा घंटे का समय लग गया है,जबकि दूरी कम है।

**सड़क पर खड़े कर रहे वाहन**

जय नारायण चौराहे से लेकर अंबेडकर चौराहे की ओर जाने वालें मार्ग पर भी लोग जाम में परेशान होते रहे।इन मार्गों पर भी बने शॉपिंग मॉल के बेसमेंट में पार्किंग के लिए जगह नहीं है।लोगों को सड़क पर ही वाहनों को खड़ा करना पड़ता है।सुबह दस से शाम चार तक तो लोग जाम से बचने से लिए दूसरे रास्ते ही आते-जाते हैं।जाम में फंसे प्रदीप तिवारी,अंबुज वर्मा कहते हैं कि जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं,जिससे दिक्कत हो रही है।

**गुरु नानक पुलिस चौकी से गुड्डू मल चौराहे तक जाम**

शहर के गुरु नानक पुलिस चौकी से लेकर गुड्डू मल चौराहे तक जाम रहता है।गुरु नानक पुलिस चौकी चौक बजार मनकापुर बस स्टैंड तक बीच सड़क पर वाहन खड़े रहते हैं,चौक बजार में भीड़ अधिक होने से जाम रहता है।इस स्थानों पर ही कॉम्प्लेक्सों में पार्किंग की जगह दुकानें ही देखने को मिलती हैं।विभाग के अधिकारियों की सुस्ती से दिनभर लोग जाम की समस्या से परेशान होते हैं।जाम इस कदर रहा कि लोगों को पैदल चलना मुश्किल रहा।

**ट्रैफिक व्यवस्था भी बेपटरी पर**

इन दिनों शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भी बेपटरी हो गई है। इन दिनों से शहर में जाम से लोग जूझ रहे हैं,लेकिन इस को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।यातायात प्रभारी और उनके मातहत वाहनों के चालान में व्यस्त हैं। वहीं,लोग जाम से जूझने को मजबूर हैं।एसपी ने ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए यातायात प्रभारी की तैनाती तो जरूर की,लेकिन इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। हालात ये हैं कि ट्रैफिक व्यवस्था पहले से और खराब हो गई है।उधर,सीओ ट्रैफिक आनंद राय का कहना है कि या तायात व्यवस्था बेहतर बनाने के कदम उठाए जा रहे हैं।

# राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि जनपद में बूथ लेबिल एजेन्ट की बूथवार तैनाती कर जिला निर्वाचन कार्यालय, बहराइच को सूची उपलब्ध करा दें। सीआरओ श्री सिंह ने कहा कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने में बूथ लेबिल एजेन्ट की महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि बूथ लेबिल अधिकारी तथा बूथ लेबिल एजेन्ट बेहतर समन्वय के साथ पुनरीक्षण अभियान के दौरान नवीन मतदाता को जोड़ने, संशोधन, नाम हटाने इत्यादि की कार्यवाही बेहतर ढंग से कर सकेंगे। बैठक के दौरान मौजूद राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की ओर से सुझाव प्राप्त हुआ कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान यह सुनिश्चित कराया जाय कि बूथ लेबिल अधिकारी डोर-टू-डोर जाकर शत-प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन करें। बीएलओ द्वारा सत्यापन करने से जहां आमजन को पुनरीक्षण अभियान की जानकारी प्राप्त होगी वहीं घर-घर सर्वे के दौरान मतदाता सूची की तमाम त्रुटियों का भी निराकरण हो सकेगा। सीआरओ श्री सिंह ने राजनैतिक दलों को आश्वस्त किया कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान बीएलओ द्वारा शत-प्रगतिशत सत्यापन सुनिश्चित कराया जायेगा। बैठक के दौरान मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली के संबंध में समय-समय पर प्राप्त कराये जाने वाले अभिलेखों के बारे में भी विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इस अवसर पर भरतीय जनता पार्टी से सुनील श्रीवास्तव, समाजवादी पार्टी से उत्तम कुमार सिंह, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से गोपीनाथ, बहुजन समाज पार्टी से सुखराम प्रजापति व अपना दल (सोनेलाल) से गिरीश पटेल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शिखा श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# सर्राफा व्यापार मंडल बहराइच ने कराया जनपद स्तरीय होली मिलन कार्यक्रम

**बहराइच के हरियाली रिजार्ट में जुटे जिले भर से आए सर्राफा व्यवसायी ।**

**जनपद स्तरीय कार्यक्रम में सुमित खन्ना सर्राफा व्यापार मंडल बहराइच के निर्विरोध जिला अध्यक्ष बने**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । बहराइच सर्राफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सत्येंद्र रस्तोगी सत्या के तत्वाधान में होली मिलन का भव्य कार्यक्रम हरियाली रिजार्ट में सम्पन्न हुआ जिसमे जिले भर के तमाम सर्राफा व्यवसायी संगठन के लोग शामिल हुए।मंच का संचालन महामंत्री राजेश रस्तोगी ने किया ।सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएँ दी।एवँ जिसे भर से आए सर्राफा कमेटी के सभी पधादिकारियों को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित ।इस होली मिलन कार्यक्रम में नारीशक्ति की भागीदारी भी अधिक संख्या में रही ।इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा भजन व झाकी की प्रस्तुति भी की गई ।

जिसमे प्रमुख रूप से सर्राफा व्यापार कमेटी नानपारा ,कैसरगंज, मिहीपुरवा, मटेरा, फखरपुर, इकौना, महसी ,खैरीघाट, शिवपुर सहित अन्य स्थानों में बनी कमेटी के अध्यक्ष व महामंत्री सहित तमाम सर्राफा व्यवसायी मौजूद रहे ।

# जूता व्यापारी आकाश अग्रवाल 78 लाख की धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के नगर कोतवाली पुलिस ने जमीन देने के ना म पर 78 लाख रुपए हड़पने वाले आरोपी जूता व्यापा री आकाश अग्रवाल को गोण्डा-लखनऊ मार्ग स्थित कचहरी से गिरफ्तार किया है।आरोपी ने पीड़ित अरविंद मिश्रा से जमीन बेचने के नाम पर 78 लाख रुपए हड़प लिए थे।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने पीड़ित से 48 लाख रुपए नकद,बीस लाख रुपए चेक और दस लाख रुपए आरटी जीएस के जरिए लिए थे।जूता व्यापारी आकाश ने जमीन की रजिस्ट्री के लिए कागजात तैयार करवाए।उसने पीड़ित से कहा कि वह पैसे घर पर दे दीजिए तभी वह रजिस्ट्री के लिए आएगा।कई दिनों तक प्रतीक्षा करने के बाद भी आरो पी रजिस्ट्री के लिए नहीं आया।तब पीड़ित ने आईजी देवी पाटन मंडल से शिकायत की।आईजी के निर्देश पर एसपी ने मामले की जांच कराई।जांच में आरोप सही पाए जाने पर नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया।बड़गांव चौकी इंचार्ज विपुल कुमार पांडेय और कांस्टेबल संदीप कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पीड़ित का आरोप है कि जूता व्यपारी आकाश अग्रवाल का एक संगठित गिरोह है जो इसी तरह लोगों से पैसे लेकर जमीन नहीं देते।गोंडा जिले में आरोपी के खिलाफ तीन और मुक दमे दर्ज हैं।नगर कोतवाली क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद यादव ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है और माम ले की आगे की जांच कि जा रही है।

# आईजी साहब :अब कचहरी नहीं देहात कोतवाली परिसर में सजती है तहरीर लिखने की दुकान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**हर तहरीर का अलग-अलग रेट,एफआईआर के लिए 50 से 100 रूपये सुलह के लिए 200 से 500 रूपये**

गोण्डा । ये तस्वीरें कचहरी की नहीं,बल्कि शहर में स्थित कोतवाली देहात परिसर की हैं,जहां पाकड़ के पेड़ की छांव तले चबूतरे पर बैठकर एक अधेड़ व्यक्ति फरियादियों की तहरीरें लिख रहा है और उसके एवज में खुलेआम पचास से सौ रूपए तक वसूल रहा है,जबकि दूसरी तस्वीर उन पीड़ितों की है, जो 'बड़े साहब' से मिलकर अपना दर्द बयां करने की आस लिए घंटों से बैठे हैं।दरअसल, जिले की कोतवाली देहात पुलिस उस समय से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है,जब देवीपाटन रेंज गोण्डा के आईजी अमित पाठक ने कोतवाल की कार्यशैली पर उन्हें खरी-खोटी सुनाई थी और व्यवहार व व्यवस्था में सुधार लाने का सख्त अल्टीमेटम दिया था।बताते चलें कि देहात कोतवाल पर आए दिन कार्यों एवं अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने तथा फरियादियों की उपेक्षा के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। यहां तक कि गंभीर मामलों में भी मामूली धाराओं में एफआईआर दर्ज करने में यह जिले में मशहूर हैं। ऐसा ही एक मामला कोतवाली क्षेत्र के सुभागपुर सेठ गांव मदरहा में 16 मार्च को सामने आया जहां दबंगों द्वारा जमकर लाठियां भांजी गयीं और ईंट-पत्थर चलाए गए, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।मामला दो संप्रदाय से जुड़ा होने के बाद भी कोत वाल संजय सिंह ने इसे बहुत गंभीरता से नहीं लिया।इस मामले में पीड़िता उमा देवी पत्नी महेश नरायन द्वारा गांव के ही जाकिर, शाकिर,बकरीदी व सोनू के खिलाफ तहरीर दी गयी,जिसमें आरोप लगाया गया कि दूसरे समुदाय के दबंगों द्वारा उमा देवी व उसकी पुत्री मिथिलेश पाण्डेय को बुरी तरह पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी जा रही है।वहीं दूसरे पक्ष की खैरूल पत्नी जाकिर द्वारा इसी मामले में तहरीर दी गयी,जिसमें महेश नरायन, उमा, मिथलेश, संजय,नीरज व अज्ञात लोगों पर घर में घुसकर 20 हजार रूपए, जेवरात उठा ले जाने तथा घर के सामानों को तोड़फोड़ देने का आरोप लगाया गया। दो समुदायों से जुड़ा होने के बाद भी इस गंभीर मामले में कोतवाली देहात पुलिस ने महज एनसीआर दर्ज कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया, जबकि सूत्र बताते हैं कि इस घटना को लेकर दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ है। इसी गांव में हुई मारपीट की एक अन्य घटना में भी पुलिस ने एनसीआर ही दर्ज किया है।पीड़ित मेडिकल के मुताबिक धारा तरमीम कराने के लिए दौड़ रहे हैं लेकिन उन्हें समझाकर वापस भेज दिया जाता है। वहीं इन दोनों मामलों में पीड़ित पक्ष द्वारा देहात कोतवाली पुलिस पर तहरीर बदलवाने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि पुलिस इससे इंकार कर रही है। वहीं दूसरी तरफ, सुबह से दोपहर तक बड़ी संख्या में फरियादी पाकड़ के पेड़ की छांव तले चबूतरे पर बैठे रहे।पूछने पर बताए कि बड़े साहब से मिलना है।कोतवाल के कारखास द्वारा फरि यादियों को बताया गया कि साहब किसी मामले में उलझे हुए हैं।इसलिए मुलाकात मुश्किल है।दूसरे दिन आइए।

कोतवाली देहात परिसर में स्थित पाकड़ के पेड़ की छांव तले चबूतरे पर बैठकर एक व्यक्ति सिर्फ पीड़ितों की तहरीर लिखने का काम करता है, जो फोटो में साफ दिखाई दे रहा है।उक्त व्यक्ति द्वारा फरियादियों से तहरीर लिखने का 50 से 100 रूपए तथा सुलहनामा लिखने का 200 से 500 रूपए तक वसूला जाता है। बड़ा सवाल यह है कि क्या कोई व्यक्ति थाने के अंदर बैठकर फरियादियों से रूपए लेकर तहरीर लिख सकता है...?

कोतवाली देहात परिसर में बाहरी व्यक्ति को बैठाकर लोगों की तहरीर लिखाने के संबंध में सीओ सिटी आनंद राय का कहना है कि ऐसा नहीं हो सकता है।थाने के अंदर किसी को बैठाकर तहरीर नहीं लिखाई जा सकती है।उन्होंने कहा कि तमाम पीड़ित थाने पर पहुंचते हैं,जिन्हें तहरीर लिखाने की जरूरत होती है।वे बाहर से तहरीर लिखाकर ला सक ते हैं।यदि कोतवाली परिसर में ऐसा हो रहा है तो यह गल त है।ऐसा नहीं हो सकता है।इसे तत्काल दिखवा रहे हैं।

## ट्रांसफार्मर बदलने के कारण 18 मार्च को कल्पीपारा क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत वितरण उपखण्ड-प्रथम के उप खण्ड अधिकारी महेन्द्र कुमार ने बताया कि 18 मार्च 2025 को 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र-कल्पीपारा, बहराइच की क्षमतावृद्धि हेतु स्थापित 05 एम.वी.ए. पावर परिवर्तक के स्थान 10 एम.वी.ए. परिवर्तक की स्थापना का कार्य प्रस्तावित है। जिस कारण विद्युत उपकेन्द्र-कल्पीपारा, बहराइच के समस्त फीडर प्रातः 08 बजे से रात्रि तक बन्द रहेंगे। इस दौरान समस्त औद्योगिक उपभोक्ता एवं घोसियाना दरगाह, गल्लामण्डी, फलमण्डी, आसाम चौराहा, पहाड़ा पक्कड़, पलरीबाग, महराजगांव, सगरा आदि क्षेत्र विद्युत आपूर्ति से प्रभावित होंगे। श्री कुमार ने सभी सम्बन्धित विद्युत उपभोक्ताओं से तद्नुसार पूर्व से पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाएं करने की अपेक्षा की है।

## जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह मार्च के तृतीय शनिवार 15 मार्च को स्थानीय अवकाश तथा 16 मार्च को रविवार राजकीय अवकाश होने के कारण सोमवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये।

उल्लेखनीय है कि तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुए 22 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 02, तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 19 के सापेक्ष 02, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 14 के सापेक्ष 02, नानपारा में प्राप्त 07 के सापेक्ष 01, पयागपुर में प्राप्त 23 के सापेक्ष 01 का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 02 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए।

# हर कार्यकर्त्ता की समस्या का होगा निदान, सर्वेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । भारतीय जनता पार्टी अनुषांगिक संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के नेतृत्व में संगठन की बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष अंकुर सिंह ने बताया जिस प्रकार हमारे राष्ट्रीय महासचिव के नेतृत्व में संपूर्ण भारत में श्रमिकों के हितका री हो रहा हैं यह वास्तव में बहुत ही सराहनीय कार्य हो रहा है जो हम सब को मीडिया सोशल मीडिया के माध्यम से पता चल रहा है सर्वेश पाठक अभी दिल्ली,पंजाब, महा राष्ट्र गुजरात दौरे पर थे जोकि इनके कार्यक्रम में सभी प्रदे श में कार्यकर्ताओं ने बढ़ -चढ़कर संगठन के कार्यों में हि स्सा लिया करते है।वही कार्यक्रम जनता की अदालत के माध्यम से संगठन के पदाअधिकारी और कार्यकर्त्ता के विषय को प्रमुखता से सुनकर निदान किया जायेगा कार्य क्रम का मुख्य रूप से आयोजन देख रहे प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी प्रदेश महामंत्री अजय पाण्डेय ने बताया की मुझे खुशी है कि कार्यकर्ताओं के सदैव लोकप्रिय नेता हमारे राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के नेतृत्व में हम कार्य कर ते है जिन्होंने हमें प्रेरणा दिया है कि कोई भी कार्य जो संग ठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा लाया जाए उसका निदान तुरंत किया जाना चाहिए,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नौशाद कुरैशी कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि संगठन के जो प्रेरणा स्रोत के रूप में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी का आशीर्वाद हम सभी को प्राप्त है जिससे हम पूरे ऊर्जा के साथ कार्य करते हैं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे राष्ट्रीय महासचिव ने अपने उद्बोधन में कहा मैं संपूर्ण भारत में जरूर संगठन के कार्यों से बाहर रहता हूं परंतु जिस भी प्रदेश में जाता हूं वहां उत्तर भारती य के रूप में उत्तर प्रदेश के बहुसंख्यक लोग हमसे मिलते हैं और मेरा सम्मान भी करते हैं मैं उन सभी श्रमिकों को हृदय से प्रणाम करता हूँ मैं आपको बताना चाहता हूं कि आधी अधूरी जानकारी होने के कारण हमारे श्रमिक भाई भारत सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाते हैं संगठन ने तय किया है कि कार्यक्रम जनता की अदालत के माध्य म से भारत सरकार एवं राज्य सरकार के सभी विषयों को जोड़ने के लिए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहेगा जो कि प्रत्येक रविवार सभी जनपदों में इस कार्यक्रम का आ योजन किया जाएगा इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की योजनाओं से जोड़ना तथा कार्यकर्ताओं के साथ हो रही समस्याओं का निदान करना है इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य रहेगा उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है आशा करते हैं कि आप सभी पदाधिकारी का इसमें सहयोग मिलेगा जिसमें तरह-तरह के सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार कार्य क्रम भी कराए जाएंगे जिसकी टीम पूरी तरह से तैयार है हमारे राष्ट्रीय आईटी संयोजक सुमित शुक्ला के नेतृत्व उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के सभी इस कार्यक्रम का आयो जन हर रविवार को किया जाएगा जिसमें हम कार्यकर्ताओं के बीच सभी विषयों को प्रमुखता से संबंधित व्यक्ति के संपर्क में आकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

# मस्जिद-ए-आयशा में मुकम्मल हुआ तिलावते कुरान

**सजी मीलाद-ए-महफ़िल और गुलपोशी से हाफिज ए कुरान का हुआ इस्तकबाल**

**मुल्क-ए-हिन्द की तरक्की और खुशहाली के लिए मांगी गई दुआ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपिया की मुकामी आयशा मस्जिद में रमजान-उल-मुबारक का चांद देखकर शुरु हुई तरावीह के दौरान 14 रोजा में ही तिलावते कुरआन मुकम्मल हुआ। बाद नमाज़ ईशा मस्जिद में मिलाद-ए-महफ़िल सजाई गई, जिसमें नात व मन्कबत के शेर पढ़े गए सरकारे दो आलम, मदीने वाले आका पर सलातो सलाम की डालियां पेश की गई। इसके बाद फातहाखानी हुई , मुल्क-ए-हिन्द में अम्न चैन कायम रहने और कौम की तरक्की के लिए दुआ की गई। शीरीनी वगैरह तकसीम हुआ। मदरसा व मस्जिद की इंतेजामिया कमेटी की जानिब से तरावीह सुना रहे मेहमान हाफ़िज़ अरबाज अली क़ी गुलपोशी की गई और नारए तकबीर नाराए रिसालत से इसतकबाल हुआ। कम उम्र में ही बेहतरीन अंदाज में कुरान शरीफ सुनाने के लिए गोपिया की आवाम ने खूब तारीफ़ किया। प्रोग्राम को बेहतर बनाने में इंतजामिया कमेटी के सदर अब्दुल वाज़िद बेग, सेक्रेट्री मोहम्मद जमील कुरैशी, मुतवल्ली हाफिज अल्हाज इलयास अली, नायब सदर अहमद हुसैन और हज़रत कारी मुजफ्फर अली को सभी मेम्बरों ने गुलपोशी करके गले मिलकर मुबारकबाद पेश किया। तथा कमेटी को मजबूत करने की बात कही गई। इस मौके पर शकील अहमद, वाजिद बेग, जमील कुरैशी, शेख सफात, जाबिर शाह, अहमद हुसैन, इरफान, शफीक अहमद, मंजूर, अब्दुल अहद बेग, मुस्लिम, बाबूलाल, नादिर, बरसाती अहमद ,अकरम अंसारी, शब्बीर अहमद समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ ने ग्राम पंचायत कूरा के निरीक्षण में मिली खामियों पर सचिव को लगाई फटकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने सोमवार को विकास खण्ड तिलोई की ग्राम पंचायत कूरा का निरीक्षण किया।इस निरीक्षण के दौरान सामुदायिक शौचालय, रिकवरी रिसोर्स सेंटर और आंगनबाड़ी केंद्र में तमाम खामियां पाई गई जिस पर सीडीओ ने नाराजगी जाहिर करते हुये खण्ड विकास अधिकारी से सचिव से तीन दिनों में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने सामुदायिक शौचालय कूरा के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत में संचालित सामुदायिक शौचालय की स्थिति संतोषजनक नहीं थी।शौचालय के बाहर न तो नामित स्वंय सहायता समूह का नाम अंकित था और न ही इसके सदस्यों का विवरण प्रदर्शित किया गया था। इसके अलावा, शौचालय के खुलने और बंद होने का कोई उल्लेख नही था जिससे स्पष्ट हुआ कि इसका नियमित संचालन सुनिश्चित नही किया जा रहा है।साथ ही शौचालय के नल और पाइपलाइन खराब स्थिति में पाये गये और आगंतुकों के लिये उपस्थिति रजिस्टर भी उपलब्ध नही था।यह दर्शाता है कि शौचालय के रखरखाव की निगरानी पंचायत सचिव द्वारा नही की जा रही है जो अत्यंत गम्भीर विषय है। सीडीओ ने खण्ड विकास अधिकारी तिलोई को निर्देश दिया कि तीन दिवस के भीतर दोषी कर्मियों का स्पष्टीकरण प्राप्त कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करें। सीडीओ ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत निर्मित आरआरसी (रिकवरी रिसोर्स सेंटर) का भी निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि इसे सही तरीके से उपयोग में नही लाया जा रहा है। इस पर एडीओ पंचायत तिलोई और पंचायत सचिव कूरा से इसका कारण पूंछा गया किंतु वह कोई संतोषजनक उत्तर देने में असमर्थ रहे।निरीक्षण के समय मौके पर कंसल्टिंग इंजीनियर भी अनुपस्थित पाये गये जिससे परियोजना के समुचित संचालन में लापरवाही सामने आई। इस पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और खण्ड विकास अधिकारी, तिलोई को निर्देशित किया कि कंसल्टिंग इंजीनियर से स्पष्टीकरण प्राप्त कर प्रस्तुत करें। साथ ही, निर्माणाधीन आर.आर.सी. की विस्तृत जांच कर आख्या प्रस्तुत करने और सम्बंधित अधिकारियों से जवाब तलब करने के निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र कूरा द्वितीय का भी जायजा लिया गया। मौके पर आंगनबाड़ी सहायिका शिवपती उपस्थित थीं और लगभग आठ बच्चे भी मौजूद थे।

**सामुदायिक शौचालय पर स्वयं सहायता समूह का अंकित न होने पर जताई नाराजगी**

**आरआरसी सेंटर को उपयोग में नही लाने पर सीडीओ के सवाल पर बगले झांकने लगे सचिव**

जब उनसे केंद्र में पंजीकृत बच्चों की सूची और नामांकन रजिस्टर प्रस्तुत करने को कहा गया तो वे इसे उपलब्ध नहीं करा सकीं और कोई संतोषजनक उत्तर भी नहीं दिया।इसके अलावा यह भी पाया गया कि बच्चों के लिये दिया जाने वाला खाद्यान्न आंगनबाड़ी केंद्र पर उपलब्ध न होकर ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में रखा जा रहा था।

# राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में स्वामी दयानंद सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस हमें टीकाकरण से संबंधित बीमारियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों और एक स्वस्थ राष्ट्र की ओर निरंतर यात्रा की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च 1995 को भारत में पल्स पोलियो कार्यक्रम के साथ इस दिवस की शुरुआत हुई थी। संयुक्त प्रयासों के चलते विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 2014 में भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया गया।

**टीकाकरण की महत्ता**

युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने बताया कि टीकाकरण से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और यह सूक्ष्म जीवों को नष्ट करने में सहायक होता है। टीकाकरण न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की भी रक्षा करता है।

**टीकाकरण दिवस 2025 की थीम**

विद्यालय के प्रबंधक जयप्रकाश ने बताया कि हर वर्ष टीकाकरण दिवस के लिए एक विशेष थीम निर्धारित की जाती है।

**2025 के राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस का विषय है**

''जागरूकता बढ़ाकर और टीका लगवाने में हिचकिचाहट से निपटकर''।

इसका उद्देश्य समस्त राष्ट्र में टीकाकरण प्रयासों में भागीदारी बढ़ाना है।

प्रतियोगिता में विजेता हुए सम्मानित

इस अवसर पर आयोजित परिचर्चा कार्यक्रम में अंजू देवी और राहुल कुशवाहा ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम से नेहरू युवा केंद्र द्वारा टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों को गति मिली और लोगों को टीकाकरण का महत्व समझने का अवसर मिला है।

# डीएम ने निर्माणाधीन राजकीय कन्या महाविद्यालय कठौरा का किया स्थलीय निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को निर्माणाधीन राजकीय कन्या महाविद्यालय कठौरा जगदीशपुर का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया एवं संबंधित कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मौके पर कार्य बंद पाया गया कारण पूंछने पर कार्यदायी संस्था द्वारा बताया गया कि धन अभाव के कारण कार्य विगत पन्द्रह महीने से बंद है जिस पर जिलाधिकारी निशा अनंत ने धनावंटन के लिये शासन को पत्र भेजने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिया। बताते चलें कि कठौरा जगदीशपुर में दो सौ चालीस छात्राओं की क्षमता का राजकीय कन्या महाविद्यालय का निर्माण कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम द्वारा कराया जा रहा है इसमें बीए, बीएससी, बीकॉम की कक्षाएं संचालित की जायेगी जिसका सोमवार को जिलाधिकारी ने मौके पर जाकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित कार्यवाही संस्था को धन आवंटन के उपरांत शीघ्र कार्य पूर्ण कर भवन को हैंडओवर करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी निशा अनंत ने भवन में पानी, बिजली कनेक्शन के संबंध में जानकारी ली जिस पर बताया गया कि बिजली कनेक्शन दो से तीन दिन में करा लिया जायेगा।भवन के अंदर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बना पाया गया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान परिसर में पौधरोपण कराने के निर्देश दिये तथा कहा कि धन आवंटन के उपरांत शीघ्र अति शीघ्र कार्य पूर्ण करते हुये भवन को संबंधित विभाग को हैंडओवर करने को कहा।

# जनता जनार्दन प्रतिभा खोज परीक्षा के मेधावी चालीस बच्चों को मिलेगी नि:शुल्क शिक्षा : सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी,विकास क्षेत्र तिलोई क्षेत्र की जमुरवां न्याय पंचायत के परिषदीय विद्यालयों के चालीस बच्चों को जनता जनार्दन इण्टर कालेज द्वारा निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी।यह बात विद्यालय के प्रबंधक कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने विद्यालय में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में कही। बताते चलें कि बीते दिनों जनता जनार्दन इण्टर कालेज शंकरगंज के प्रबंधक कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह की पहल पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने न्याय पंचायत के सभी सत्ताइस प्राथमिक और पांच कम्पोजिट विद्यालयों में प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित कराई थी।परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले चालीस छात्रों को जनता जनार्दन इण्टर कालेज शंकरगंज द्वारा निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी।इस बात की घोषणा विद्यालय में सोमवार सायं आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक कृष्ण कुमार सिंह ने की।कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने प्रबंधक के निर्णय का स्वागत करते हुये कहा कि इस तरह के आयोजन से जहां बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है साथ ही परिषदीय विद्यालयों की तरफ इस तरह के आयोजन से आकर्षण भी बढ़ेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार द्विवेदी ने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का स्तर भी बढ़ेगा।प्रधानाचार्य वैभव मिश्र ने बताया कि इस प्रतिभा खोज परीक्षा में सत्ताइस प्राथमिक और पांच कम्पोजिट विद्यालयों के 499 छात्रों ने प्रतिभाग किया था जिसमें से प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले चालीस छात्र विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा हेतु चयनित हुये हैं और इस परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले एक सैकड़ा छात्रों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।प्रधानाचार्य ने बताया कि कापियों के मूल्याकन के बाद,सभी विद्यालयों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रबंधक द्वारा विद्यालय में पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार छात्रों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने और उनके प्रोत्साहन के लिये दिया गया।




**जनता जनार्दन इण्टर कालेज शंकरगंज में मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किया गया**

# मुसाफिरखाना के सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनपद अमेठी की चारों तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत ने तहसील मुसाफिरखाना में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की।सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये,शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण का निर्देश दिया।तहसील मुसाफिरखाना में कुल अठारह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील गौरीगंज में सोलह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो का निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में अठारह शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें एक का निस्तारण किया गया तथा तहसील तिलोई में छह शिकायतें प्राप्त हुई जिनके निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः दस बजे से बारह बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना पंकज कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# रामलीला मैदान में आयोजित हुआ होली मिलन मेला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन एवं नगर पालिका परिषद पूरनपुर के सौजन्य से आयोजित मायसेम रोटरी होली मेला कल धूमधाम से संपन्न हुआ। जिसमें देर रात तक लोगों ने ब्रज की रासलीला और फूलों की होली का आनंद लिया। मेले में लकी ड्रा भी निकाला गया।सर्वप्रथम मेले का शुभारंभ विधायक बाबूराम पासवान, अजीत प्रताप सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ मेले का शुभारंभ हुआ जिसमें मथुरा से आई मनोज बृजवासी की आर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा ब्रज की रासलीला,राम दरबार का मंचन,फूलों की होली, डांडिया सहित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए जिसको सभी दर्शकों ने बहुत ज्यादा सराहा। समारोह के बीच-बीच में कुछ मेधावी छात्र छात्राओं द्वारा विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने पर अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया जिसमें सत्यम गुप्ता,संदीप झा, रीत वर्मा,जुगराज सिंह आदि को स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया इसके अतिरिक्त शेरपुर रोड एवं बंडा रोड पर स्थित श्मशान घाट पर हो रहे निर्माण कार्य में आर्थिक सहयोग देने पर जितेंद्र सिंह, कमल किशोर, रवि गुप्ता, हर्ष गुप्ता, बृजेश गुप्ता, सौरभ सक्सेना सभासद,पीयूष आर्य सोनू आदि लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में भारी संख्या में पुरुषों और महिलाओं ने देर रात तक सम्मिलित होकर मेले का पूरा आनंद लिया अंत में रोटरी क्लब द्वारा एक लकी ड्रा निकाला गया जिसमें प्रथम पुरस्कार इलेक्ट्रिक स्कूटी अभय को मिली, द्वितीय पुरस्कार एलईडी टीवी नीरज सक्सेना को एवं तृतीय पुरस्कार रेफ्रिजरेटर डॉ. रोहित मिश्रा को मिला इसके अतिरिक्त 4 मिक्सर ग्राइंडर एवं 5 सीलिंग फैन भी निकाले गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोटरी क्लब के अध्यक्ष हर्ष गुप्ता, सचिव राजेश रस्तोगी, हर्ष प्रधान, प्रफुल्ल मिश्रा, वेद तिवारी, अमरजीत सिंह,अजमेर सिंह छीना, संजीव गुप्ता, संदीप गुप्ता बन्नू, डॉ.किरन अग्रवाल, अनुज गुप्ता सभासद, उदित सभासद, सुशील गुप्ता सभासद, राजेश कुमार सभासद, दिनेश भारती, विवेक तिवारी, दुर्वेश कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दिनेश गुप्ता द्वारा किया गया।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को उप निरीक्षक सुरेश कुमार मौर्या मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान सूरज मिश्रा पुत्र बृजेश कुमार मिश्रा निवासी ग्राम टिकरा बरेहटी थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब चौबीस वर्ष को एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को भेजा जेल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने बयालिस ग्राम स्मैक के साथ मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले गैर जनपद के एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत सोमवार को उप निरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान रामबृक्ष पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी असरफाबाद थाना महराजगंज जनपद रायबरेली उम्र करीब बीस वर्ष को समय करीब दस बजे दिन में बयालीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक अपराधिक मामले रायबरेली जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

## उपलब्धि : नगर पालिका ने एक और स्थल पर शुरू कराई निशुल्क जल सेवा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता अपने कार्यों से लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं और सभी तरफ उनके कार्यों की प्रशंसा भी होती रहती है। इसी क्रम को जारी रखते हुए पूरनपुर नगर पालिका लगातार विकास के नये अध्याय लिख रही है। जिसके अंतर्गत पूरनपुर नगर में नगर पालिका जगह-जगह फ्रीजर लगा रही है जिनकी संख्या 33 है जिसमें से 2 फ्रीज़र का उद्घाटन अभी पिछले कुछ दिनों में किया जा चुका है। नगर पालिका ने इस पुनीत कार्य को कराने के साथ-साथ सभी फ्रीज़र को नगर के प्रमुख व्यक्तित्व जिनका नगर में सामाजिक कार्यों में या सेवा कार्यों में अभिन्न योगदान रहा है, को उनकी स्मृति में संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत रविवार शाम रामलीला मैदान के गेट पर लगाए गए फ्रीज़र का उद्घाटन किया गया और जन हित में निशुल्क शीतल जल सेवा हेतु चलाया गया। इस अवसर पर पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह,जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रफुल्ल मिश्रा, नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान, डॉ.अनूप सिंह, डॉ दिनेश गुप्ता, नीरज रस्तोगी, नवनीत मिश्रा, हरिराम गौतम, दिनेश भारती, विवेक तिवारी,हरगोविंद बाजपेई, दुर्वेश कुमार व अन्य क़ई सम्मानित जन उपस्थित रहे।

## तीन द्विवसीय नि:शुल्क कृत्रम अंग वितरण प्रारम्भ

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। रोटरी क्लब सुल्तानपुर एवं श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर नई दिल्ली ब्रांच के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग कैलीपर और अन्य सहायक उपकरण का ट्रीटमेंट एवं वितरण का कार्यक्रम राधा रानी कुंवर कृष्ण इंटरमीडिएट कॉलेज सीता कुंड में चल रहा है जिसका शुभारंभ सोमवार को सुबह 10:00 बजे हुआ है। अभी तक लगभग 500 जरूरतमंदों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है यहां पर ट्राई साइकिल पर हाथ कान की मशीन सब दिया जा रहा है। डॉक्टर पुरुषोत्तम जो नई दिल्ली से आए हैं उन्होंने बताया कि निशुल्क कृत्रिम अंग कैलीपर व अन्य सहायक उपकरण जरूरतमंदों को निशुल्क दिया जा रहा है। 16 लोगों की टीम दिल्ली से आकर के यहां पर उपकरण बनाने का कार्य कर रही है यही नहीं जिनको कम से कम सुनाई देता है उनको कान की मशीन भी दी जा रही है, डॉ पुरुषोत्तम ने रोटरी क्लब के सभी सहयोगियों को अच्छे सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी लोगों का सहयोग बहुत ही सराहनीय है।

# कार्यकर्ताओं का सम्मान रहेगा सर्वोपरि : सुशील त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। भाजपा के नये जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी का दूसरे दिन बिजेथुआ धाम जाते समय भाजपाइयों ने डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों पर स्वागत किया। सबसे पहले भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी व निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने जिला प्रभारी व प्रदेश मंत्री मीना चौबे का सुलतानपुर पहुंचने पर स्वागत किया। इसके बाद पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सीताशरण त्रिपाठी आदि के साथ महापुरुषों पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। वही जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने पाण्डे बाबा धाम का दर्शन-पूजन के बाद कादीपुर पटेल चौक पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। जगह-जगह हुए कार्यकर्ताओं व समर्थकों के स्वागत से गदगद जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने सबका आभार जताया और कहा आप द्वारा किया गया स्वागत दिल को छूने वाला है। उन्होंने जगह-जगह कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा हमारे लिए कार्यकर्ता का सम्मान सदैव सर्वोपरि रहेगा। भारतीय जनता पार्टी विचारधारा की पार्टी है। सर्व समाज की पार्टी है।जिसमें कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ व पूंजी है। मिशन - 2027 में बम्पर जीत के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से कमर कस तैयार रहना होगा।पार्टी की नीति-रीति व सरकार के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना होगा। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी को बिजेथुआ महावीरन धाम जाते समय टेढुअई, टाटियानगर, महादेवपुर चौराहा, बरौसा बाजार, मोतिगरपुर समेत डेढ़ दर्जन स्थानों पर स्वागत हुआ। कादीपुर के पटेल चौक पहुँचने पर विधायक राजेश गौतम,नगर पंचायत अध्यक्ष आनन्द जायसवाल, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य घनश्याम चौहान,ब्लाक प्रमुख श्रवण मिश्र,लालमणि सिंह, मोहित सिंह आदि ने माल्यार्पण व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बिजेथुआ महावीरन धाम पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष विक्की वर्मा आदि ने स्वागत किया। इसके बाद जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, डा.आरए.वर्मा ने बिजेथुआ महावीरन धाम जाकर हवन-पूजन कर बजरंगबली का आशीर्वाद लिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सीएचसी अधीक्षक का मिला शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुलतानपुर। सोमवार को दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय के चिकित्साधिकारी डॉ रमेश यादव का शव उनके आवास के बाथरुम में मिला। स्वास्थ्य विभाग की सूचना पर बल्दीराय पुलिस घटना स्थल पहुच कर जांच शुरू की। घटना के अनुसार सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मातृत्व लाभ पर डा रमेश यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित थी, जब चिकित्सक डा रमेश यादव बैठक में नहीं पहुंचे तो विभाग के कर्मचारियों ने उनके आवास पर जाकर उन्हें बुलाया। बार-बार बुलाने के बावजूद भी कोई नहीं बोला तो कर्मचारियों ने उनके मोबाइल पर फोन करना शुरू किया लेकिन उनका फोन नहीं उठा तो कर्मचारियों को शंका हुई तो आवास के दरवाजे को तोड़ा गया। अंदर जाकर कर्मचारियों ने देखा कि डॉ रमेश यादव की लाश बाथरूम के अंदर पड़ी है, अचानक मौत की सूचना पर स्थानीय लोगों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जमावड़ा लग गया। प्रभारी निरीक्षक बल्दीराय धीरज कुमार मय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुच कर इसकी सूचना फारेसिक टीम को दी। मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओपी चौधरी पुलिस क्षेत्राधिकार सौरभ सामंत, अपर पुलिस अधीक्षक अखंड सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया और शव को पीएम के भिजवाया गया। घटनाक्रम के अनुसार डा रमेश यादव अंबेडकर नगर जनपद के थाना जलालपुर के ग्राम कि शुनपुर कबिरहा के मूल निवासी थे।



# अब आस्था भी डिजिटल ठगों के निशाने पर

प्रयागराज में महाकुंभ संपन्न हो गया जिसमें करीब 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। कुछ अप्रिय घटनाओं को छोड़ दें, तो सभी स्नान पर्व सकुशल संपन्न हुए। लेकिन देश में गहरे तक जड़ जमा चुके डिजिटल स्कैम की गूंज इसमें भी सुनाई दी। पुलिस, साधुओं तथा श्रद्धालुओं- सभी को डिजिटल स्कैमरों ने शिकार बनाया। डिजिटल स्कैम की सही संख्या बताना मुश्किल है लेकिन पर्यटक हैलीकॉप्टर बुक कराने, आश्रमों में ठहराने, रेलवे टिकट बुक करने जैसे मामलों में शिकार हुए हैं। फर्जी बेबसाइटों के माध्यम से उन्हें खासी रकम गंवानी पड़ी। ऐसे में जब चार धाम यात्रा का आगाज आगामी अप्रैल में होगा, तो यात्रियों को डिजिटल फ्रॉड से बचाने के लिए सरकार के साथ-साथ एआई महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। चार धाम यात्रा पर आने वाले भक्तों की संख्या हर वर्ष बढ़ ही रही है। बीते वर्ष यानी 2024 में चार धाम यात्रा के दौरान करीब 48 लाख भक्तों ने दर्शन किए। इस यात्रा में होटल-धर्मशाला, हैलीकॉप्टर बुकिंग, जल्दी दर्शन कराने आदि के नाम पर खूब फर्जीवाड़ा देखा गया है। सर्वाधिक फ्रॉड हैलीकॉप्टर से केदारनाथ की बुकिंग में सामने आए। सरकार व सभी एजेंसियां इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन से ही बुकिंग पर जोर देती हैं लेकिन कई बार जल्दबाजी या मिलती-जुलती नकली साइटों से बुकिंग करा लेने पर यात्री डिजिटल फ्रॉड के शिकार हो जाते हैं। स्कैमर फर्जी बेबसाइट बना देते हैं, जो हैली बुकिंग साइट जैसी नजर आती हैं। हर काम में एआई तेजी से मददगार बनकर सामने आयी है, तो चार धाम यात्रा में भी इसे महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। चार धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन बुकिंग प्रणाली में एआई का एकीकरण किया जाए तो यह सिस्टम यात्रियों की बुकिंग की जानकारी का विश्लेषण कर सकता है और डिजिटल फ्रॉड के पैटर्न को पहचान सकता है। इसके बाद स्कैमरों पर रोक लगाई जा सकती है। अगर एआई आधारित फ्रॉड डिटेक्शन अल्गोरिद्म विकसित हो तो यात्रियों की बुकिंग की जानकारी का विश्लेषण आसानी से हो सकेगा। इसके माध्यम से कौन डिजिटल फर्जीवाड़ा कर सकता है या कर रहा है, उसे पहचानकर रोका जा सकता है। बॉक्स के माध्यम से कई सिम एक साथ लगाकर भी स्कैम को अंजाम दिया जा रहा है। बुकिंग कराते समय एआई सिस्टम के जरिये फर्जी एजेंसियों से यात्री को अलर्ट किया जा सकता है।इस साल जब चारधाम की यात्र के लिए बुकिंग आरंभ हो, तो किस समय यात्री अधिक बुकिंग कर रहे हैं, कौन से दिनों की बुकिंग उनकी प्राथमिकता है, उसकी भी एआई सिस्टम वास्तविक समय में निगरानी कर सकता है। इस प्रक्रिया में डिजिटल फ्रॉड को पहचाना जा सकता है। स्कैमरों का पैटर्न हर दिन बदल रहा है दृ पहले लॉटरी , बैंक ओटीपी और अब साइबर अरेस्ट से आगे नई तरकीबों के बारे में सोच रहे हैं। एआई के माध्यम से वह नकली आवाज बनाकर डराते हैं और अगर यात्रा में ये स्कैम आरंभ हो गये तो तीर्थ यात्रियों के लिए बड़ा जोखिम होगा। एआई के माध्यम से इस आशंकित फ्रॉड को रोका जा सकता है। वहीं एआई सिस्टम सुरक्षित भुगतान प्रणाली भी विकसित कर सकता है।

> डिजिटल स्कैम की सही संख्या बताना मुश्किल है लेकिन पर्यटक हैलीकॉप्टर बुक कराने, आश्रमों में ठहराने, रेलवे टिकट बुक करने जैसे मामलों में शिकार हुए हैं। फर्जी बेबसाइटों के माध्यम से उन्हें खासी रकम गंवानी पड़ी। ऐसे में जब चार धाम यात्रा का आगाज आगामी अप्रैल में होगा, तो यात्रियों को डिजिटल फ्रॉड से बचाने के लिए सरकार के साथ-साथ एआई महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# क्या महिला किसानों तक पहुँच रही है तकनीक

> डिजिटल उपकरण कृषि में महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं। एप्लिकेशन और हेल्पलाइन वास्तविक समय के मौसम पूर्वानुमान, इष्टतम कृषि तकनीक और वर्तमान बाज़ार मूल्य प्रदान करते हैं। किसान सुविधा, पूसा कृषि और इफको किसान ऐप जैसे संसाधन महिला किसानों को अच्छी तरह से सूचित विकल्प बनाने में सहायता करते हैं। व्हाट्सएप ग्रुप और यूट्यूब ट्यूटोरियल सहकर्मी सीखने और ज्ञान के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करते हैं। यूपीआई, डिजिटल वॉलेट और ऑनलाइन बैंकिंग सहित डिजिटल भुगतान प्रणाली महिलाओं को सीधे ऋण और सब्सिडी सुरक्षित करने में सक्षम बनाती है। किसान क्रेडिट कार्ड और डिजिटल माइक्रोफाइनेंस प्लेटफ़ॉर्म जैसे कि पेटीएम और नाबार्ड के ई-शक्ति, महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। ई-एनएएम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) और एग्रीबाज़ार जैसे प्लेटफ़ॉर्म महिला किसानों को अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को बेचने की अनुमति देते हैं, जिससे बिचौलियों की ज़रूरत नहीं पड़ती। महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियाँ अपने जैविक कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग कर रही हैं। एआई तकनीकें मिट्टी के स्वास्थ्य, कीटों का पता लगाने और सटीक खेती की तकनीकों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करती हैं। उन्नत सिंचाई प्रणाली और सौर ऊर्ज़ा से चलने वाले पंप पानी के उपयोग को कम करने और महिला किसानों के शारीरिक कार्यभार को कम करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को समूह ऋण, प्रशिक्षण और कृषि संसाधनों तक पहुँच से लाभ होता है।

डिजिटल तकनीक और छोटे-मोटे हस्तक्षेपों ने भारतीय कृषि में महिलाओं के लिए परिदृश्य को काफ़ी हद तक बदल दिया है। इन नवाचारों ने महिला किसानों को भूमि स्वामित्व, बाज़ार तक पहुँच, वित्तीय समावेशन और ज्ञान के आदान-प्रदान से सम्बंधित पारंपरिक बाधाओं को तोड़ने में सक्षम बनाया है। डिजिटल उपकरण कृषि में महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं। एप्लिकेशन और हेल्पलाइन वास्तविक समय के मौसम पूर्वानुमान, इष्टतम कृषि तकनीक और वर्तमान बाज़ार मूल्य प्रदान करते हैं। किसान सुविधा, पूसा कृषि और इफको किसान ऐप जैसे संसाधन महिला किसानों को अच्छी तरह से सूचित विकल्प बनाने में सहायता करते हैं। व्हाट्सएप ग्रुप और यूट्यूब ट्यूटोरियल सहकर्मी सीखने और ज्ञान के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करते हैं। यूपीआई, डिजिटल वॉलेट और ऑनलाइन बैंकिंग सहित डिजिटल भुगतान प्रणाली महिलाओं को सीधे ऋण और सब्सिडी सुरक्षित करने में सक्षम बनाती है। किसान क्रेडिट कार्ड और डिजिटल माइक्रोफाइनेंस प्लेटफ़ॉर्म जैसे कि पेटीएम और नाबार्ड के ई-शक्ति, महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। ई-एनएएम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) और एग्रीबाज़ार जैसे प्लेटफ़ॉर्म महिला किसानों को अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को बेचने की अनुमति देते हैं, जिससे बिचौलियों की ज़रूरत नहीं पड़ती। महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियाँ अपने जैविक कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग कर रही हैं। एआई तकनीकें मिट्टी के स्वास्थ्य, कीटों का पता लगाने और सटीक खेती की तकनीकों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करती हैं। उन्नत सिंचाई प्रणाली और सौर ऊर्ज़ा से चलने वाले पंप पानी के उपयोग को कम करने और महिला किसानों के शारीरिक कार्यभार को कम करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को समूह ऋण, प्रशिक्षण और कृषि संसाधनों तक पहुँच से लाभ होता है। तेलंगाना में डेक्कन डेवलपमेंट सोसाइटी इन महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों के माध्यम से बाजरा की खेती का समर्थन करती है। महिलाओं पर बोझ कम करने में मदद करने के लिए बीज बोने वाले, हाथ से चलने वाले ट्रैक्टर और सोलर ड्रायर जैसे सरल कृषि उपकरण उपलब्ध हैं। सरकारी पहल मशीनीकृत उपकरणों के लिए सब्सिडी प्रदान करती है, जो महिलाओं के लिए फायदेमंद है। महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना जैसे एनजीओ और सरकारी कार्यक्रम आवश्यक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। डिजिटल साक्षरता पहल महिला किसानों को नए तकनीकी समाधानों को अपनाने के लिए सशक्त बनाती है। महिलाएँ जैविक खेती, पर्माकल्चर और जलवायु-स्मार्ट कृषि पद्धतियों में तेज़ी से शामिल हो रही हैं। वर्मीकम्पोस्टिंग पिट, छत पर बगीचे और कृषि वानिकी जैसे छोटे पैमाने के हस्तक्षेप स्थायी आय में योगदान करते हैं। टाटा ट्रस्ट्स द्वारा लखपति किसान पहल ने झारखंड में आदिवासी महिलाओं को कृषि प्रौद्योगिकी और ई-कॉमर्स में प्रशिक्षित किया है। डिजिटल ग्रीन पहल ग्रामीण महिलाओं को बेहतर खेती के तरीकों के बारे में शिक्षित करने के लिए वीडियो का उपयोग करती है। वाग्धारा जैसे किसान उत्पादन संगठन (एफपीओ) महिलाओं को सामूहिक रूप से बेहतर कीमतों पर बातचीत करने में सहायता करते हैं। आज की दुनिया में, डिजिटल तकनीक और छोटे-छोटे हस्तक्षेप कृषि में महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। परंपरागत रूप से, महिलाओं को निराई, थ्रेसिंग और डी-हल्किंग जैसे श्रम-गहन और समय लेने वाले काम सौंपे जाते रहे हैं। हालाँकि, मशीनीकरण उनके कार्यभार को हल्का करने में मदद करता है, जिससे उन्हें अधिक मूल्यवान कृषि गतिविधियों में संलग्न होने की अनुमति मिलती है। मोबाइल ऐप, हेल्पलाइन और सलाहकार सेवाओं सहित डिजिटल उपकरण महिलाओं को अप-टू-डेट बाज़ार और मौसम की जानकारी प्रदान करते हैं, जो बेहतर फ़सल योजना और संसाधन प्रबंधन में सहायता करता है। कई महिलाओं को ऋण और वित्तीय संसाधनों तक पहुँचने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो आधुनिक कृषि तकनीकों में निवेश करने की उनकी क्षमता को सीमित करता है। सौभाग्य से, डिजिटल भुगतान प्रणाली और ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म मछली विक्रेताओं और किसानों जैसी महिलाओं को स्वतंत्र रूप से लेन-देन करने में सक्षम बनाते हैं, जिससे बिचौलियों पर उनकी निर्भरता कम होती है। महिलाओं को कृषि मशीनरी चलाने के कौशल से लैस करके, ये छोटे-छोटे हस्तक्षेप जड़ जमाए हुए लैंगिक पूर्वाग्रहों को चुनौती देते हैं और महिलाओं को खेती में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाते हैं। सूचना और प्रौद्योगिकी तक पहुँच महिलाओं की पारंपरिक बाधाओं को दूर करने और अपनी स्वतंत्रता का दावा करने की क्षमता को बढ़ाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई महिलाएँ डिजिटल साक्षरता से जूझती हैं, जो मोबाइल एप्लिकेशन और ऑनलाइन सेवाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की उनकी क्षमता में बाधा डालती है। स्मार्टफ़ोन तक सीमित पहुँच और अविश्वसनीय इंटरनेट कनेक्शन से स्थिति और भी खराब हो गई है। सामाजिक मानदंड निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी को प्रतिबंधित करना जारी रखते हैं। घरेलू स्तर पर निवेश अक्सर उन तकनीकों पर केंद्रित होता है जो मुख्य रूप से पुरुषों को लाभ पहुँचाती हैं, महिलाओं की अनूठी ज़रूरतों की उपेक्षा करती हैं। इसके अतिरिक्त, सरकारी नीतियाँ और कृषि विस्तार सेवाएँ अक्सर लिंग-विशिष्ट मुद्दों को अनदेखा करती हैं। केवल 13% ग्रामीण महिलाओं के पास ज़मीन है, इसलिए ऋण और कृषि कार्यक्रमों तक उनकी पहुँच बहुत सीमित है। कृषि और मत्स्य पालन में मशीनीकरण के बढ़ने से महिलाओं की नौकरियाँ चली गई हैं, जिससे उन्हें अधिक अस्थिर और अनौपचारिक रोज़गार में जाना पड़ रहा है। मछली बाज़ारों में बड़े खरीदारों और निर्यात व्यापारियों के बढ़ते प्रभुत्व ने छोटे पैमाने की महिला विक्रेताओं को हाशिये पर धकेल दिया है, जिससे मछली की आपूर्ति और उचित मूल्य तक उनकी पहुँच सीमित हो गई है। हालाँकि मोबाइल एप्लिकेशन, ऑनलाइन मार्केटप्लेस और डिजिटल भुगतान प्रणाली नए अवसर प्रदान करती हैं, फिर भी कई ग्रामीण महिलाओं को स्मार्टफ़ोन, इंटरनेट एक्सेस और डिजिटल कौशल की कमी के कारण बाधाओं का सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट से पता चला है कि भारत में सिर्फ़ 31% ग्रामीण महिलाओं के पास स्मार्टफ़ोन हैं, जबकि पुरुषों के लिए यह आँकड़ा 51% है। इस अंतर को पाटने के लिए, सरकार की पहल महिला किसानों के लिए स्मार्टफ़ोन के लिए सब्सिडी दे सकती है। इसके अतिरिक्त, स्वयं सहायता समूहों में डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण को शामिल करना महत्त्वपूर्ण है। आपको क्या लगता है कि महिलाओं की तकनीक तक पहुँच को सीमित करने में किसका ज़्यादा प्रभाव पड़ता है: वित्तीय बाधाएँ या सामाजिक मानदंड? सोलर पंप, डिजिटल भुगतान प्रणाली और माइक्रोलोन जैसे छोटे पैमाने के समाधान तत्काल, उल्लेखनीय सुधार ला सकते हैं। दूसरी ओर, भूमि अधिकार और कृषि तकनीक को अपनाने जैसे व्यापक सुधारों के लिए नीतिगत बदलावों की आवश्यकता होगी और इसमें अधिक समय लगेगा। ओडिशा में, ''मिशन शक्ति'' पहल ने हज़ारों महिलाओं को वित्तीय साक्षरता और डिजिटल लेन-देन में सफलतापूर्वक शिक्षित किया है। हालाँकि, ई-एनएएम प्लेटफ़ॉर्म, जो भारत का डिजिटल कृषि बाज़ार है, अभी भी भूमि स्वामित्व चुनौतियों के कारण कम महिला भागीदारी से जूझ रहा है। आपको कौन-सी रणनीति महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अधिक प्रभावी लगती है: लक्षित, छोटे पैमाने के हस्तक्षेप या व्यापक प्रणालीगत सुधार? महिलाओं के नेतृत्व वाली कई एग्रीटेक स्टार्टअप इस क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण प्रगति कर रही हैं। उदाहरण के लिए, अपूर्वा बी. के. द्वारा स्थापित कमल किसान छोटे पैमाने के किसानों के लिए किफायती कृषि उपकरण प्रदान करता है, जबकि फ़ार्मिज़ेन जैविक फ़ार्म-टू-टेबल मॉडल के माध्यम से महिला किसानों को सीधे शहरी उपभोक्ताओं से जोड़ता है। क्या सरकार को महिलाओं के नेतृत्व वाली एग्रीटेक उपक्रमों के लिए समर्पित निधि प्रदान करने पर विचार करना चाहिए? **–प्रियंका सौरभ**

# ख्याति की बैसाखी बनता साहित्य में चौर्य कर्म

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

साहित्यिक चोरी आज बड़ी चुनौती बन गई है, जहां एक लेखक के विचारों, शब्दों या रचनाओं पर दूसरे लेखक द्वारा उचित स्वीकृति के बिना दावा किया जाता है। यह कृत्य न केवल साहित्यिक नैतिकता का उल्लंघन करता है बल्कि सच्चे लेखक की मौलिकता और रचनात्मकता को भी कमजोर करता है। कॉपी-पेस्ट करने का मुद्दा हिंदी साहित्य में तेजी से प्रचलित हो रहा है, खासकर इस डिजिटल युग में, जहां लेख, कविताएं और कहानियां ऑनलाइन आसानी से उपलब्ध हैं। साहित्यिक चोरी में किसी और के साहित्य को बिना श्रेय दिए लेना या उसमें मामूली बदलाव करके उसे अपना बताकर पेश करना शामिल है। यह व्यवहार मूल लेखकों के अधिकारों का उल्लंघन करता है और रचनात्मकता और मौलिकता को दबाता है। कुछ व्यक्ति इस हद तक चले जाते हैं कि वे दूसरों के साहित्य को अपना बता देते हैं। साहित्यिक चोरी के एक रूप में कहानी के पात्रों को बदलना और उसे मूल रचना के रूप में विपणन करना शामिल है। इस कुकृत्य में ऐसे लोग भी हैं जो स्थापित लेखकों की प्रसिद्ध कृतियों को अपनी कृति के रूप में प्रस्तुत करते हैं, तथा अक्सर साहित्यिक क्षेत्र में मान्यता और प्रसिद्धि पाने की कोशिश करते हैं। साहित्यिक चोरी तब होती है जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे लेखक के शब्दों को बिना अनुमति या उचित श्रेय दिए अपने शब्दों के रूप में प्रस्तुत करता है। इसमें वे स्थितियां भी शामिल हैं जहाँ कोई लेखक बिना उचित उद्धरण के अपने पहले से प्रकाशित साहित्यिक काम का पुनः उपयोग करता है। इसके अतिरिक्त, यदि कोई व्यक्ति मूल विचारों और संरचना को बरकरार रखते हुए किसी दूसरे की सामग्री में मामूली बदलाव करता है, तो उसे भी साहित्यिक चोरी माना जाता है। यह समस्या विभिन्न समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में प्रचलित है, और दुर्भाग्य से, यह आज भी जारी है। साहित्यिक चोरी के कई रूप हैं, और यहां तक कि दोहराव को भी रचनात्मक चोरी के रूप में देखा जा सकता है। उदाहरण के लिए, कई हिंदी लेखक होली या दिवाली जैसे त्योहारों के दौरान विभिन्न प्रकाशनों में अपनी रचनाएं पुनः प्रकाशित करते हैं। एक मजबूत समीक्षा संस्कृति की कमी ने साहित्यिक चोरी को साहित्य का एक परेशान करने वाला पहलू बना दिया है। आजकल, कोई भी किसी रचना को उसे बिना किसी जांच के प्रकाशित करवा सकता है, जिससे ऐसी स्थिति बन जाती है जहां मूल लेखक ठगे रह जाते हैं। 'निजी' पाठ्यक्रमों के लिए प्रसिद्ध लेखकों की कृतियां लेना और उन्हें अपने नाम से प्रकाशित करना आम बात हो गई है। इस व्यवहार को खत्म करने के लिए केवल आलोचना ही अपर्याप्त लगती है। साहित्यिक चोरी सिर्फ नए लेखकों या प्रसिद्धि चाहने वालों की ही बैसाखी नहीं है, यहां तक कि स्थापित हिंदी लेखक भी दूसरों की रचनाओं में थोड़ा-बहुत बदलाव करके उन्हें अपना बता देते हैं। साहित्यिक चर्चाओं में साहित्यिक चोरी के कई उदाहरण सामने आए हैं, जिनमें कुछ लेखकों पर प्रसिद्ध पुस्तकों के अंशों को अपनी रचनाओं में शामिल करने का आरोप लगाया गया है, जिससे अंततः उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। किसी अन्य लेखक के काम या विचारों का उपयोग करते समय, उचित श्रेय देना आवश्यक है। अपने स्वयं के विचारों और शैली को व्यक्त करके मौलिक लेखन को अपनाएं, यह सुनिश्चित करें कि हिंदी साहित्य में नए दृष्टिकोण और रचनात्मकता पनपे। दूसरों के काम की अनजाने में नकल करने से बचें। हिंदी लेखकों को अपनी बौद्धिक संपदा की रक्षा के लिए अपनी रचनाओं के लिए कॉपीराइट सुरक्षित करना चाहिए। साहित्यिक नैतिकता को बनाए रखें, और लेखकों और पाठकों दोनों को मौलिकता की वकालत करते हुए साहित्यिक चोरी के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। साहित्यिक चोरी के खिलाफ लड़ाई में आलोचक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अफसोस की बात है कि प्रकाशन उद्योग में कई संपादक साहित्य की बारीकियों को पूरी तरह से नहीं समझ पाते हैं। ऐतिहासिक संदर्भ की समझ की यह कमी इस मुद्दे की विडंबना को और बढ़ा देती है। मौलिक साहित्यिक कृतियों का प्रभावी ढंग से मूल्यांकन करने के लिए, स्तंभों या पत्रिकाओं के संपादक के रूप में काम करने वाले किसी भी व्यक्ति के पास साहित्य में मजबूत आधार और ज्ञान होना चाहिए। हिंदी साहित्य में साहित्यिक चोरी और कॉपी-पेस्ट की बढ़ती समस्या चिंताजनक है, लेकिन इससे निपटने के लिए प्रभावी उपाय किए जा सकते हैं। साहित्य की विशिष्टता को बनाए रखने और लेखकों के अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूकता को बढ़ावा देना और नैतिक मानकों का पालन करना आवश्यक है।

## सेहत मंत्र

# पाचन से लेकर इम्युनिटी बढ़ाने के लिए बेस्ट है हल्दी और काली मिर्च का कॉम्बीनेशन

हल्दी, जिसे गोल्डन मसाले के रूप में भी जाना जाता है और जो आपके खाने को एक अच्छा पीला रंग देती है, कई स्वास्थ्य लाभों से भरपूर है। यह तो लगभग सभी जानते होंगे कि हल्दी आपकी कई स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में मदद कर सकती है। लेकिन हल्दी और काली मिर्च का कॉम्बीनेशन आपके लिए काफी अच्छा हो सकता है। क्योंकि हल्दी और काली मिर्च दोनों ऐसे घटक हैं, जिनमें प्रमुख सक्रिय तत्व होते हैं, जो इन्हें बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं। हल्दी और काली मिर्च दोनो रसोई मे मौजूद ऐसी सामाग्रियां हैं, जो एंटी इंफ्लामेटरी, एंटीऑक्सिडेंट और डिजीज फाइटिंग गुणों से भरपूर हैं। आइए यहां हम आपको बताते है कि क्यों और कैसे यह आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छे हैं। हल्दी में सबसे प्रभावी और महत्वपूण तत्व होता है करक्यूमिन, जिसे करक्यूमिनोइड्स भी कहा जाता है। करक्यूमिन एक सक्रिय तत्व है और इसमें एंटी कैंसर गुण भी होता है, जो कैंसर से लड़ने में मददगार है। हल्दी में मौजूद करक्यूमिन पॉलीफ़ेनोल के रूप में सेहत के लिए कई फायदे देता है। यह एक मजबूत एंटीऑक्सीडेंट है और इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं। काली मिर्च में पाया जाने वाला आपकी कई बीमारियों में मदद करता है। पेपराइन एक बायोएक्टिव कंपाउंड है, जो कैप्साइसिन की तरह एक क्षारीय होता है। पेपराइन काली मिर्च में पाया जाने वाला एक सक्रिय घटक है। पेपराइन पाचन में सुधार, मतली और कई अन्य समस्याओं से राहत देने में मदद के लिए जाना जाता है। क्योकि यह भी हल्दी में मौजूद करक्यूमिन की तरह एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर है। बहुत से लोगों के मन में यह सवाल उठ सकता है कि जब यह दोनों ही घटक स्वास्थ्य के लिए इतने प्रभावी हैं, तो इनका अलग-अलग इस्तेमाल करना भी तो फायदेमंद हो सकता है। आपका सोचना बिलकुल सही है, हालांकि, हल्दी और काली मिर्च को अकेले भी इस्तेमाल किया जा सकता है लेकिन इनका कॉम्बीनेशन क्यों बेस्ट इसका जवाब डा. स्वाती बथवाल यहां बता रही हैं।

## धर्म मंत्र

# भगवान शंकर का अवतार माना जाता है बजरंग बली को

वैसे तो देवी के कई स्वरूप हैं, पर मूल रूप से वे सभी माता पार्वती के ही विभिन्न रूप या अंश हैं, वही माता पार्वती जो शिव जी की पत्नी हैं। एक बार भगवान शंकर ने उन्हें मजाक में काली कह दिया जिस पर वे रुष्ट हो गईं कि शिव उनके वर्ण का मजाक बना रहे हैं। नाराज हो कर वो वन में गहन तप करने चली गईं। उसी स्थान पर एक भूखा शेर भी था जिसे भोजन की तलाश थी। भूख से व्याकुल शेर ने जब तपस्यारत पार्वती को देखा तो सोचा की वो उन्हीं का शिकार करके अपनी भूख शांत करेगा। वो पार्वती जी का तप पूर्ण होने का इंतजार करने लगा ताकि उनका आखेट कर सके। ये तपस्या कई वर्ष तक चली और शेर भी एक तरह से तपस्या रत हो कर वहीं बैठा रहा। पार्वती की तपस्या से भगवान शिव अत्यंत प्रसन्न हुए और वहां प्रकट हो कर उन्हें गौर वर्ण का आर्शिवाद भी दिया। जल में स्नान करके गोरी हुई पार्वती जब चलने को तैयार हुईं तब उन्होंने शेर को देखा और प्रतीक्षा का भी उन्हें ज्ञान हुआ। पार्वती जी ने इस प्रतीक्षा को एक कठिन प्रतीक्षा का द़र्जा दिया और शेर पर अत्यंत प्रसन्न हुईं। कहते हैं कि तभी से पार्वती ने डनहें अपना वाहन बनने का आर्शिवाद दिया और दुर्गा के रूप में शेर उनका प्रिय वाहन बना।

## पर्यटन



# रहस्यों से भरा है मध्य प्रदेश का 'असीरगढ़ किला'

मध्य प्रदेश देश की विविधतापूर्ण संस्कृति और धरोहरों को संजोए हुए है। जिसमें से एक है बुरहानपुर जिला, जहां आपको घूमने-फिरने की कई जगहें मिलेंगी। तो आइए चलते हैं ऐसी ही एक जगह असीरगढ़ किले की ओर। इंदौर-इच्छापुर राजमार्ग के किनारे सतपुड़ा की ऊंची पहाड़ी पर ऐतिहासिक व अभेद्य असीरगढ़ का किला स्थित है। इसका पहला भाग मलयगढ़, दूसरा भाग कमरगढ़ और सबसे ऊपर असीरगढ़ कहलाता है। रहस्यों से भरा यह किला हर किसी को आकर्षित करता है। कहा जाता है कि 1375 ईस्वी से पहले इस किले पर आशा अहीर नामक व्यक्ति पशुपालन किया करता था। इससे उसके पास इतना धन इकट्ठा हो गया कि आसपास के राजा-महाराजा उससे कर्ज लिया करते थे। जब इस बात की खबर खानदेश के सुल्तान नसीर खान फारुकी को लगी तो उसने छल से किले पर अपना अधिकार जमा लिया। इस तरह किला फारुकी राजाओं के अधीन आ गया। 200 साल तक फारुकी वंश ने यहां से शासन किया। वर्ष 1601 में मुगल सम्राट अकबर ने किले को अपने कब्जे में ले लिया और उसके बाद यहां से शुरू हुआ मुगलों का दक्षिण भारत का विजय अभियान। 1731 तक यह किला मुगलों के पास रहा। उसके बाद इस पर निजाम हैदराबाद का अधिकार हो गया। 1800 ईस्वी तक आते-आते इस किले पर मराठों का वर्चस्व हो गया और 1830 के आसपास इस पर सिंधिया परिवार ने अधिकार कर लिया। 1857 तक आते-आते यह अंग्रेजों के हाथ में चला गया। इतिहास इस बात का साक्षी है कि अंग्रेजों ने यहां से पूरे मालवा प्रांत, दक्षिण भारत और महाराष्ट्र जैसे राज्यों पर नियंत्रण किया। 1906 में अंग्रेजों ने इसे खाली कर दिया। तब से इस पर किसी का अधिकार नहीं रहा और वहीं से इस किले की बर्बादी की दास्तान शुरू हो गई। आज भी यह भारत के प्रमुख किलों में गिना जाता है। देशभर के अलावा विदेश से भी पर्यटक इसे निहारने और इसके इतिहास व रहस्यों से रूबरू होने आते हैं।

# कासिम बने सभासद संघ कार्य समिति सदस्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जैदपुर बाराबंकी। सभासद संघ उत्तर प्रदेश नगरीय निकाय की लखनऊ स्थित मुख्यालय मे आयोजित बैठक में मो कासिम सभासद जैदपुर को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष अरशद उल्लाह और संरक्षक डाक्टर अमित सिह चौहान विधायक बीकापुर राष्ट्रीय प्रभारी दिलीप कुमार दीक्षित की सहमति पर पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से प्रदेश संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए मो कासिम को प्रदेश कार्य समिति का सदस्य मनोनीत किया।मानो नयनपुर कासिम ने प्रदेश पदाधिकारी का आभार जताया।इस मौके पर राजेश शर्मा फक्कड़ प्रदेश उपाध्यक्ष अतहर मलिक प्रदेश सदस्य और मौलाना अबु दुजाना नदवी सभासद मो नसीम शाहे आलम निजामुद्दीन टेकचन्द्र मो ताहिर सायम मेंहदी राम सिंह अबसार अंसारी मो अल्ताफ मो आलम अंसारी मौलाना वदूद अंसारी फरमान अंसारी मो शादाब मो फरजान चाँद खान मास्टर मो अहमद शयामू सोनी कृष्ण गोपाल सोनी अनिल गुप्ता आदि ने मुबारक़ दी।

# निर्माणाधीन 50 लाख से अधिक की परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## परियोजनाओं का कार्य गुणवत्तापूर्ण व समय से हो पूरा : डीएम

बाराबंकी। सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद की 50 लाख से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण एवं सांसद निधि योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की अद्यावधि समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं, उन्हें सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर कर दिया जाए तथा जो परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाए। सिरौलीगौसपुर आईटीआई का कार्य अबतक हैंडओवर हो जाना चाहिए था परंतु नहीं हुआ, इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिये। दसवीं वाहिनी पीएसी में नाला निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूरा किया जाए। बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत जिन भवनों के निर्माण कार्य पूरे हो गए, जांच के बाद उन्हें सम्बन्धित विभाग को हैंडओवर कर दिया जाए। पर्यटन विभाग के विकास कार्य समय पर पूर्ण कर हैंडओवर किया जाए। जिला चिकित्सालय और जिला महिला चिकित्सालय में अधूरे कार्यो को शीघ्र पूरा किया जाए। सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में बन रहे मंडप का कार्य और राज्यकर कार्यालय भवन में चल रहे कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए। आईटीआई जहाँगीराबाद में निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण कराया जाए। पीएमजेएसवाई की जो सड़कें अभी अधूरी है उन्हें भी समय से पूरा करा लिया जाए। सांसद निधि के कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य समय पर पूर्ण कराये जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रांतीय खण्ड की जो परियोजनाएं अधूरी है उन्हें समय से पूरा किया जाए। जिले की जिन भी परियोजनाओं में पटाई के लिये मिट्टी की जरूरत है उसके लिये सरकारी स्तर पर नियमानुसार मिट्टी की व्यवस्था कराई जाएगी। देवा में पशु चिकित्सालय के अनिवासी भवन का निर्माण कार्य व बनीकोडर विकास खण्ड में बुढ़वा बाबा मंदिर में पर्यटन विभाग के विकास कार्यों को समय पर पूर्ण कराया जाए। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा व सतरिख में प्रयोगशाला के निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण किया जाए। राजकीय जिला पुस्तकालय में प्रथम तल का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने परियोजनाओं के सत्यापन हेतु नामित नोडल अधिकारी एवं तकनीकी अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं का सत्यापन प्रत्येक माह करते रहे तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण में गुणवत्ता के सम्बन्ध में कोई कमी पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग एवं अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को निर्देशित किया कि सभी सड़कों का निर्माण यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें, जिससे लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं का निर्माण कार्य समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। सत्यापन में लगाये गये नोडल अधिकारियों द्वारा जो कमियां अंकित की जा रही है, उसका समाधान कराकर अनुपालन आख्या अवश्य उपलब्ध करायें। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत आवास निर्माण के कार्यों व जलनिगम शहरी के तहत पानी की टंकी सहित सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व समय पर पूर्ण किए जाए।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित द्वारा होली मिलन समारोह में किया प्रतिभाग



## डीएम ने समस्त कलेक्ट्रेट कर्मचारियों को टीका लगाकर व होली मिलकर पर्व की दी बधाई नई ऊर्ज़ा के साथ करें कार्यः डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने आज उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ द्वारा लोकसभागार, कलेक्ट्रेट में आयोजित द्वारा होली मिलन समारोह में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के समस्त सदस्यों को टीका लगाकर होली मिलन किया। इस अवसर पर विभिन्न सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करके सभी को होली की बधाई दी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि सभी लोग पूरी लगन और निष्ठा के साथ अपने दायित्यों का निर्वहन करें और अपने कार्यों में गुणवत्ता लाते हुए अपनी प्रतिभा को निखारे। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नई ऊर्ज़ा के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्री इंद्रसेन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री काव्या सी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट श्री के0डी0 शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी, श्री गुरुसहाय निमग, शिवकुमार वर्मा, प्रशासनिक अधिकारी एवं संयोजक कलेक्ट्रेट संघ, श्री श्यामलाल गौतम जिलाध्यक्ष एवं श्री मनीष शुक्ला महामंत्री उ0 प्र0 मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ सहित श्री आशीष कुमार श्रीवास्तव, लेखाकार कलेक्ट्रेट एवं समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों सहित कलेक्ट्रेट परिवार के सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने सीएचसी जाटा बरौली का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

## समय से कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ साफ-सफाई के दिये निर्देश

## डीएम ने देखी सीएचसी की स्वास्थ्य सेवाएं

बाराबंकी। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जाटा बरौली का निरीक्षण किया। कई स्थानों पर गंदगी मिली जिसकी साफ़-सफाई के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर की बाउन्ड्री पर उपले (कंडे) रखे देख नाराजगी जताई और शौचालय सहित परिसर की साफ-सफाई के निर्देश दिए। अस्पताल में डेंटल कक्ष का निरीक्षण किया और डॉक्टर से आरसीटी सहित अन्य मरीजों के विषय में जानकारी ली। अस्पताल में लगी अल्ट्रासाउंड मशीन कक्ष का निरीक्षण किया और अल्ट्रासाउंड कराने वाले मरीजों के विषय जानकारी ली।

**पर्चे पर डॉक्टर की मुहर और साइन के दिये निर्देश**

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में दीपक, शिवदेवी और शांति आदि मरीजों के पर्चे को देखा जिस पर डॉक्टर की मुहर व साइन नहीं थी जिस पर जिलाधिकारी ने मरीजों के पर्चे पर डॉक्टर की साइन व मुहर लगाने के निर्देश दिए।

पैथालॉजी कक्ष में जनरेटर कनेक्शन न होने पर जताई नाराज़गी

जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाटा बरौली के निरीक्षण के दौरान देखा कि पैथालॉजी कक्ष में जनरेटर व बिजली का कनेक्शन नहीं है, जिस पर अधीक्षक ने बताया कि अभी यह भवन 3 हप्ते पहले ही हैंडओवर हुआ है जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल जनरेटर का कनेक्शन करवाने के निर्देश दिए।

पंजीकरण कक्ष का देखा रजिस्टर

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पंजीकरण कक्ष में रजिस्टर को देखा। जिसमें आज 118 मरीजों की ओपीडी बताई गई। जिलाधिकारी ने ओपीडी सहित चिकित्सक ड्यूटी सम्बन्धी रजिस्टर को भी देखा और आवश्यक निर्देश दिए। औषधि भंडार कक्ष का किया निरीक्षण जिलाधिकारी ने अस्पताल के औषधि भंडार कक्ष का निरीक्षण किया और दवाओं की उपलब्धता देखी, और सभी जरूरी दवाएं रखने के निर्देश दिए। परिसर में निष्प्रयोज्य वाहनों को हटाने के दिये निर्देश जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान देखा कि 102 व 108 की दो एम्बुलेंस निष्प्रयोज्य खड़ी है जिसपर उन्हें परिसर से हटाने के निर्देश दिए। 2012 की स्पायर दवाएं कूड़े में मिली, डीएम ने दिए जांच के निर्देश

सीएचसी जाटा बरौली के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने देखा कि कूड़ा डिस्पोजल हेतु बनाये गए डिस्पोजलपिट(कूड़ा गढ्ढे) में तमाम दवाएं पड़ी है। जिस पर जिलाधिकारी ने इसके विषय में जानकारी कराई तो पता चला कि वर्ष 2012 में ही यह दवाएं स्पायर हो चुकी थी, जिन्हें निरीक्षण की सूचना मिलने पर डिस्पोजल पिट में फेंक दिया गया था। जिलाधिकारी ने उक्त मामले में कड़ी नाराजगी जताते हुए जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए।

बिना सूचना के अनुपस्थिति चिकित्सक पर कार्यवाही के दिये निर्देश

सीएचसी जाटा बरौली में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सकों की उपस्थिति का रजिस्टर देखा तो उसमें एक चिकित्सक अधिकारी डॉ. सचिन जो लगातार कई दिनों से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थे जिस पर अधीक्षक भी सन्तोष जनक जवाब नहीं दे पाए जिस पर जिलाधिकारी ने अनुपस्थित चिकित्सक पर कार्यवाही के निर्देश दिये।

**संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने के दिये निर्देश**

जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने सीएचसी जाटा बरौली के निरीक्षण के दौरान देखा कि अस्पताल में संस्थागत प्रसव की संख्या बहुत कम है। जिस पर जिलाधिकारी ने अधीक्षक को निर्देशित किया कि अस्पताल में संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर जोर दिया जाए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने कुष्ठ रोगियों की संख्या और उनको दी जा रही दवाओं के विषय में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस सुश्री काव्या सी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव, सीएचसी अधीक्षक कुलदीप मौर्या सहित सम्बंधित अधिकारी व चिकित्सक स्टॉफ उपस्थित रहा।

## इसराइल व जापान में नौकरी का अवसर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेवायोजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि सेवायोजन विभाग के पर नर्सिंग, केयर गिवर एवं सहायक नर्स के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन कर आवेदन कर सकते है इस कम में इजराइल में पुरुष / महिला के कुल 5000 होम बेस्ड केयर गिवर पद पर रू0 121818.00 वेतन हेतु शैक्षिक योग्यता नर्सिंग डिप्लोमा होने के साथ उम्र 25 से 45 वर्ष हो तथा जापान में पुरुष / महिला के कुल 50 केयर गिवर के पद वेतन रू0116976.00 हेतु शैक्षिक योग्यता नर्सिंग डिप्लोमा व उम्र 20 से 27 वर्ष हो एवं जर्मनी में पुरुष / महिला के कुल 250 सहायक नर्स के पद वेतन रू0 229925.00 हेतु शैक्षिक योग्यता नर्सिंग डिप्लोमा होने के साथ ही आयु 24 से 40 वर्ष होना चाहिए। उक्त पदो के लिए आवेदन 31 मार्च 2025 निर्धारित है तथा आवेदक द्वारा उपरोक्त पदों भर्ती हेतु पूर्ण विवरण पोर्टल पर उपलब्ध होने के साथ ही जिला सेवायोजन कार्यालय बाराबंकी में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त किया जा सकता है ।

## टैंकर डंपर में भिड़ंत कई घंटे तक अवरूद्ध रहा आवागमन

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ –महमूदाबाद मार्ग पर बसारा गांव और कुर्सी के बीच स्थित पेट्रोल पंप के पास सोमवार सुबह डंफ़र व दूध लेकर जा रहे टैंकर में आमने–सामने भिड़ंत हो गई।हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।टैंकर दूध लेकर उमरा औधोगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री को जा रहा था।जबकि डंफ़र गिट्टी लेकर सीतापुर जनपद के महमूदाबाद जा रहा था।हादसे में दोनों चालक बाल–बाल बचे। दोनों वाहनों में भिड़ंत के बाद मुख्य मार्ग पर कई घंटे तक आवागमन ठप रहा।घटना के करीब दो घंटे बाद क्रेन लेकर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क से किनारे कराया तब जाकर जाम खुल सका।इस दौरान करीब दो घंटे तक जाम लगा रहा। जाम खुलने के बाद लोग अपने गंतव्य को रवाना हो सके।कुर्सी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया दोनों वाहनों के चालकों को मामूली चोटे आई।को हल्की–फुल्की चोटे आई थी।दोनों के मध्य आपसी सुलह हो गया।

## करंट की चपेट में भैंस मेरी जमीन पर रखा है ट्रांसफार्मर

निदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत पिडसावा चौराहा पर खुले मैदान में जमीन ट्रांसफार्मर रखा है। करंट की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गई।स्थित दुकानों व मकानों को विद्युत आपूर्ति के लिए 100 के वी का ट्रांसफार्मर करीब दो वर्ष पहले रखा गया था। सोमवार को कस्बा निवासी देशराज यादव की एक पड़िया खुले मैदान में रखे इस ट्रांसफार्मर की चपेट में आ गई।दूध व्यापारी देशराज ने बताया कि 50 हजार में खरीद कर लाए थे।मवेशी की मौत से आर्थिक नुकसान हो गया है।देशराज ने विद्युत विभाग से नुकसान के मुआवजे की मांग की है।

कुर्सी उपखंड अधिकारी सर्वेश कुमार ने बताया कि विभागीय नियमानुसार जो भी संभव मदद होगी वह दिलाई जाएगी और ट्रांसफार्मर की भी फेंसिंग जल्द ही कराई जाएगी।

## तहसील बार चुनाव की सर गर्मी बढी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आगामी 22 अप्रैल को होने वाले रामनगर तहसील बार एसोसिएसन के वार्षिक चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं।सोमवार को बार भवन में विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री हुई जिसमें करीब 30 प्रत्याशियों ने पर्चे खरीदे।अध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता वेदप्रकाश श्रीवास्तव जगदंबा सिंह मानसिंह व अनिल दीक्षित ने पर्चा खरीदा उपाध्यक्ष तृतीय हेतु अधिवक्ता मुकेश शुक्ला ने पर्चा लिया व अन्य पदों हेतु कई उम्मीदवारो पर्चा खरीदा।मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे जबकि बुधवार सुबह 10 बजे तक पर्चे वापस लिए जा सकेंगे।चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन व अन्य वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने मण्डी में स्थापित गेहूँ क्रय केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने पीलीभीत मण्डी में स्थापित खाद्य विभाग गेहूँ क्रय केन्द्र सहित अन्य क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गेहूँ क्रय केन्द्र पर बैनर सहित समस्त व्यवस्थाऐं उपलब्ध पाई गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मण्डी में स्थापित क्रय केन्द्रों के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रय केन्द्रों पर वारदाना, कांटा बांट, नमी मापक यंत्र आदि के बारे में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि गेहूँ खरीद के उपरान्त पूर्ण दायित्व है कि गेहूँ का भण्डारण कराना सुनिश्चित करें।

# जय गुरुदेव धर्म प्रचारक यात्रा का पहला पड़ाव बेहटा में 57 दिवसीय जन जागरण यात्रा का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मुख्यालय मथुरा से संस्थाध्यक्ष सन्त पंकज जी महाराज के सानिध्य में 57 दिवसीय शाकाहार सदाचार, मद्यनिषेध आध्यात्मिक वैचारिक जनजागरण यात्रा ने आज विकासखण्ड त्रिवेदीगंज के ग्राम बेहटा में पहला पड़ाव किया। यहाँ कल प्रातः 11 बजे से सत्संग कार्यक्रम आयोजित है। विदित हो कि जनजागरण यात्रा जिला बाराबंकी में 57 दिनों तक भ्रमण करेगी। पड़ाव स्थलों पर सन्त पंकज जी महाराज के प्रवचन होंगे। आयोजकों द्वारा जनसामान्य से अपनी सुविधानुसार आयोजन स्थलों पर पधारकर सत्संग में भाग लेने का अनुरोध किया है। जन जागरण यात्रा का दूसरा पड़ाव कल 18 मार्च को -बेहटा, न्याय पंचायत भिलवल,त्रिवेदीगंज व लोनी कटरा में होगा। इसी प्रकार 19मार्च-नरदही, न्याय पंचायत रामनगर के त्रिवेदीगंज व लोनी कटरा,20 मार्च रांभी, न्याय पंचायत रामनगर के त्रिवेदीगंज व लोनी कटरा, 21मार्च बहरामपुर, न्याय पंचायत खरसतिया विकास खण्ड हैदरगढ़,22 मार्च को रामपुर, न्याय पंचायत के कमेला हैदरगढ़ 23 मार्च बरगदहा, न्याय पंचायत सुबेहा व 24 मार्च को रसूलपुर, न्याय पंचायत के ग्राम रसूलपुर विखं बनीकोडर व असन्दा में 25 मार्च को धनौली, न्याय पंचायत मवइया में 26 मार्च कादीरपुर, न्याय पंचायत मंशारा वि.खंड सिद्धौर,27 मार्च पहाड़ापुर घाट, न्याय पंचायत सादुल्लापुर में,28 मार्च हधौंधा, न्याय पंचायत कोटवा सड़क व 29मार्च को विश्रामपुरवा पतुलूकी, न्याय पंचायत लालगंज व 30 मार्च को मालिनपुर, न्याय पंचायत के मझेला तथा 31मार्च विखं पूरेडलई के रानीमऊ तराई, न्याय पंचायत सेमरी में अध्यात्मिक वैचारिक जन जागरण यात्रा का पड़ाव के मध्य प्रातः 11बजे से सत्संग कार्यक्रम आयोजित होगा।

# निर्माणाधीन 50 लाख से अधिक की परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## परियोजनाओं का कार्य गुणवत्तापूर्ण व समय से पूरा करने के दिये निर्देश

बाराबंकी। सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद की 50 लाख से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण एवं सांसद निधि योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की अद्यावधि समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं, उन्हें सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर कर दिया जाए तथा जो परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाए। सिरौलीगौसपुर आईटीआई का कार्य अबतक हैंडओवर हो जाना चाहिए था परंतु नहीं हुआ, इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिये। दसवीं वाहिनी पीएसी में नाला निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूरा किया जाए। बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत जिन भवनों के निर्माण कार्य पूरे हो गए, जांच के बाद उन्हें सम्बन्धित विभाग को हैंडओवर कर दिया जाए। पर्यटन विभाग के विकास कार्य समय पर पूर्ण कर हैंडओवर किया जाए। जिला चिकित्सालय और जिला महिला चिकित्सालय में अधूरे कार्यो को शीघ्र पूरा किया जाए। सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में बन रहे मंडप का कार्य और राज्यकर कार्यालय भवन में चल रहे कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए। आईटीआई जहाँगीराबाद में निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण कराया जाए। पीएमजेएसवाई की जो सड़कें अभी अधूरी है उन्हें भी समय से पूरा करा लिया जाए। सांसद निधि के कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य समय पर पूर्ण कराये जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रांतीय खण्ड की जो परियोजनाएं अधूरी है उन्हें समय से पूरा किया जाए। जिले की जिन भी परियोजनाओं में पटाई के लिये मिट्टी की जरूरत है उसके लिये सरकारी स्तर पर नियमानुसार मिट्टी की व्यवस्था कराई जाएगी। देवा में पशु चिकित्सालय के अनिवासी भवन का निर्माण कार्य व बनीकोडर विकास खण्ड में बुढ़वा बाबा मंदिर में पर्यटन विभाग के विकास कार्यों को समय पर पूर्ण कराया जाए। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा व सतरिख में प्रयोगशाला के निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण किया जाए। राजकीय जिला पुस्तकालय में प्रथम तल का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने परियोजनाओं के सत्यापन हेतु नामित नोडल अधिकारी एवं तकनीकी अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं का सत्यापन प्रत्येक माह करते रहे तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण में गुणवत्ता के सम्बन्ध में कोई कमी पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग एवं अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को निर्देशित किया कि सभी सड़कों का निर्माण यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें, जिससे लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं का निर्माण कार्य समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। सत्यापन में लगाये गये नोडल अधिकारियों द्वारा जो कमियां अंकित की जा रही है, उसका समाधान कराकर अनुपालन आख्या अवश्य उपलब्ध करायें। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत आवास निर्माण के कार्यों व जलनिगम शहरी के तहत पानी की टंकी सहित सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व समय पर पूर्ण किए जाए। जिन भवनों का निर्माण पूरा हो गया है उनमें विद्युत विभाग, बिजली कनेक्शन समय पर सुनिश्चित कराये। लोकनिर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अंतर्गत जिले की सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण एवं मेंटेनेंस के कार्यों को समय पर पूर्ण किया जाए। बैठक में सम्बन्धित विभागों के अनुपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री काव्या सी, जिला अर्थ एवं सांख्याधिकारी, डीडीओ, परियोजना निदेशक, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित सहायक अभियंता जल निगम, सहायक अभियंता बाढ़ खंड, सहायक अभियन्ता निर्माण खण्ड 1, सहायक अभियंता ग्रामीण विकास, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, पीओ नेडा सहित सम्बन्धित विभाग के नोडल एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

**निरीक्षण के दौरान अधिकारी क्वॉलिटी पर दे विशेष ध्यान**

जिलाधिकारी ने कहा कि परियोजनाओं की स्थलीय जांच करने वाले अधिकारी निर्मित परियोजनाओं की क्वॉलिटी पर विशेष ध्यान दे। साथ ही यह भी सुनिश्चित कर ले कि निर्माण में मटीरियल गुणवत्तापूर्ण हो। किसी प्रकार की कमी नजर आने पर अपनी आख्या दे जिससे जांच करवा कर सम्बन्धित पर कार्यवाही की जा सके।

**विद्युत विभाग के बकाए बिल का सरकारी विभाग करें भुगतान**

जिलाधिकारी ने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त सरकारी विभागों के विद्युत बिलों का भुगतान मार्च तक कराना सुनिश्चित करें।

## बीसीसीआई की चिकित्सा टीम के प्रमुख नितिन पटेल ने दिया इस्तीफा, सीओई में हो सकते हैं बदलाव

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के 'सेंटर आफ एक्सीलेंस' (सीओई, पहले एनसीएऽराष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) के स्टाफ में आने वाले कुछ महीनों में कुछ बदलाव हो सकते हैं क्योंकि खेल विज्ञान और चिकित्सा टीम के प्रमुख नितिन पटेल ने हाल ही में लगभग तीन साल के सफल कार्यकाल के बाद अपना इस्तीफा दे दिया है। पटेल इस पर टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे, लेकिन बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई को इस बात की पुष्टि की कि एनसीए के सबसे वरिष्ठ कर्मचारियों में से एक नितिन ने वास्तव में अपना पद छोड़ दिया है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, हां, नितिन ने स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल टीम के प्रमुख पद से इस्तीफा दे दिया है। नितिन का बीसीसीआई के साथ बहुत अच्छा कार्यकाल था। उन्होंने एनसीए में स्पोर्ट्स



साइंस और मेडिकल टीम के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सूत्र ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में सबसे अच्छी बात यह रही कि जब भी कोई खिलाड़ी चोटिल होने पर उपचार के लिए यहां आता था तो पूरी तरह फिट होने पर ही उसे खेलने की मंजूरी मिलती थी। नितिन का परिवार विदेश में रहता है और सीओई के खेल विज्ञान और चिकित्सा प्रभाग की जिम्मेदारी संभालना साल में 365 दिन का काम है। पटेल ने अपने कार्यकाल के दौरान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी, बल्लेबाज केएल राहुल और स्पिनर कुलदीप यादव जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के रिहैबिलिटेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सूत्र ने कहा कि लेवल तीन के कुछ कोच और 'स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग' से जुड़े कुछ कोच अगले कुछ महीनो में अपना पद छोड़ सकते हैं। एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण का कार्यकाल इस साल के अंत तक पूरा होने वाला है। उनसे हालांकि 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक अपने पद पर बने रहने का अनुरोध किया जा सकता है। पटेल से पहले एनसीए से जुड़े कोचों में से एक साईराज बहुतुले ने भी पद छोड़ दिया था और वह राजस्थान रॉयल्स के सहयोगी स्टाफ में शामिल हो गए। यही नहीं सितांशु कोटक सीनियर पुरुष टीम स्टाफ में स्थायी रूप से शामिल हो गए हैं। भारत की अंडर 19 टीम से जुड़े एनसीए के कोच हृषिकेश कानिटकर अब भी सीओई में हैं, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि जिम्बाब्वे और नामीबिया में अगले साल की शुरुआत में होने वाले अंडर-19 विश्व कप के समाप्त होने के बाद वह अपने पद पर बने रहेंगे या नहीं। कुछ विशेषज्ञ बल्लेबाजी और गेंदबाजी कोच हैं, जो आने वाले महीनों में नए करियर की तलाश में अपना पद छोड़ सकते हैं।

## न्यूकासल ने इंग्लिश लीग कप जीता, घरेलू टूर्नामेंट जीतने का 70 साल का इंतजार खत्म किया




एजेंसी

लंदन। न्यूकासल ने लिवरपूल को 2-1 से हराकर इंग्लिश लीग कप जीता और इस तरह से किसी घरेलू टूर्नामेंट को जीतने का 70 साल से चला आ रहा इंतजार खत्म किया। डैन बर्न और एलेक्जेंडर इसाक ने रविवार को वेम्बली में खेले गए फाइनल में न्यूकासल की तरफ से गोल करके उसकी जीत पक्की की। लिवरपूल के स्थानापन्न फ़ेडेरिको चियासा ने इंजरी टाइम में गोल किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। न्यूकासल के कप्तान ब्रूनो गुइमारेस ने कहा, ''70 साल बाद अब हम कह सकते हैं कि हम फिर से चैंपियन हैं। यह मेरे जीवन के सबसे अच्छे दिनों में से एक है। इससे पहले न्यूकासल की आखिरी प्रमुख घरेलू ट्रॉफी 1955 में एफए कप थी। उसने 1969 में इंटर-सिटीज़ फ़ेयर्स कप जीता था। यह टूर्नामेंट अब बंद हो चुका है।

## मीरा एंड्रीवा और जैक ड्रेपर बने इंडियन वेल्स में चैंपियन

एजेंसी

इंडियन वेल्स (अमेरिका)। रूस की किशोरी मीरा एंड्रीवा ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। इस 17 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और 1999 में सेरेना विलियम्स के बाद टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की चैंपियन बन गई। पुरुष वर्ग के फाइनल में 13वीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने डेनमार्क के 12वीं वरीयता प्राप्त होल्गर रून को 6-2, 6-2 से हराकर अपनी पहली मास्टर्स 1000 चैंपियनशिप जीती। ड्रेपर 23 वर्ष के हैं और इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को सेमीफाइनल में दो बार के गत चैंपियन



कार्लोस अलकराज को हराया था। एंड्रीवा भी इस जीत से महिला रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गई है। यह उनका वर्तमान सत्र में दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब है। इससे पहले वह दुबई मास्टर्स में चैंपियन बनी थी। उन्होंने मैच के बाद कहा, ''मैंने खुद पर भरोसा रखना और कभी हार नहीं मानने के जज्बे के लिए खुद का आभार व्यक्त करती हूं। अपना आत्मविश्वास और जज्बा बनाए रखना वास्तव में मुश्किल था इसलिए मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया। इसलिए मैं खुद को धन्यवाद देना चाहूंगी क्योंकि मैंने भी इस जीत में थोड़ी भूमिका निभाई।

## मेरे लिए पिछले कुछ महीनों में समय का पहिया 360 डिग्री घूम गया: हार्दिक

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में उनके लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया लेकिन वह मुश्किल परिस्थितियों में हार नहीं मानने के अपने जज्बे के कारण मैदान पर डटे रहे। पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद हार्दिक को दर्शकों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। लेकिन इसके बाद उन्होंने भारत की टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आईपीएल के अगले सत्र की तैयारी में जुड़े इस ऑलराउंडर को उम्मीद है कि इस बार उन्हें मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों का प्यार मिलेगा। हार्दिक ने 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के अगले सत्र से पहले जिओ हॉटस्टार से कहा, ''मैं कभी हार




नहीं मानता। मेरे करियर में कुछ ऐसे दौर भी आए जब मेरा ध्यान जीतने के बजाय खेल में बने रहने पर लगा था। उन्होंने कहा, ''मुझे एहसास हुआ कि मेरे साथ जो कुछ भी हो रहा है क्रिकेट हमेशा मेरा सच्चा दोस्त बना रहेगा। मैंने खुद का समर्थन किया और जब मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई तो यह उससे भी ज्यादा था जितना मैंने सोचा था। हार्दिक ने कहा, ''इस छह महीने के समय में हमने विश्व कप जीता और स्वदेश लौटने पर जो प्यार और समर्थन मुझे मिला उससे मैं अभीभूत था। मेरे लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया था। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को पूरा विश्वास था कि अगर वह पूरे लगन से अपना काम करते रहे तो मजबूत होकर वापसी करेंगे। उन्होंने कहा, ''मुझे बिल्कुल नहीं पता था कि ऐसा कब होगा, लेकिन जैसा कि कहा जाता है, नियति की अपनी योजना थी और मेरे मामले में, ढाई महीने के भीतर सब कुछ बदल गया। पंड्या ने हाल ही में भारत के चैंपियंस ट्रॉफी के विजय अभियान में जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में मोहम्मद शमी के साथ नई गेंद से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह पिछले साल अमेरिका में भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम का भी हिस्सा थे। मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल के पिछले सत्र में अंतिम स्थान पर रही थी लेकिन हार्दिक का मानना है कि उनकी टीम इस बार काफी संतुलित है और वह चीजों को बदलने में सक्षम होगी। उन्होंने कहा, मैं लगभग 11 वर्ष से आईपीएल खेल रहा है तथा प्रत्येक सत्र आपके अंदर एक नई ऊर्जा और सकारात्मक भाव पैदा करता है। पिछला सत्र निश्चित तौर पर एक टीम के रूप में हमारे लिए चुनौती पूर्ण था लेकिन इससे हमें काफी अच्छी सीख मिली। हार्दिक ने कहा,''हमने इन सीख का विश्लेषण किया और 2025 के लिए अपनी टीम तैयार करते समय इन्हें लागू किया। इस बार हमारे पास काफी अनुभवी टीम है। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेली है और यह उत्साह जनक है।

## जियोहॉटस्टार पर मुफ्त लीजिये आईपीएल का आनंद

मुंबई। क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी, जियो के मौजूदा और नए ग्राहक 299 रुपये या इससे अधिक के प्लान के जरिए जियोहॉटस्टार पर मुफ्त इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों का आनंद उठा सकेंगे। इस अनलिमिटेड क्रिकेट ऑफर में ग्राहकों को टीवी/मोबाइल पर 90-दिन का मुफ्त जियोहॉटस्टार सब्स्क्रिप्शन मिलेगा और वो भी 4के क्वालिटी में। यानी ग्राहक 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल क्रिकेट सीजन का मुफ्त में आनंद उठा सकेंगे। जियो हॉटस्टार पैक 22 मार्च 2025 यानी आईपीएल क्रिकेट सीज़न के शुरुआती मैच के दिन से 90 दिनों की अवधि के लिए वैद्य होगा। इसके साथ ही जियोफाइबर या जियोएयरफाइबर का मुफ्त ट्रायल कनेक्शन भी मिलेगा। अल्ट्रा-फ़ास्ट इंटरनेट का मुफ्त ट्रायल कनेक्शन 50 दिनों तक फ्री रहेगा। ग्राहक 4के में क्रिकेट देखने के बेहतरीन अनुभव के साथ शानदार होम एंटरटेनमेंट का लाभ भी उठा सकेंगे।

## मारुति सुजुकी अप्रैल से वाहनों की कीमत में 4 फीसदी तक का करेगी बढ़ोत्तरी

एजेंसी

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने अप्रैल से अपने वाहनों की कीमतों में चार फीसदी तक की बढ़ोतरी का ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि वह कच्चे माल की बढ़ती लागत के असर को कम करने के लिए यह वृद्धि करेगी, जो मॉडल के आधार पर अलग-अलग होगी। मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को नियामक फाइलिंग में बताया कि कच्चे माल की बढ़ती लागत और परिचालन व्यय के मद्देनजर उसने अप्रैल से अपनी कारों की कीमतों को बढ़ाने का फैसला किया है। कंपनी ने कहा कि वह अपने वाहनों की कीमतों में चार फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी। मारुति सुजुकी घरेलू बाजार में शुरुआती स्तर की ऑल्टो के-10 से लेकर इनविक्टो तक के




मॉडल को बेचती है। एमएसआईएल ने पिछले साल दिसंबर, 2024 में अपने वाहनों की कीमतों में 4 फीसदी की वृद्धि की थी, जो जनवरी 2025 में लागू हुआ था। इस दौरान मारुति सुजुकी इंडिया ने अलग-अलग मॉडल की कीमतों में 1,500 रुपये से लेकर 32,500 रुपये तक की बढ़ोतरी की थी। उल्लेखनीय है कि मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड वर्तमान में भारत से सालाना तीन लाख वाहनों का निर्यात कर रही है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ में 16 फीसदी की वृद्धि दर्ज की, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 3,206.8 करोड़ रुपये की तुलना में चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 3,727 करोड़ रुपये रहा था।

## युवाओं के लिए आगे बढ़ने का बड़ा अवसर है खेलो इंडिया पैरा खेल 2025: नवदीप सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। पैरालिंपिक खेल 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाले भाला फेंक खिलाड़ी नवदीप सिंह का मानना है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स पैरा एथलीटों के निरंतर विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है और यह देश में इन खेलों को बढ़ावा देने में सरकार की गहरी दिलचस्पी को दर्शाता है। नवदीप ने साई मीडिया से बातचीत में कहा, केआईपीजी 2025 वरिष्ठ एथलीटों के लिए एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का एक बेहतरीन मंच है। हम हर समय एक-दूसरे को प्रेरित भी करते हैं। यह हमें अपने प्रशिक्षण मॉड्यूल का परीक्षण करने और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों का अभ्यास करने में मदद करता है। हमें नवोदित एथलीटों से मिलने और उनके साथ प्रतियोगिताओं पर विचारों का आदान-प्रदान करने का भी अवसर मिलता है। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, पेरिस पैरालिंपिक में भारत के प्रदर्शन के बाद पैरा खेलों के प्रति रुचि बढ़ रही है, इसमें कई युवा खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। मुझे विश्वास है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में भी कई नए एथलीट भाग लेंगे। मुझे उम्मीद है कि देश को नई प्रतिभाएं देखने को मिलेंगी, जिससे भविष्य की संभावनाओं को पहचानने में मदद मिलेगी। घरेलू टूर्नामेंट पैरा एथलेटिक्स के विकास के लिए यह महत्वपूर्ण हैं। हाल ही में संपन्न विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में कई नए एथलीटों को भी शामिल किया गया। केआईपीजी 2025 देश में प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद करेगा। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स केआईपीजी 2025) का दूसरा संस्करण गुरुवार 20 मार्च से शुरू होने वाला है। नयी दिल्ली में स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्टेडियम और डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर सात दिवसीय टूर्नामेंट में छह खेलों में 1200 से अधिक एथलीट भाग लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### केकेआर ने चोटिल उमरान मलिक की जगह चेतन साकरिया को टीम में दी जगह

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने चोटिल तेज गेंदबाज उमरान मलिक की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज चेतन साकरिया को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए टीम में शामिल किया है। चोट के कारण उमरान मलिक आईपीएल 2025 से बाहर हो गये है। चेतन साकरिया पिछले वर्ष भी केकेआर के दल में थे, लेकिन उन्हें एक भी मैच नहीं खेले का मौका नहीं मिला था। इस बार आईपीएल नीलामी में किसी भी टीम ने उन्हें नहीं खरीदा था। उमरान के चोटिल होने के कारण अब उन्हें केकेआर के लिए खेलने का अवसर मिलेगा। मलिक हालिया समय में लगातार चोटिल रहे हैं, जिसके कारण वह 2024-25 का पूरा घरेलू सत्र नहीं खेल पाए। उन्होंने अब तक आठ टी-20 में 10.48 की इकॉनमी से रन देते हुए 11 विकेट लिए हैं। वहीं साकरिया ने दो टी-20 खेले है, जिसमें उन्होंने 9.27 की इकॉनमी से एक विकेट लिया हैं।

### बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 से हराया

**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। एटलेटिको 72 मिनट तक दो गोल से आगे था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। बार्सिलोना ने इसके बाद चार गोल किए। इनमें से दो गोल उसने इंजरी टाइम में किए। इस जीत से बार्सिलोना के 27 मैच में 60 अंक हो गए हैं। रियाल मैड्रिड के 28 मैच में 60 अंक है और गोल अंतर के कारण वह दूसरे स्थान पर है। एटलेटिको यह मैच हारने के कारण तीसरे स्थान पर बना हुआ है। उसके 28 मैच में 56 अंक हैं।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने एक अरब लेनदेन का आंकड़ा पार किया

**नयी दिल्ली।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने जनवरी 2025 तक अपने मंच पर एक अरब लेनदेन का आंकड़ा पार कर लिया। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि यह विभिन्न व्यवसायों में लेनदेन की मात्रा में सालाना 47 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ अनुब्रत विश्वास ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह उपलब्धि डिजिटल बैंकिंग और भुगतान समाधानों को अपनाने में वृद्धि को दर्शाती है। बैंक तीन प्रमुख ग्राहक खंडों- शहरी डिजिटल, कम बैंकिंग पहुंच वाले क्षेत्रों और उद्योगों तथा संस्थानों को सेवाएं देता है। विश्वास ने कहा कि भारत में बैंक की व्यापक डिजिटल उपस्थिति और पांच लाख से अधिक बैंकिंग पॉइंट्स के व्यापक वितरण ने शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में लाखों ग्राहकों तक अपनी सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बैंक के मासिक लेनदेन करने वाले उपयोगकर्ता 10 करोड़ से अधिक हैं।

### एचसीसी-टाटा प्रोजेक्ट्स को 2,191 करोड़ रुपये का ठेका मिला

**नयी दिल्ली।** हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ने टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के साथ साझेदारी में मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) से 2,191 करोड़ रुपये का ठेका हासिल किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 2,191 करोड़ रुपये का यह ठेका एमपीएमआरसीएल के लिए भूमिगत सुरंगों और स्टेशनों सहित 8.65 किलोमीटर लंबे गलियारे के निर्माण के लिए है। संयुक्त उद्यम में एचसीसी की 55 फीसदी हिस्सेदारी है। बयान के अनुसार, पैकेज आईएन-05आर 31.32 किलोमीटर लंबी इंदौर मेट्रो चरण-1 परियोजना का एकमात्र भूमिगत खंड है। बयान में कहा गया कि इस हिस्से में सुरंग खोदने की मशीन (टीबीएम) से 11.32 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण और इंदौर रेलवे स्टेशन, राजवाड़ा, छोटा गणपति, बड़ा गणपति, रामचंद्र नगर, बीएसएफ/कलानी नगर और एयरपोर्ट पर सात भूमिगत स्टेशनों का निर्माण शामिल है।


### दूरसंचार विभाग ने लॉन्च किया 5जी हैकाथॉन, विजेता को मिलेंगे पांच लाख रुपये

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने 5जी इनोवेशन हैकाथॉन 2025 की घोषणा की है। यह छह महीने तक चलेगा, जिसका उद्देश्य सामाजिक और औद्योगिक चुनौतियों के समाधान के लिए अभिनव 5जी-संचालित समाधानों के विकास में तेजी लाना है। यह छात्रों, स्टार्टअप और पेशेवरों के लिए खुली है। इसमें विजेता को 5 लाख रुपये तक का प्रथम पुरस्कार मिलेगा। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि ये हैकथॉन एआई-संचालित नेटवर्क के रखरखाव, आईओटी-सक्षम समाधान, 5जी प्रसारण, कृषि, स्मार्ट स्वास्थ्य, औद्योगिक स्वचालन, गैर-स्थलीय नेटवर्क, डी2एम, वी2एक्स और क्वांटम संचार जैसे प्रमुख 5जी अनुप्रयोगों पर केंद्रित प्रस्ताव को आमंत्रित करता है।

## जनवरी के मुकाबले फरवरी में थोक महंगाई दर में 0.07 फीसदी बढ़कर 2.38 फीसदी हुई

एजेंसी

नई दिल्ली। फरवरी में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर बढ़कर 2.38 फीसदी पर पहुंच गई है। इससे पिछले महीने जनवरी में यह 2.31 फीसदी थी। फरवरी, 2025 में थोक महंगाई दर में वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, खाद्य वस्तुओं, अन्य विनिर्मित वस्तुओं, गैर-खाद्य वस्तुओं और कपड़ा आदि के मूल्यों में बढ़ोत्तरी के कारण है। पिछले महीने जनवरी में यह 2.31 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि विनिर्मित खाद्य उत्पादों की महंगाई फरवरी में बढ़कर 11.06 फीसदी हो गई, वनस्पति तेल में 33.59 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि पेय पदार्थों की महंगाई इस दौरान मामूली रूप से बढ़कर



1.66 फीसदी हो गई। हालांकि, सब्जियों की कीमतों में नरमी आई और आलू की महंगाई 74.28 फीसदी से घटकर 27.54 फीसदी पर आ गई है। इसके अलावा ईंधन और बिजली श्रेणी की महंगाई में फरवरी में 0.71 फीसदी की गिरावट देखी गई, जबकि पिछले महीने जनवरी में इसमें 2.78 फीसदी की गिरावट आई थी। फरवरी महीने में खुदरा महंगाई दर दाल और सब्जियों के सस्ती होने की वजह से घटकर सात महीने के निचले स?तर 3.61 फीसदी पर आ गई है, जो जनवरी महीने में 4.31 फीसदी थी।

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 89,660 रुपये से लेकर 89,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में



कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 82,190 रुपये से लेकर 82,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। कीमत में कमजोरी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी भी आज 1,02,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 89,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 82,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 89,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 89,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 89,660 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 82,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 89,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 89,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 82,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 89,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 89,810 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# सरकार रेलवे में चौतरफा सुधार के लिए पूरी ताकत और संकल्प से जुटी है : वैष्णव

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार रेलवे में चौतरफा सुधार में पूरी ताकत और संकल्प से लगी हुई है और आने वाले समय में इसे विश्वस्तर का नेटवर्क बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी।

श्री वैष्णव ने सोमवार को राज्यसभा में रेल मंत्रालय के कामकाज पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि रेलवे के आधुनिकीकरण पर ट्रेनों से लेकर पटरी तक तेजी से काम किया जा रहा है और कोच से लेकर पटरी तक अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। रेलवे के एक लाख से अधिक कोचों को चरणबद्ध तरीके से अत्याधुनिक बनाया

जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे की कुल वित्तीय स्थिति ठीक है और वह कोविड की स्थिति से बाहर निकल गयी है। केंद्रीय बजट में रेल के लिए पर्याप्त आवंटन किया गया है जो ढाई लाख करोड़ रुपए । रेलवे का दो लाख 78 हजार करोड़ का राजस्व है और दो लाख 75 हजार करोड़ रुपए का व्यय है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे कार्गो के लिहाज से दुनिया के तीन शीर्ष देशों में शामिल होने जा रहा है। इस मामले में अमेरिका और चीन के बाद भारत का तीसरा नंबर है। पचास हजार किलोमीटर पटरियों को बदला गया है। कुल 12 हजार से अधिक फ्लाइओवर और पुल बनाये गये हैं। वर्ष 2029 तक सभी कोचों को आधुनिक बना दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि देश में एक वर्ष में 1400 लोकोमोटिव बनाये जा रहे हैं और दो लाख वेगन जोड़े गये हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों को फिलहाल करीब 40 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाती है जो करीब 60 हजार



करोड़ रूपये के आस पास है। उन्होंने कहा कि आस पास के देशों से तुलना की जाये तो सबसे कम किराया भारत का है। रेलवे में 2020 के बाद से किराया नहीं बढाया गया है। ऊर्जा पर खर्च करीब करीब 30 हजार करोड़ रूपये पर स्थिर है। श्री वैष्णव ने कहा कि आधुनिकीकरण के तहत 3300 स्टेशनों पर डिजिटल कंट्रोल प्रणाली चालू हो गयी है। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश से आस्ट्रेलिया को मेट्रो के कोच निर्यात शुरू हो गये। रेलवे के महत्वपूर्ण उपकरण बड़े बड़े देशों को किया जा रहा है। लोकोमोटिव और कोच का भी निर्यात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे में 2024 में भर्ती कलेंडर शुरू किया गया है। सुचारू तरीके से परीक्षा और भर्ती हो रही है और रेलवे में पांच लाख भर्तीयां की जा चुकी हैं और एक लाख की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को लेकर किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जा रही है और अनेक अत्याधुनिक उपकरण लगाये जा रहे हैं। एक लाख 16 हजार करोड़ रूपये का सुरक्षा पर व्यय किया जा रहा है। लोको पायलट के कमरों में में फुट मसाजर लगाये गये हैं। हर वर्ष दुर्घटनाओं की संख्या 700 से घटकर 70 के आस पास आ गयी है और इसे आगे कम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे के कुल 12 लाख कर्मचारियों में चालीस प्रतिशत भर्ती पिछले दस वर्षों में की गयी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए समर्पित है। जनरल कोच कम नहीं हुए हैं और अभी 23000 ए सी कोच और 56 हजार नोन ए सी कोच हैं । उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन की घटना से सबक लेकर दस सूत्री कार्यक्रम बनाकर उस पर अमल किया जा रहा है। रेलवे की बढती मांग को देखते हुए बुनियादी सुविधा बढाकर ट्रेनों में नयी प्रौद्योगिकी लाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। नैरो गेज ट्रेनों में भी नयी प्रौद्योगिकी के कोच बनाये जा रहे हैं। वंदे भारत की तर्ज पर अमृत भारत की 100 ट्रेन बनायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि दस हजार कवच प्रणाली लगायी जा रही है।

## रक्षा नवाचार और विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में सहयोग की संभावनाओं का पता लगायेंगे भारत-अमेरिका

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका अत्याधुनिक रक्षा नवाचार तथा विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने की दिशा में कार्य करेंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को यहां अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक सुश्री तुलसी गबार्ड के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हाल ही में हुई बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य से यह बात सामने आई है कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी की बढ़ती ताकत की पुष्टि हो रही है। दोनों नेताओं ने इस बात पर बल दिया है कि सामरिक सुरक्षा दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक सामरिक सहयोग का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनी हुई है। बातचीत के दौरान श्री सिंह और सुश्री गबार्ड ने भारत तथा अमेरिका के बीच सैन्य अभ्यास, रणनीतिक सहभागिता, रक्षा औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखलाओं के एकीकरण एवं सूचना-साझाकरण सहयोग तथा विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की। दोनों पक्षों ने अत्याधुनिक रक्षा नवाचार एवं विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की, जो पारस्परिक रणनीतिक हितों को आगे बढ़ाने के लिए उनकी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इसके अलावा, उन्होंने अंतर-सहभागिता को बढ़ाने और लचीलेपन तथा नवाचार को विस्तार देने के उद्देश्य से रक्षा औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखलाओं के अधिक एकीकरण को प्रमुखता देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। रक्षा मंत्री ने भारतीय संस्कृति एवं विरासत के प्रति अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक सुश्री गबार्ड की भावना और प्रशंसा के लिए उनका आभार व्यक्त किया। श्री सिंह ने कहा कि ऐसी भावनाएं भारत तथा अमरीका के बीच मित्रता के बंधन को और भी सशक्त बनाती हैं।

## भारत-आस्ट्रेलिया ने समुद्री जागरूकता, सूचना साझा करने और प्रौद्योगिकी में सहयोग पर बल दिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और आस्ट्रेलिया ने समुद्री क्षेत्र में जागरूकता, पारस्परिक सूचना साझा करने, उद्योग और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग पर बल दिया है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच सोमवार को यहां हुई नौवीं रक्षा नीति वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव अमिताभ प्रसाद ने किया जबकि ऑस्ट्रेलियाई पक्ष का नेतृत्व ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग के अंतर्राष्ट्रीय नीति प्रभाग के प्रथम सहायक सचिव बर्नार्ड फिलिप ने किया। दोनों पक्षों ने रक्षा अभ्यासों और बढते आदान-प्रदान तथा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में निरंतर प्रगति का स्वागत किया। बैठक में नवंबर 2023 में दूसरे मंत्रिस्तरीय विदेश और रक्षा मंत्रियों की टू प्लस टू, अक्टूबर 2024 में सचिव स्तर पर अंतर-सत्रीय टू प्लस टू परामर्श और नवंबर 2024 में दूसरे वार्षिक नेताओं के शिखर सम्मेलन के रक्षा परिणामों की समीक्षा की गई। चर्चा में समुद्री डोमेन जागरूकता, पारस्परिक सूचना साझा करने, उद्योग , विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी सहयोग और एक-दूसरे के क्षेत्रों से तैनाती सहित संयुक्त अभ्यास एवं आदान-प्रदान सहित सहयोग की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। भारत और ऑस्ट्रेलिया एक शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों पक्षों ने इस वर्ष ऑस्ट्रेलिया में होने वाली अगली टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता के लिए प्राथमिकताओं और तैयारियों पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने सामूहिक शक्ति को बढ़ाने, दोनों देशों की सुरक्षा में योगदान देने और क्षेत्रीय शांति तथा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए दोनों प्रधानमंत्रियों द्वारा परिकल्पित रक्षा और सुरक्षा सहयोग के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों देशों ने रक्षा उद्योग सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने रक्षा विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए दोनों पक्षों की संबंधित एजेंसियों से आह्वान किया। उन्होंने बहुपक्षीय भागीदारों के साथ काम करने सहित जल, थल और नभ क्षेत्रों में सहयोग और अंतर-संचालन को गहरा करने पर भी सहमति व्यक्त की।

पिछले कुछ वर्षों में रक्षा क्षेत्र भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है। रक्षा नीति वार्ता की आठवीं बैठक 2023 में हुई थी।

## स्वास्थ्य खतरों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समन्वय की आवश्यकता : पटेल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि हाल के दिनों में बार-बार उभरते स्वास्थ्य खतरों के बढ़ने से वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए मजबूत तैयारियों, उन्नत निगरानी और अच्छी तरह से समन्वित अंतरराष्ट्रीय तंत्र की आवश्यकता है।

श्रीमती पटेल ने सोमवार को हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए महामारी संबंधी तैयारियों पर क्वाड कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी से निपटने की तैयारियों और प्रयासों को मजबूत करने के लिए भारत प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि भारत ने महामारी कोष की स्थापना के लिए एक डॉलर का योगदान दिया है। यह विशेष रूप से महामारियों से लड़ने के लिए है। उन्होंने कहा कि भारत ने इसके सतत कामकाज के लिए अतिरिक्त एक करोड 20 लाख डॉलर देने का संकल्प लिया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने स्वास्थ्य पहुंच, परिणामों में सुधार करने और टिकाऊ, डेटा-संचालित प्रणाली बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है। ये प्रयास वर्तमान और भविष्य की स्वास्थ्य और जलवायु चुनौतियों से निपटने में सक्षम स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि एक लचीली और महामारी के दृष्टिकोण से तैयार स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने और उसे स्थिर करने के लिए भारत ने एक व्यापक स्वास्थ्य आपातकालीन समन्वय ढांचा स्थापित किया है। यह ढांचा स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के भीतर कई प्रमुख पहलों जैसे एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम, जूनोसिस की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य कार्यक्रम और राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण और रोकथाम की स्थापना से रणनीतिक रूप से तैयारी, प्रतिसाद और लचीलापन-निर्माण पर केंद्रित है।

उन्होंने कहा कि भारत आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन और कोविन प्लेटफॉर्म, ई-संजीवनी, राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन सेवा, मानसिक स्वास्थ्य रोगों के प्रबंधन के लिए टेली-मानस और टीबी रोगियों की निगरानी और प्रबंधन के लिए नि-क्षय पोर्टल से स्वास्थ्य सेवा में डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहा है।

श्रीमती पटेल ने कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों में भारत विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विचार-विमर्श में सबसे आगे रहा है। उन्?होंने कहा कि भारत अपने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को वैश्विक समुदाय के साथ विशेष रूप से ल्ल ग्?लोबल साउथङ्क में अपने मित्रों के साथ साझा करने को इच्छुक है, ताकि आधुनिक स्वास्थ्य सेवा दृष्टिकोण को सक्षम बनाया जा सके। हम स्वास्थ्य क्षेत्र में रुचि के क्षेत्रों में पाठ्यक्रम और क्षमता निर्माण प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भी इच्छुक हैं।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा विदेश मंत्रालय की संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य आपातकालीन ढांचे को मजबूत करना, स्वास्थ्य खतरों के प्रति तैयारी को और बढ़ाना, उभरती महामारियों के प्रति समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना तथा बहुक्षेत्रीय दृष्टिकोण से मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए वन हेल्थ दृष्टिकोण का कार्यान्वयन करना है।

## संसद में मंत्रियों द्वारा दिये गये 1300 से अधिक आश्वासन अब तक पूरे नहीं हुए

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद के दोनों सदनों में मंत्रियों द्वारा सदस्यों को उनके प्रश्नों तथा अन्य वक्तव्यों के जवाब में दिये गये कुल आश्वासनों में से 1300 से अधिक अभी भी लंबित हैं और पूरे नहीं किये गये हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजू ने सोमवार को राज्यसभा में पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि लोकसभा में 547 और राज्यसभा में 764 आश्वासन पूरे नहीं किये जा सके हैं। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने सवाल पूछते हुए कहा था कि वर्ष 2024 में मंत्रियों ने राज्यसभा में सदस्यों को 160 आश्वासन दिये थे जिनमें से केवल 41 ही पूरे किये गये हैं और 119 अभी भी लंबित हैं।

इसके जवाब में संसदीय कार्य राज्य मंत्री एल मुरूगन ने कहा कि इस संबंध में



सरकार ने वर्ष 2018 में आनलाइन निगरानी प्रणाली शुरू की थी। इसके बाद से इस पर कड़ी नजर रखी जा रही है और सभी आश्वासनों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से अब तक दोनों सदनों में मंत्रियों द्वारा सदस्यों को लाखों आश्वासन दिये गये हैं और इन्हें पूरा भी किया जा रहा है। उन्होंने आंकड़े देते हुए कहा कि लोकसभा और राज्यसभा दोनों में मंत्रियों द्वारा दिये गये 99 प्रतिशत आश्वासनों को पूरा किया गया है। श्री मुरूगन ने कहा कि कुछ आश्वासनों से संबंधित कार्य ऐसी परियोजनाओं के होते हैं जिन्हें पूरा होने में समय लगता है। इसके बारे में निरंतर जानकारी हासिल की जाती है और इन्हें जल्द से जल्द पूरा करने की कोशिश की जाती है। इस पर आम आदमी पार्टी के सदस्य ने कहा कि मंत्री द्वारा दिये गये आंकड़ों और मंत्रालय की वेबसाइट पर दिये गये आंकड़ों में विरोधाभास है । उन्होंने कहा कि मंत्री वर्ष 2024 से संबंधित आंकड़ों पर स्थिति स्पष्ट नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जवाब में कहा जा रहा है कि 99 प्रतिशत आश्वासन पूरे किये गये हैं जबकि मंत्रालय की वेबसाइट कह रही है कि संसद के दोनों सदनों में 1300 से अधिक आश्वासन पूरे नहीं किये गये हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजू ने कहा कि लोकसभा में 547 और राज्यसभा में 764 आश्वासन पूरे नहीं किये जा सके हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रियों द्वारा दिये गये आश्वासनों को पूरा करने के लिए तीन महीने का समय होता है। उन्होंने कहा कि इन पर नजर रखने के लिए एक निगरानी प्रणाली भी है और एक समिति भी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि जब सदस्य किसी संबंध में मंत्री या विभागों को कोई पत्र लिखते हैं तो उसका भी जवाब एक महीने में दिया जाना चाहिए।

## भारत का कृषि अनुसंधान श्रेष्ठ: शिवराज सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारत में हो रहे कृषि अनुसंधान से बाकी दुनिया को भी फायदा हो सकता है।

श्री चौहान ने सोमवार को यहां उद्योगपति और समाजसेवी बिल गेटस् के साथ एक बैठक में कहा कि भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत पर चलते हुए वैश्विक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक के दौरान कृषि एवं ग्रामीण विकास के विभिन्न विषयों को लेकर सार्थक चर्चा की गयी।

श्री चौहान ने बताया कि कृषि, खाद्य सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, तकनीकी नवाचार और ग्रामीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। गेट्स फाउंडेशन के सहयोग और प्रतिबद्धता के लिए आभार



व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस साझेदारी को और गहरा करने की असीम संभावनाएं हैं। विशेषकर डिजिटल कृषि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बायोटेक्नोलॉजी एवं जलवायु अनुकूलित कृषि तकनीकों के क्षेत्र महत्वपूर्ण हैं।

श्री चौहान ने कहा कि आजीविका मिशन महिला सशक्तिकरण का आंदोलन बन गया, जिसने महिलाओं की जिंदगी बदल दी है। उन्होंने कहा कि भारत, 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत पर चलते हुए वैश्विक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। भारत 'सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः' और 'परहित सरिस धरम नहीं भाई' के विचार में विश्वास करता है। उन्होंने आशा जताई कि गेट्स फाउंडेशन और अन्य वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर विश्व के तमाम देशों में, खासकर गरीब और पिछड़े क्षेत्रों की मदद करने के लिए नवाचार, तकनीक तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देकर भूखरहित, सशक्त और आत्मनिर्भर विश्व के निर्माण में योगदान दिया जा सकता है।

श्री चौहान ने कहा कि भविष्य की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारा ध्यान जलवायु-प्रतिरोधी और बायोफोर्टिफाइड किस्मों के विकास पर है।

## अमृतसर ग्रेनेड हमले का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में ढेर

अमृतसर। पंजाब के जिला अमृतसर में एक मंदिर पर ग्रेनेड हमले का एक आरोपी सोमवार को पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। मुठभेड़ में एक पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि विशेष खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर ने 15 मार्च, 2025 को अमृतसर के खंडवाला में ठाकुर द्वारा मंदिर पर ग्रेनेड हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को निर्णायक रूप से ट्रैक किया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत पुलिस थाना छेहरटा में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए प्रयासों से आरोपियों की पहचान हुई। डीजीपी ने बताया कि पुलिस टीमों ने राजसांसी में संदिग्धों का पता लगाया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पुलिस पार्टी पर गोली चलाई, जिसमें हेड कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह घायल हो गए और एक गोली इंस्पेक्टर अमोलक सिंह की पगड़ी में लगी। उन्होंने बताया कि आत्मरक्षा में कार्रवाई करते हुए, पुलिस पार्टी ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक आरोपी घायल हो गया। उसे सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उसकी मौत हो गई। अन्य आरोपी भाग गए और उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

डीजीपी यादव ने कहा कि पुलिस थाना एयरपोर्ट में एक नई प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है उल्लेखनीय है कि 15 मार्च की आधी रात के आसपास अमृतसर के खंडवाला मोटरसाइकिल पर आए दो अज्ञात हमलावर ने एक मंदिर पर विस्फोटक उपकरण फेंका, जिससे इसकी दीवार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और खिड़की के शीशे टूट गए।

## पेज एक का शेष

### हिन्द प्रशांत क्षेत्र...

आपसी सहयोग को हमने प्राथमिकता दी है। वानिकी एवं उद्यानिकी में संयुक्त रूप से काम किया जाएगा। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री के साथ आए बड़े कारोबारी प्रतिनिधिमंडल को भारत में नई संभावनाओं को देखने और समझने का अवसर मिलेगा। श्री मोदी ने कहा कि क्रिकेट हो, हॉकी, या पर्वतारोहण, दोनों देशों के बीच खेलों में पुराने संबंध हैं। हमने खेलों में कोचिंग और खिलाड़ियों के आदान प्रदान के साथ-साथ, खेल विज्ञान, मनोविज्ञान और चिकित्सा विज्ञान में भी सहयोग पर बल दिया है। और वर्ष 2026 में, दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल मनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा,न्यूज़ीलैंड में रहने वाला भारतीय समुदाय न्यूज़ीलैंड में सामाजिक और आर्थिक विकास में सकारात्मक योगदान दे रहा है। हमने तय किया है कि कुशल कामगारों की मोबिलिटी को सरल बनाने और अवैध आव्रजन से निपटने के लिए, एक समझौते पर तेजी से काम किया जाएगा। यूपीआई कनेक्टिविटी, डिजिटल भुगतान और पर्यटन बढ़ाने पर भी बल दिया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में हमारे पुराने संबंध हैं। हम न्यूज़ीलैंड के विश्वविद्यालयों को भारत में कैम्पस खोलने के लिए आमंत्रित करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ हम दोनों एकमत हैं। चाहे 15 मार्च 2019 का क्राइस्टचर्च आतंकी हमला हो या 26 नवंबर 2008 का मुंबई हमला, आतंकवाद किसी भी रूप में अस्वीकार्य है। आतंकी हमलों के दोषीयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आवश्यक है। आतंकवादी, अलगाववादी और कट्टरपंथी तत्वों के खिलाफ हम मिलकर सहयोग करते रहेंगे। इस संदर्भ में न्यूजीलैंड में कुछ गैर-कानूनी तत्वों द्वारा भारत-विरोधी गतिविधियों को लेकर हमने अपनी चिंता साझा की। हमें विश्वास है कि इन सभी गैर-कानूनी तत्वों के खिलाफ हमें न्यूजीलैंड सरकार का सहयोग आगे भी मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित एवं समृद्ध हिन्द प्रशांत क्षेत्र का हम दोनों समर्थन करते हैं। हम विकासवाद की नीति में विश्वास रखते हैं, विस्तारवाद में नहीं। हिन्द प्रशांत महासागरीय पहल से जुड़ने के लिए हम न्यूजीलैंड का स्वागत करते हैं। अंतरराष्ट्रीय सौर गठजोड़ के बाद, सीडीआरआई से जुड़ने के लिए भी हम न्यूजीलैंड का अभिनंदन करते हैं। श्री मोदी ने कहा, अंत में, रग्बी की भाषा में कहूँ तो ऽ हम दोनों अपने संबंधों के उज्ज्वल भविष्य के लिए फ्रंट अप के लिए तैयार हैं। हम एक उज्ज्वल साझीदारी के लिए हम एकसाथ आगे बढ़ने और जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है और, मुझे विश्वास है कि हमारी साझीदारी, दोनों देशों के लोगों के लिए, एक मैच विनिंग पार्टनरशिप साबित होगी।

### अपराधी बड़ी वारदात...

व्यक्तियों की गतिविधियों पर भी नजर रखने को कहा है। ऐसे कार्यक्रम के आयोजकों से शामिल होने वाले सभी लोगों का ब्योरा अपने पास रखने को कहा गया है। साथ ही आयोजन स्थल में प्रवेश करने वाले सभी लोगों के फोटो युक्त आईडी जरूर चेक किए जाए। ऐसे आयोजनों में डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारी भी आयोजकों के पास जाकर ब्योरा रजिस्टर चेक करे।

### यूपी के कई ...

वाला है। इसके बाद बंगाल की खाड़ी से चली पूर्वा हवा फिर से मौसम में बदलाव लाएगी।

### पार्टी हित में ...

अध्यक्ष ने कहा कि सर्वविदित है कि दलित व अन्य उपेक्षित वर्गों के लोग यूपी में 2007 में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने से पहले जातिवादी उच्च वर्गों के लोगों के सामने ना तो चारपाई पर बैठ सकते थे और ना ही उनकी बराबर की कुर्सी पर भी बैठने की हिम्मत जुटा सकते थे लेकिन 2007 में बसपा की अकेले पूर्ण-बहुमत की सरकार बनने के बाद से अब यह सब काफी कुछ बदल गया है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री बीच-बीच में अपनी खुद की गरीबी का तो जरूर उल्लेख करते रहते है, लेकिन इन्होंने दलित व अन्य उपेक्षित वर्गों के लोगों की तरह यहाँ कभी भी कोई जातीय भेदभाव नहीं झेला है जो यह सब हमारे सन्तों, गुरुओं व महापुरुषों ने झेला है, जिसे अभी भी इनके अनुयायी काफी हद तक झेल रहें है। वक्फ बिल को लेकर उन्होने कहा कि इस समय संसद सत्र चल रहा है व वक्फ बिल पर सत्ता व विपक्ष द्वारा की जा रही राजनीति चिन्ता की बात है। यदि यह मामला समय रहते आम-सहमति से सुलझा लिया जाता तो यह बेहतर होता। केन्द्र सरकार इस मामले में ज़रूर पुनः सोच-विचार करे।

### यूपी का सर्वांगीण...

चाहता था। उस दौरान कस्बे के कस्बे खाली हो गए थे, प्रदेश से व्यापारी भाग रहा था। बेटियां स्कूल पढ़ने के लिए दूर के रिश्तेदारों और हॉस्टल में रहने के लिए मजबूर थीं। वहीं इन 8 वर्षों में बेटी, व्यापारी, आम नागरिक सभी सुरक्षित हैं जबकि माफिया और उनके गुर्गे असुरक्षित जरूर हुए हैं। आज प्रदेश देश में बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नए उद्यमी तैयार किये जा रहे हैं। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से शुरू हो रही है। इसके तहत पहले चरण में एक लाख युवाओं को बिना ब्याज का लोन दिया जा रहा है। अब तक 31,000 युवा उद्यमियों को लोन वितरण की कार्यवाही आगे बढ़ चुकी है। सहारनपुर में आज मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज बन रहे हैं। यहां बस स्टैंड, सिटी में जल भराव की समस्या का समाधान किया जा चुका है। सहारनपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की कार्यवाही चल रही है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी केवल ऋण वितरण कार्यक्रम नहीं है बल्कि सरकार उद्यमियों को साहूकार और सूदखोर से मुक्त कराना चाहती है। प्रभारी मंत्री सुनील शर्मा, राज्यममंत्री ब्रजेश सिंह, नगर विधायक राजीव गुम्बर, नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी और मेरठ जोन के एडीजी धुरव कान्त ठाकुर भी मौजूद थे।

# समीक्षा बैठक में अनुपस्थिति पर डीएम ने रोका वेतन

■ समाज कल्याण अधिकारी को बैठक में बाहर भेजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोपेश्वर। जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने सोमवार को चमोली जिले के ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैण के आदर्श ग्राम सारकोट में किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को सारकोट का विजिट करते हुए निरीक्षण करने और विभाग से संबंधित लाभार्थियों का डाटा रखने के निर्देश दिए। उन्होंने खेल एवं युवा कल्याण विभाग को सारकोट प्राथमिक विद्यालय में वॉलीबॉल कोर्ट बनाने, सारकोट मन्दिर प्रांगण का सुधारीकरण करने और जिला आयुर्वेदिक अधिकारी को मंदिर प्रांगण में सप्ताह में दो दिन योग शिविर लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में अनुपस्थित रहने पर अर्थ संख्या अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने और पर्याप्त जानकारी न रखने पर समाज कल्याण अधिकारी को बैठक से बाहर जाने के निर्देश दिए। डीएम ने कृषि अधिकारी को नाबार्ड के माध्यम से एफपीओ बनाने और बजट की प्रत्याशा में एचडीपीई पाइप देने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि अधिकारी को सारकोट में जो मशरूम और फूलों की खेती की जा रही है उसका कितना मार्केट है, कितनी इन्वेसटमेंट की गयी है उससे कितनी आय प्राप्त हुई है और प्रति किसान की इनकम में कितनी बढ़ोतरी हुई है, आदि को लेकर रिर्पोट तैयार करने के निर्देश दिए। ग्रामीण निर्माण विभाग को सारकोट में एन्ट्री गेट बनाने की प्रक्रिया शुरू करने और सारकोट के सभी भवनों को एक ही रंग में रंगने के निर्देश दिए। डेयरी विभाग को सारकोट की महिलाओं का लाल कुआं और अल्मोड़ा दुग्ध संघ का एक्सपोजर विजिट कराने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग की ओर से तैयार किए सारकोट परवाडी पैदल मार्ग पर पुलिया निर्माण के प्रस्ताव को जिला पंचायत को भेजने के निर्देश दिए। आयुर्वेद, होम्योपैथी और एलोपैथी को कैंप लगाने और समाज कल्याण विभाग को दिव्यांगों को चिह्नित करने के निर्देश दिए। पंचायती राज विभाग को सीएससी के माध्यम से यूसीसी पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कृषि एवं उद्यान अधिकारी ने बताया कि सारकोट में 6400 मीटर चेनिंग फेंसिंग की गयी है, 16 पॉली हाउस लगाए गए हैं और पांच हेक्टेअर में हॉर्टिकल्चर की प्लांटेशन की गयी है। सहायक निदेशक डेयरी विभाग ने बताया कि विभाग की ओर से मिल्क कलेक्शन शुरू कर दिया गया है। पशुपालन विभाग की ओर से भी 16 यूनिट गायें दी गयी हैं। उरेडा विभाग की ओर से सोलर लाइट लगायी गयी हैं। बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अमृतसर ग्रेनेड हमले का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में ढेर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमृतसर। पंजाब के जिला अमृतसर में एक मंदिर पर ग्रेनेड हमले का एक आरोपी सोमवार को पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। मुठभेड़ में एक पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि विशेष खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर ने 15 मार्च, 2025 को अमृतसर के खंडवाला में ठाकुर द्वारा मंदिर पर ग्रेनेड हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को निर्णायक रूप से ट्रैक किया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत पुलिस थाना छेहरटा में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए प्रयासों से आरोपियों की पहचान हुई। डीजीपी ने बताया कि पुलिस टीमों ने राजसांसी में संदिग्धों का पता लगाया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पुलिस पार्टी पर गोली चलाई, जिसमें हेड कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह घायल हो गए और एक गोली इंस्पेक्टर अमोलक सिंह की पगड़ी में लगी। उन्होंने बताया कि आत्मरक्षा में कार्रवाई करते हुए, पुलिस पार्टी ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक आरोपी घायल हो गया। उसे सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उसकी मौत हो गई। अन्य आरोपी भाग गए और उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। डीजीपी यादव ने कहा कि पुलिस थाना एयरपोर्ट में एक नई प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि 15 मार्च की आधी रात के आसपास अमृतसर के खंडवाला मोटरसाइकिल पर आए दो अज्ञात हमलावर ने एक मंदिर पर विस्फोटक उपकरण फेंका, जिससे इसकी दीवार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और खिड़की के शीशे टूट गए।

# किसानों के मुद्दों पर 20 मार्च को जंतर मंतर पर भाकियू (अ) का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 20 मार्च को दिल्ली के जंतर मंतर पर 'किसान बचाओ, संविधान बचाओ' रैली निकालेगी। इस संबंध में यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिपाल अम्बावता ने जानकारी दी। पनियाला रोड स्थित प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौधरी के कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में भाकियू (अ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अम्बावता ने कहा कि रैली को लेकर वह और संगठन के पदाधिकारी हर राज्य में जा रहे हैं। किसानों को जागरूक करना संगठन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा किसानों को भूमि अधिग्रहण का मुआवजा नहीं मिला। दिल्ली में 13 महीने आंदोलन चला, जिसमें 750 किसान शहीद हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने एमएसपी लागू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन दो साल बाद भी कानून लागू नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार आज तक किसानों का बकाया भुगतान नहीं कर पाई है। सरकार को किसान के हित में पूरी तरह फ़ेल है। एक बार फिर किसान एकत्र होकर सड़क पर उतरेंगे। स्मार्ट मीटर को लेकर उन्होंने कहा कि यह किसानों के हित में नहीं है, इसका विरोध किसान कर रहा है। कहा कि इकबालपुर चीनी मिल पर तीन प्रदेशों के किसानों का बकाया है, लेकिन सरकार इसकी ओर ध्यान नहीं दे रही है। वहीं टोलटैक्स को लेकर उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से कहा था कि टोल प्लाजा के आसपास के लोगों से टैक्स नहीं लिया जाना चाहिए, लेकिन टोल कर्मी लोगों से अभद्रता पर उतारू हो जाते हैं।

# राजद के पास न पिछले 15 वर्षों की कोई उपलब्धि, न भविष्य का कोई विजन : उमेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार जनता दल यूनाईटेड (जदयू) अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर हमला करते हुये कहा कि उनके पास न पिछले 15 वर्षों की कोई उपलब्धि है और न भविष्य का कोई विजन है।

श्री कुशवाहा ने सोमवार को बयान जारी कर विपक्षी पार्टी राजद पर तीखा हमला करते हुये कहा कि उसके पास न तो पिछले 15 वर्षों की कोई ठोस उपलब्धि है और न ही भविष्य के लिए कोई स्पष्ट विजन। इसी हताशा में वे नकारात्मकता फैलाकर आम जनता को गुमराह करने की कोशिश में जुटे हैं, लेकिन बिहार की होशियार जनता उनके भ्रमजाल में नहीं फंसेगी। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार अब जंगलराज के खौफनाक दौर से निकलकर सुशासन और समृद्धि की राह पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बिहार विकास के नित-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, जिसे विकास विरोधी विपक्ष हजम नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव और चार विधानसभा सीटों पर हुए उप-चुनाव में जनता ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि राजद की नकारात्मक राजनीति किसी भी सूरत में सफल नहीं होगी। इसके बावजूद विपक्ष अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहा है। विपक्ष जनता की आंखों में धूल झोंकने की जितनी भी कोशिश कर ले, उन्हें कोई राजनीतिक फायदा नहीं मिलने वाला है। श्री कुशवाहा ने कहा कि हमारे नेता श्री कुमार का एकमात्र एजेंडा बिहार का विकास है और सरकार इसी लक्ष्य को लेकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। जबकि विपक्ष एन केन प्रकारेण सत्ता में आकर पुनः लूट, अपराध एवं भ्रष्टाचार का माहौल कायम करना चाहता है, उन्हें आम जनता के हितों से दूर-दूर तक कोई सरोकार नहीं है। समाजवाद का नकली मुखौटा लगाकर केवल अपने परिवार को आगे बढ़ाना राजद की पुरानी नीति रही है।

## विधानसभा में उठा जेपी सेनानियों की पेंशन का मुद्दा

**पटना।** बिहार विधानसभा में सोमवार को 1974 के जेपी आंदोलन के दौरान जेल जाने वाले उन लोगों को पेंशन देने का मामला उठाया गया, जिनके रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं हैं। बिहार के ऊर्ज़ा मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने सोमवार को विधानसभा में भोजनावकाश से पहले विधायक अजीत कुमार सिंह के तारांकित प्रश्न के उत्तर के दौरान स्वीकार किया कि वर्ष 1974 के आंदोलन के दौरान लोग जेल गए लेकिन उनके रिकॉर्ड जेल के पास उपलब्ध नहीं हैं। श्री सिंह ने इससे पहले अपने पूरक प्रश्न के माध्यम से सरकार से पूछा कि क्या वह उन आंदोलनकारियों को जेपी सेनानी पेंशन का भुगतान करेगी, जो आंदोलन के दौरान वारंट जारी होने के बाद भूमिगत हो गए थे। इस पर मंत्री ने बताया कि ऐसे मामलों में पेंशन दिये जाने का कोई प्रावधान नहीं है। विधायक ने अपने दूसरे पूरक के माध्यम से 74 लोगों की सूची के बारे में बताया जिन्हें आंदोलन के दौरान जेल भेजा गया था लेकिन जेलर की गलती के कारण उनका रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे सेनानियों को न तो कोई प्रशस्ति पत्र दिया गया है और न ही उन्हें पेंशन दी जा रही है। इस पर मंत्री ने अपने उत्तर को दोहराते हुए कहा कि जेपी सेनानियों को पेंशन नियमों और विनियमों के तहत ही दी जा रही है। बिहार के ऊर्ज़ा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने आज कहा कि मानव तस्करी की रोकथाम और त्वरित कार्रवाई के लिए हर जिले में मानव तस्करी रोकथाम इकाई गठित की गई है। श्री यादव ने विधानसभा में सोमवार को भोजनावकाश से पहले की बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सदस्य अमरेंद्र प्रताप सिंह के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन इस मुद्दे के प्रति संवेदनशील है और विशेष सावधानी बरत रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए हर जिले में मानव तस्करी रोकथाम इकाई गठित की गई है। श्री सिंह ने अपने पूरक प्रश्न के माध्यम से इस मुद्दे की संवेदनशीलता और गंभीरता का उल्लेख करते हुए ऐसी इकाइयों की उपलब्धियों के बारे में पूछा और कहा कि तस्करों द्वारा छोटे बच्चों को फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड और पश्चिम बंगाल सरकार ने ऐसे कई तस्करों को पकड़ा है और बिहार सरकार को झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के अपने समकक्षों के साथ मिलकर ऐसे तत्वों को गिरफ्तार करने का सुझाव दिया।

# प्रेमचंद के त्यागपत्र पर डोईवाला बाजार बंद

देहरादून। शहरी विकास एवं वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के त्यागपत्र देने के बाद मैदानी मूल के लोगों में नाराजगी है। सोमवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष के आह्वान पर डोईवाला के सभी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर चौक बाजार में एकत्रित हुए।कार्यक्रम का संचालन भीम गुप्ता ने किया। डोईवाला बाजार बंद होने की खबर लगते ही पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल व्यापारियों और जनता की बीच पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठान खोलने की अपील करते हुए कहा कि सबका साथ,सबका विकास और सबके सहयोग से उत्तराखंड प्रदेश को बनाने में सभी ने एक साथ मिलकर लड़ाई लड़ी है। देवभूमि की धरती पर सभी लोग संयम से काम ले,तभी उत्तराखंड का विकास संभव है। व्यापारियों से आग्रह करने के बाद वह ऋषिकेश के लिए रवाना हो गए। व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश वासन ने कहा कि उत्तराखंड में जिस तरह का माहौल बनाकर कुछ चंद लोग पहाड़-मैदान की गंदी राजनीति कर रहे हैं वह प्रदेश के लिए ठीक नहीं है।

# राज्य सरकार खून की होली खेल रही, दो दिन में हुई 22 हत्याएं : मुकेश रौशन

पटना। बिहार विधानसभा में बजट सत्र का 10 वां दिन सदन के बाहर और अंदर नीतीश सरकार के खिलाफ विपक्ष के आरोपों और हंगामे के साथ शुरू हुआ। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक मुकेश रौशन ने कहा कि सरकार खून की होली खेल रही है। राज्य में दो दिन में 22 हत्याएं हुई हैं। होली की छुट्टियों के बाद सोमवार से बिहार विधानसभा के बजट सत्र की फिर से शुरुआत हुई। सदन के बाहर विपक्षी सदस्यों ने कई मुद्दों पर नीतीश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यवाही शुरू होने के दौरान भी हाथों में पोस्टर लेकर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। राजद विधायक मुकेश रौशन ने 'बिहार में हर दिन हत्या, लूट, बलात्कार' लिखे पोस्टर लहराए। राज्य के अलग अलग जिलों में पुलिसवालों की हत्या पर सदन के बाहर विधायकों ने बड़ा हंगामा किया।

# बहादुरपुर जट गांव में दो पक्षों में खूनी संघर्ष गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। थाना पथरी क्षेत्र के बहादुरपुर जट गांव में रविवार रात दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। पुरानी रंजिश को लेकर ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। इस खूनी संघर्ष में पूर्व प्रधान विकास कुमार से जुड़े एक व्यक्ति राजन कुमार पुत्र गोपाल निवासी बहादरपुर जट की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे पक्ष जतिन चौधरी को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंची। पुलिस के आला अधिकारियों ने गांव पहुंचकर मोर्चा संभाला। तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। विदित हो कि गांव के पूर्व प्रधान विकास कुमार और जतिन चौधरी के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही है। करीब पांच महीने पूर्व दोनों पक्ष में विवाद हुआ था, जिसमें विकास कुमार ने जतिन चौधरी पर घर पर आकर फायरिंग का आरोप लगाया था। इस घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। रविवार रात जतिन चौधरी ज्वालापुर से बहादुरपुर जट अपने गांव लौट रहा था। रेलवे फाटक के पास दोनों पक्षों का आमना सामना हो गया। दोनों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई की गोलियां चलने लगी। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों ने कई राउंड फायरिंग की, जिसमें पूरा इलाका गोलियों की आवाज से गूंज उठा। विकास कुमार के पक्ष के राजन को गोली लग गई। जबकि जतिन चौधरी के पेट में गोली लगी। राजन को स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पथरी थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार के मुताबिक पथरी थाना क्षेत्र के जट बहादुरपुर गांव में दो गुटों में हुए खूनी संघर्ष के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए बिहार खो-खो टीम का सेलेक्शन ट्रायल 23 मार्च को पटना में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। खेलो इंडिया यूथ गेम्स -2025 में भाग लेने वाली बिहार बालक एवं बालिका खो-खो टीम के गठन के लिए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की देखरेख में खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वावधान में 23 मार्च को स्थानीय पाटलिपुत्र स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स में सेलेक्शन ट्रायल आयोजित किया जायेगा।

खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव नीरज कुमार पप्पू ने सोमवार को बताया कि ट्रायल सुबह आठ बजे से आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस सेलेक्शन ट्रायल में वैसे ही खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनकी जन्म तिथि एक जनवरी, 2007 के बाद हो। यह सेलेक्शन ट्रायल पूर्णतः निःशुल्क है। इसमें बिहार के सभी जिलों के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों को अपने साथ ऑरिजिनल जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं उसकी छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज का दो फोटोग्राफ लेकर आना अनिवार्य है। श्री पप्पू ने बताया कि सेलेक्शन ट्रायल में चयनित बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्र शंकरण के आदेशानुसार प्रशिक्षण शिविर लगाया जायेगा। ट्रेनिंग कैंप के बाद फाइनल टीम की घोषणा की जायेगी जो खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों को बेहतर ट्रेनिंग के लिए बिहार के बाहर से प्रशिक्षकों को बुलाया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के पदाधिकारीगण से संपर्क किया जा सकता है।

# अगस्त्यमुनि स्पोर्ट्स मैदान में फूलदेई महोत्सव का आयोजन


कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। रुद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनि स्पोर्ट्स मैदान में आज स्वीप और दस्तक पहाड़ के तत्वावधान में फूलदेई महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इसमें जनपद के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में मुख्य बाजार में घोघा माता की डोली यात्रा निकाली। कार्यक्रम के दौरान स्वीप टीम ने मतदान की महत्ता पर जोर देते हुए लोगों को आगामी पंचायत चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कार्यक्रम में हमारा कारवां पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऐश्वर्या रावत, अति विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत और नगर निगम श्रीनगर की मेयर आरती भंडारी मौजूद रहीं। सभी अतिथियों ने पर्वतीय संस्कृति को संजोने के लिए इस आयोजन की सराहना की और इसे एक महत्वपूर्ण पहल बताया। मुख्य अतिथि ऐश्वर्या रावत ने कहा कि फूलदेई महोत्सव हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता का जागरूक होना जरूरी है। इस महोत्सव के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना एक सकारात्मक पहल है। मैं सभी से अपील करता हूँ कि वे आगामी पंचायत चुनाव में अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। नगर निगम श्रीनगर की मेयर आरती भंडारी ने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराएँ हमें समाज से जोड़ती हैं और हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखती हैं। जनपद के यूथ आइकन लखपत सिंह राणा ने शानदार गीतों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में इंद्रासणी टीम जैली प्रथम रही, जबकि भावेश घोघा टीम दूसरे स्थान पर रही। वहीं, सीनियर वर्ग में अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज तैला की टीम प्रथम स्थान पर रही, जबकि गुरुकुल नेस पब्लिक स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। जबकि सर्वश्रेष्ठ गायन में राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुमड़ी विजेता रहा। इस दौरान आयोजक मंडल में दीपक बेंजवाल, हरीश गुसाईं, कालिका कांडपाल तथा प्रेस क्लब समिति के अध्यक्ष पत्रकार कुलदीप राणा आजाद मौजूद रहे।

## प्रेमचन्द्र के इस्तीफ़े पर मिठाई बांटने वालों की भाजपा नेता अशोक त्रिपाठी ने की भर्त्सना

**हरिद्वार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और जिला पंचायत के प्रथम अध्यक्ष रहे अशोक त्रिपाठी ने मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के इस्तीफ़े पर पहाड़ी महासभा द्वारा मिठाई बांटने की भर्त्सना की है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि राज्य को नुकसान प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा दिए बयानों से नहीं बल्कि ऐसे संगठनों और उनके लोगों से हो रहा है, जो क्षेत्रवाद में राज्य को बांट रहे हैं। उन्होंने मिठाई बांटने वाले लोगों पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहाड़वाद फैलाने वाले लोग तब कहां थे, जब अंकिता भंडारी मामले में उसके माता-पिता ने मैदानी मूल के एक भाजपा नेता को अपनी बेटी की हत्या का मुख्य कारण बताया था। यह नेता आज भी संगठन में जिम्मेदार पद पर बना हुआ है, लेकिन इस संवेदनशील मामले में ऐसे संगठनों को पहाड़वाद मैदानवाद नहीं दिखा, जबकि मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के राजनीतिक विषय में वह मैदानवाद ढूंढ रहे हैं। भाजपा नेता अशोक त्रिपाठी ने कहा कि पहाड़ के नेता जब मैदानों में उतरकर चुनाव लड़ते और जीतते हैं ऐसे संगठनों को तब पहाड़वाद क्यों याद नहीं आता। उन्होंने पहाड़ और मैदान की खाई बढ़ा रहे भाजपा के नेताओं पर भी सवाल उठाए हैं। उल्लेखनीय है कि हरिद्वार गंगा सभा के चार बार अध्यक्ष रहे व एक बार जिला पंचायत अध्यक्ष रहे अशोक त्रिपाठी अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाते हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063